# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 3 दिसंबर 2025



11 द. अफ्रीका पर श्रृंखला जीत के लिए....


विचार पेज

06 सुरक्षा कवच या निजता पर निगरानी


चार वर्ष बाद फिर से प्रत्यक्ष चुनाव के जरिए प्रत्यक्ष पद्धति से चुने जाएंगे अध्यक्ष, विधेयक को मिली मंजूरी

# नगरपालिका व नगर परिषदों में अब पार्षद नहीं, आम लोग चुन सकेंगे अपने अध्यक्ष

## अध्यक्ष बनने के तीन वर्ष बाद तीन चौथाई पार्षद रिकॉल के जरिए अध्यक्ष को हटा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के नगरपालिका व नगरपरिषदों में अभी तक चुने हुए वार्डों के पार्षद अपना अध्यक्ष चुनते थे, किंतु मंगलवार से यह व्यवस्था बदल गई है। अब अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष पद्धति यानी सीधे जनता के वोट से होगा। सरकार का मानना है कि इससे नपा व नप के अध्यक्ष और जवाबदेह होंगे। यह जनता के हित में है, और अनियमितताओं पर नियंत्रण लग सकेगा। अध्यक्ष बनने के तीन वर्ष बाद तीन चौथाई पार्षद रिकॉल के जरिए अध्यक्ष को हटा सकेंगे। अध्यक्ष को वापस बुलाने यानी रिकॉल के जरिए अध्यक्ष को वापस बुलाने की ऐसी प्रक्रिया तब तक शुरू नहीं होगी, जब तक कि निर्वाचित पार्षदों की कम से कम तीन चौथाई संख्या हटाने के लिए सहमत नहीं हो और वे प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करके कलेक्टर को प्रस्तुत करेंगे। मप्र विधानसभा ने मप्र


⏩ शेष पेज 4 पर


**2020 के पहले अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष पद्धति से वोट से होता था**



फाइल फोटो

### पहली बार किसी विधेयक पर सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों सहमत हुए

विधेयक पर चर्चा व मतदान में पहली बार सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों सहमत हुए। हालांकि, कुछ विपक्षी विधायकों ने सरकार से सवाल भी किए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, जयवर्धन सिंह, अभय मिश्रा, भवर सिंह शेखावत व लखन घनघोरिया ने सवाल किया कि क्या अब निकायों में भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा। भाजपा का यह चुनावी मॉडल है। टिकट बेचने का नया मॉडल है। बावजूद इसके दोनों


⏩ शेष पेज 4 पर ⏩ पढ़ें पेज 02 भी


कृषि मंत्री का हाथ पकड़कर इलाज के लिए अस्पताल ले जाते मंत्री सारंग



### कृषि मंत्री कंषाना सदन में अचेत होकर गिरे, अस्पताल पहुंचाया

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान अचानक कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना अचानक अचेत होकर अपने चेयर से गिर गए, हालांकि तत्काल साथ मंत्रियों ने उन्हें उठाया और मंत्री विश्वास सारंग ने अपने वाहन में बैठाकर निजी अस्पताल में पहुंचाया। कंषाना की तबीयत ठीक है। उधर, कंषाना के अचेत होकर गिरते ही विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र


⏩ शेष पेज 4 पर



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### सीबीएसई एग्जाम के लिए नई गाइडलाइंस



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं के प्रैक्टिकल एग्जाम 2026 के लिए एसओपी जारी कर दिए हैं। विंटर बाउंड स्कूलों में प्रैक्टिकल एग्जाम 6 नवंबर से 6 दिसंबर 2025 तक आयोजित किए जाएंगे, जबकि रेगुलर सेशन स्कूलों के लिए परीक्षा तिथियां 1 जनवरी से 14 फरवरी 2026 तय की गई हैं।

### इंस्टाग्राम की हर पोस्ट में सिर्फ 3 टैग!



**नई दिल्ली।** इंस्टाग्राम अपने प्लेटफॉर्म पर बड़ा बदलाव टेस्ट कर रहा है, जो पोस्ट करने और कंटेंट को ऑर्गेनाइज करने का तरीका बदल सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी हर पोस्ट में सिर्फ तीन हैशटैग जोड़ने की लिमिट पर काम कर रही है। यह 2011 से चले आ रहे पुराने सिस्टम में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

### अवध ओझा ने राजनीति से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** मशहूर कोचिंग टीचर और मोटिवेशनल स्पीकर अवध ओझा ने आम आदमी पार्टी (आप) से इस्तीफा दे दिया है। कुछ ही महीनों की राजनीतिक पारी के बाद, उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की। ओझा ने पोस्ट में लिखा राजनीति से संन्यास मेरा व्यक्तिगत निर्णय है।

मप्र में शिक्षा के क्षेत्र में 'नवाचार'

**अब स्कूलों में लगेंगी कॉलेज की कक्षाएं, बेहतर नतीजे वाले प्राचार्यों होंगे प्रोत्साहित**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा

# स्कूलों में अब 12 स्थानीय भाषाओं में भी होगी पढ़ाई

अब बघेलखंड में बघेली, बुंदेलखंड में बुंदेली और मालवा में मालवी भाषाओं में शिक्षा देने का प्रावधान किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार होने जा रहा है। पंजाब समेत कुछ अन्य राज्यों की तर्ज पर मप्र में भी नई शिक्षा नीति की प्रावधानों के अनुसार 12 स्थानीय भाषाओं में शिक्षा व्यवस्था की जा रही है। यानी अब बघेलखंड में बघेली, बुंदेलखंड में बुंदेली और मालवा में मालवी भाषाओं में शिक्षा देने का प्रावधान किया जा रहा है।

इसके साथ ही साथ सरकार एक भवन अनेक कक्षाएं की तर्ज पर एक विद्यालय भवन में शेष खाली समय में कॉलेज स्तर की कक्षाएं संचालित करने की व्यवस्था शुरू की जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने भवन एक कक्षा अनेक की तर्ज पर एक विद्यालय भवन में शेष खाली समय में महाविद्यालय की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था से एक ही कैंपस में स्कूल और महाविद्यालय दोनों की कक्षाएं शुरू होंगी। इसका लाभ छात्रों को तो मिलेगा ही साथ में ऐसे स्थान जहां भवन की समस्या आ रही है,


⏩ शेष पेज 4 पर


**सीएम ने कहा कि पढ़ाई का स्तर अच्छा होगा इसका लाभ छात्रों को मिलेगा**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों में अत्यधिक नामांकन होना चाहिए, पिछले वर्ष की तुलना में 120 प्रतिशत नामांकन हुए**



सीएम बैठक लेते हुए

### लैपटॉप के लाभार्थी विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने लैपटॉप के लाभार्थी विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। अभी मप्र में टॉपर छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देने की व्यवस्था सरकार विभिन्न योजनाओं में कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब पढ़ाई का स्तर अच्छी होगी, इसका लाभ छात्र-छात्राओं को मिलेगा। वे परीक्षाओं में टॉप करेंगे तो उन्हें लैपटॉप शासन की ओर से दी जा सकेगी। उन्होंने स्कूलों में नामांकन,


⏩ शेष पेज 4 पर


### ड्रॉप आउट रेट में कमी रेखांकित हुई

स्कूलों में ड्रॉप आउट रेट में काफी कमी देखी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे और कम करने की दिशा में प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ड्रॉप आउट का प्रतिशत अभी जिस तरह से कम हुआ है, इससे यह परिलक्षित होता है कि बच्चों की रुचि पढ़ाई लिखाई में बढ़ी है। प्राथमिक को माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के लिए अधोसंरचना विकास की जानकारी भी दी गई। इसमें नई स्थितियों की जानकारी बैठक में दी गई। सभी स्कूलों में


⏩ शेष पेज 4 पर


### शिक्षकों की उपस्थिति अब एप से ही होगी

मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित शिक्षकों की उपस्थिति की पड़ताल की गई। मुख्यमंत्री ने नई तकनीक संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे शिक्षक जो लगातार अनुपस्थित हैं, और उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं, इसकी जांच करें। इसमें यदि अनुपस्थित शिक्षक की बार-बार की लापरवाही प्रतीत होती है, तो इस पर त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए। हर स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग होनी चाहिए। जो शिक्षक एप में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं, पहले उन्हें प्रशिक्षित किया जाए, फिर उन्हें हिदायत दी जाए, इसके बाद भी यदि वे जानबूझकर एप में उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं, तो इसके लिए कड़े कदम उठाया जाए।

सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रही सरकार





फाइल फोटो

# पीएम कार्यालय अब 'सेवा तीर्थ' केंद्रीय सचिवालय कर्तव्य भवन

**राज्यों के राजभवन लोकभवन कहलाएंगे** | **पीएम कार्यालय जल्द ही नए कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट होगा**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पीएम कार्यालय (पीएमओ) का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। देश भर के राज्य भवन का नाम अब लोक भवन होगा। इसके अलावा केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन के नाम से जाना जाएगा। मंगलवार को यह जानकारी दी गई है। पीएमओ के अफसरों ने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रहे हैं। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक है। यह बदलाव छवि निर्माण नहीं बल्कि शासन की सोच में परिवर्तन का प्रतीक है- सत्ता, नियंत्रण और दूरी के पुराने संकेतों को हटाकर सेवा, कर्तव्य और जवाबदेही को केंद्र में लाना। पीएम कार्यालय जल्द ही नए कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट होगा। इस बिल्डिंग का नाम ही सेवा तीर्थ रखा गया है। नया कॉम्प्लेक्स, बनने के आखिरी चरण


⏩ शेष पेज 4 पर


### औपनिवेशक मानसिकता हटा रहे

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में हुई एक चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब लोक भवन और लोक निवास के नाम से जाना जाएगा। नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद से ही उपनिवेशकालीन शाही ठिकानों की छवि को बदलने की कोशिश जारी है। इसकी शुरुआत 2016 में हुई थी, जब पीएम मोदी ने अपने आवास का नाम 7, रेस कोर्स रोड से बदलकर


⏩ शेष पेज 4 पर


दिल्ली पहुंचा आईएएस संतोष वर्मा का विवादित बयान

# भोपाल सांसद ने की केंद्रीय कार्मिक मंत्री से शिकायत, अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर दिए गए विवादित बयान का मामला अब भोपाल से निकलकर सीधे दिल्ली के गलियारों तक पहुंच गया है। अजाक्स के नव-निर्वाचित अध्यक्ष और आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के विवादित बयान पर अब भोपाल से लेकर रीवा तक के सांसद सक्रिय हो गए हैं और केंद्र सरकार से सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के मंत्री जितेंद्र सिंह से मुलाकात


⏩ शेष पेज 4 पर


**■ रीवा सांसद मिश्रा भी कर चुके हैं शिकायत**



सांसद शर्मा और मंत्री जितेंद्र सिंह

### कारावास से लेकर अवमानना तक कई विवाद

सांसद मिश्रा ने अपनी शिकायत में यह भी उल्लेख किया कि आईएएस वर्मा का नाम पहले अदालत की अवमानना, अमर्यादित भाषा और सरकारी कार्य में बाधा जैसे मामलों में आ चुका है। इन प्रकरणों में उन्हें कारावास की सजा भी भुगतनी पड़ी थी। दोनों सांसदों का कहना है कि वर्मा का हालिया बयान एक पूरे वर्ग का अपमान है और संविधान द्वारा प्रदत्त समानता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है।

**इंसाफ के लिए आत्मघाती कदम उठाने की मजबूरी**

# कलेक्टर ऑफिस में किसान ने किया 'आत्मदाह' का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में शिकायत करने पहुंचे एक शिकायतकर्ता ने खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने का प्रयास किया। वहां पर मौजूद लोगों ने उससे पेट्रोल की बॉटल छीनते हुए बचाया। स्लीमनाबाद धुरी गांव निवासी भारत पटेल पिता हीरालाल पटेल अपने परिवार के साथ कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंचा था। उसका कहना था कि गांव के कुछ दबंग उसे प्रताड़ित कर रहे हैं।


⏩ शेष पेज 4 पर




पेट्रोल डालता किसान

### बुजुर्ग दंपती जहर लेकर जनसुनवाई में पहुंचे

## कहा- न्याय नहीं मिला तो सुसाइड कर लेंगे



बुजुर्ग दंपती अपनी तकलीफ बताते हुए

**विदिशा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की आमवाली कॉलोनी में रहने वाले एक बुजुर्ग दंपती मंगलवार को जनसुनवाई में जहर की पुड़िया लेकर पहुंचे। उन्होंने अपने छोटे बेटे और बहू पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया।


⏩ शेष पेज 4 पर


नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन एन्वायर्नमेंटल हेल्थ की रिपोर्ट से खुलासा

चौंकाने वाली खबर

**भोपाल गैस त्रासदी के 41 साल**

# तीसरी पीढ़ी के डीएनए में भी जहर, 3 गुना बढ़ीं विकृतियां एमआईसी जीनो टॉक्सिक, इसने क्रोमोसोम पर हमला किया

पीड़ित परिवारों में गर्भपात की दर ऊंची और शिशु मृत्यु दर भी सामान्य से कई गुना ज्यादा | पीड़ितों के बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास भी बेहद धीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

2 और 3 दिसंबर 1984 की दरमियानी वह भयावह रात आज भी भोपाल को डराती है, जब यूनियन कार्बाइड (यूसी) फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसाइनेट (एमआईसी-मिक) गैस रिसकर शहर की हवा में घुल गई थी। इस जहरीली गैस ने हजारों लोगों की जान तो तुरंत ले ली, लेकिन इसका दंश अब तीसरी पीढ़ी के रक्त व जीन तक पहुंच चुका है। औद्योगिक दुर्घटना के


⏩ शेष पेज 4 पर ⏩ पढ़ें पेज 03 भी




प्लांट जहां से गैस रिसी थी

### प्रभावित बच्चों का मेडिकल इंश्योरेंस तक नहीं

यूनियन कार्बाइड सैन डिएगो के वर्ष 2023 में हुए अध्ययन ने भी बताया गया है कि गर्भ में मिक के संपर्क में आए बच्चों में जीवन भर कैंसर का खतरा, विकलांगता और सीखने की क्षमता में कमी बनी रहती है। इससे हुई क्षति इतनी बड़ी है कि तीसरी पीढ़ी तक जीन की अस्थिरता कम नहीं हुई है। हमीदिया अस्पताल के पूर्व फोरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. डीके


⏩ शेष पेज 4 पर


### भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर सरकारी छुट्टी

भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर राज्य सरकार ने छुट्टी की घोषणा की। 3 दिसंबर को सभी स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। वहीं, मंगलवार की शाम को मोमबत्ती रैली निकालकर त्रासदी में जिन लोगों की मौत हुई उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बुधवार को सुबह साढ़े 10 बजे बरकतुल्लाह भवन में सभी धर्म के तहत प्रार्थना होगी। इस


⏩ शेष पेज 4 पर





अब तक 15 लाख 76 हजार 435 वोटर का डिजिटाइजेशन, जिसमें अनकल्टेबल शामिल

# साढ़े पांच लाख मतदाताओं के गणना पत्रक वापसी का इंतजार, नहीं आए तो वोटर लिस्ट से कट जाएगा नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के लिए 11 दिसंबर तक गणना पत्रकों को डिजिटाइज किया जाएगा। जिसके लिए बीएलओ गणना पत्रकों को भरवाकर उन्हें डिजिटाइज कर रहे हैं। अब तक जिले के 2029 बीएलओ ने 14 लाख 53 हजार 605 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज कर दिए हैं। इसके साथ एक लाख 22 हजार 830 मतदाता नहीं मिले हैं। ऐसे में इन मतदाताओं का नाम 16 दिसंबर को जारी होने वाले मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल में काट दिया जाएगा। इसके साथ 5 लाख 49 हजार 473 मतदाताओं के गणना पत्रक वापस नहीं मिले हैं। जिसको लेकर बीएलओ ने गणना पत्रक वापसी की जद्दोजहद तेज कर दी है। इनमें ऐसे मतदाता जो गणना पत्रक वापस नहीं करेंगे, तो उसका नाम भी लिस्ट से हटा दिया जाएगा।

गणना पत्रक वापस नहीं करने वालों में अधिकतर ऐसे मतदता हैं, जिनका नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नहीं है। इसके साथ इनके माता-पिता, दादा-दादी का नाम भी लिस्ट में नहीं है। जिसकी वजह से यह लोग गणना पत्रकों को वापस करने में देरी कर रहे हैं। ऐसे में बीएलओ लगातार इन मतदाताओं के संपर्क में बने हुए हैं।

माता-पिता, दादा-दादी का नाम भी लिस्ट में नहीं है

इन मतदाताओं के संपर्क में बने हुए हैं बीएलओ


फाइल फोटो।

### आठ सौ मतदाताओं ने ऑनलाइन भरे फार्म

एसआईआर में गणना पत्रकों को भरकर देने के साथ जिले में आठ सौ से अधिक मतदाता ऐसे भी हैं, जिन्होंने ऑनलाइन ही गणना पत्रक भर दिए हैं। इन पत्रकों को ऑनलाइन ही डिजिटाइज कर दिया जाएगा। इनमें ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने बीएलओ से गणना पत्रक ही नहीं लिए हैं।

### बंद मिल रहे मोबाइल नंबर

ऐसे मतदाता जो गणना पत्रक ले गए हैं, लेकिन वापस नहीं कर रहे हैं। ऐसे में इन लोगों के मोबाइल नंबर भी बंद आ रहे हैं, जिससे बीएलओ को गणना पत्रक वापसी में दिक्कत आ रही है। इसके साथ कई ऐसे मतदाता भी मिले हैं, जिन्होंने गणना पत्रक अधूरे भरे थे। ऐसे में इन लोगों के फार्म भी पूरे भरकर डिजिटाइज किए जा रहे हैं।

### निगम के 5 सहायक यंत्री और 70 उप यंत्री बीएलओ के सहायक के रूप में करेंगे काम

नगर निगम के 5 सहायक यंत्री और 70 उपयंत्री बीएलओ के सहायक के रूप में काम करेंगे। निगम आयुक्त ने सिविल के कामों में प्रगति नहीं होने पर उनकी बतौर सजा यह ड्यूटी लगाई है। हालांकि आदेश में सजा का उल्लेख नहीं है। दरअसल निगम आयुक्त बीते 15 दिन से सिविल इंजीनियरों से लगातार उनके क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और पूरे हो चुके कामों का लेखा-जोखा मांग रही थीं, लेकिन सिविल इंजीनियर यह जानकारी नहीं दे पा रहे थे। कमिश्नर ने निगम के 75 इंजीनियरों को एसआईआर का काम संभालने के लिए 4 दिसंबर तक के लिए ड्यूटी लगाई है। सभी इंजीनियरों को बीएलओ के अंडर में सहायक बनाया गया है। कमिश्नर ने अपना लैपटॉप साथ रखने और हर दो घंटे में रिपोर्टिंग करने को कहा है।

नगर निगम के इंजीनियर सालों से अपनी मनमर्जी से काम कर रहे थे। जब चाहते, फाइलें बनाते और पुरानी तारीखों में तैयार कर लेते। नई कमिश्नर संस्कृति जैन ने इंजीनियरों की मनमर्जी पर पूरी तरह लगाम लगा दी है। कमिश्नर इंजीनियरों से उनके इलाकों में चल रहे कामों की जानकारी मांग रही हैं जो उन्हें नहीं मिल पा रही है।

### इन इंजीनियरों की लगी है ड्यूटी

गोविंदपुरा विधानसभा में सहायक यंत्री तारा चंद पाठ्या, जेडए खान, अजय मालवीय, उपयंत्री अतुल द्विवेदी, प्रशांत पटेल, जोगेन्द्र सिंह, रूपांकन वर्मा, दीपक सोराड़ा, दीक्षा सूर्यवंशी, मीनल जैन, नीलम रजक, रवि सिंह, अंकित पटेल, जीएल चौधरी, अंकित शाक्य। हुजूर विधानसभा में उपयंत्री आदिति विश्वकर्मा, अमन शेखावत, अजय राजावत, अंकित रघुवंशी, अरविंद कुर्मी, चंदन पिपलाद, सुनील वर्मा, सचिन साहू, मानसी दीक्षित, उरूज कुरैशी, सत्यम सिंह, नवाब सिंह कनेरिया। मध्य विधानसभा में उपयंत्री सौरभ सूद, मयंक शर्मा, शीतल विश्वकर्मा, बबली शर्मा, सुमित सिंह, प्रियंका पाटीदार, कीर्ति तोमर, सुभकामना ठाकुर, स्वाति सिंह, कविता सोनी, अमर सिंह यादव, लोकेश टेलर। नरेला में उपयंत्री पवन मेहरा, अमन सिंह, श्रीकांत सराठे, जितेन्द्र गुप्ता आदि।

## भौम प्रदोष पर गुड़ के पानी से अभिषेक, बाबा बटेश्वर बने मंगलनाथ


बाबा बटेश्वर का भव्य श्रृंगार।

**भोपाल।** श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा भौम प्रदोष के अवसर पर मांगलिक दोष से पीड़ित जातकों से बाबा बटेश्वर का तांबे के लोटे में गुड़ घोल कर अभिषेक कराया गया। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया बड़ी संख्या में मांगलिक दोष से पीड़ित बालक- बालिकाओं ने प्रदोष काल में गुड़ को पानी में घोलकर तांबे के लोटे से बाबा बटेश्वर का अभिषेक कर पूजन किया। रात 9 बजे बाबा का गुलाबी रत्न एवं फूलों से दिव्य श्रृंगार कर महाआरती की गई। तो वहीं शीतलहर के चलते बाबा बटेश्वर को गुड़-तिल से बने व्यंजनों का भोग लगाया गया। इसके बाद सर्दी से बचाने के लिए अलाव भी जलाया गया।

### आरजीपीवी में कार्य परिषद की हुई बैठक

## आरजीपीवी में अनियमितताओं की जांच अब सीबीआई करेगी, कार्य परिषद ने लिया निर्णय

कार्य परिषद की बैठक में सीबीआई जांच का प्रस्ताव पारित

आर्थिक अनियमितता मामले में एबीवीपी ने ईसी का किया घेराव


आरजीपीवी के अधिकारियों से एबीवीपी ने की मुलाकात।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में लंबे समय से चल रहे आर्थिक अनियमितताओं की जांच अब सीबीआई के हवाले होगी। मंगलवार को आरजीपीवी में कार्य परिषद की बैठक में यह निर्णय प्रमुख से लिया गया है।

बैठक में आरजीपीवी में आर्थिक गड़बड़ियों की जांच सीबीआई से कराने के प्रस्ताव को पारित कर दिया गया है। इससे अब केंद्रीय जांच एजेंसी मामले की जांच करेगी। बैठक में अन्य कई प्रस्ताव भी रखे गए हैं, जिनमें से इस प्रस्ताव पर ईसी सदस्यों ने सहमति दर्ज कराते हुए पारित किया है। इस बीच एबीवीपी ने आरजीपीवी में पिछले 10 वर्षों से आर्थिक अनियमितताओं, वित्तीय अपारदर्शिता एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कार्यकारी परिषद के समक्ष एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस ज्ञापन में अभाविप ने विवि की वित्तीय गतिविधियों की केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई से निष्पक्ष एवं स्वतंत्र एवं जांच कराने की मांग रखी। कार्यकारी परिषद की बैठक में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा के बाद कार्यपरिषद ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया है। इसमें अब राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि में विगत 10 वर्षों की आर्थिक अनियमितताओं की जांच सीबीआई द्वारा कराई जाएगी।

### निर्णय का किया स्वागत

आरजीपीवी में आर्थिक अनियमितताओं की जांच सीबीआई से कराने के निर्णय को लेकर एबीवीपी ने इस निर्णय का स्वागत किया है। अभाविप की महानगर मंत्री कुण आरती ठाकुर ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि आरजीपीवी की पारदर्शिता, सुशासन और जनविश्वास को पुनरस्थापित करने के लिए यह कदम अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय में वर्षों से उठ रहे प्रश्नों का अब स्पष्ट समाधान संभव होने की आशा है। अभाविप ने यह भी कहा राज्य सरकार तत्काल इस पर संज्ञान ले और सीबीआई को संपूर्ण जांच की जिम्मेदारी दे।

### शाम करीब पांच बजे से रात साढ़े सात बजे तक वाहन चालकों को हुई परेशानी

## हमीदिया रोड से भारत टॉकीज तक तीन किमी का ढाई घंटे तक लगा रहा जाम, रेंगते रहे सात हजार से अधिक वाहन

एंबुलेंस भी फंसी, वाहनों की लगी लंबी कतार से लोग हुए परेशान


जाम का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को राजधानी के हमीदिया अस्पताल के सामने वाली मुख्य सड़क से भारत टॉकीज रोड तक करीब तीन किमी के एरिया में जाम लग गया। शाम करीब पांच बजे से रात साढे सात बजे तक यानी करीब ढ़ाई घंटे तक जाम लगा रहा है। इस दौरान करीब सात हजार से अधिक वाहन रैंगते नजर आए। इस दौरान दो एंबुलेंस भी फंस गई थी। हमीदिया अस्पताल से लेकर भारत टॉकीज रोड तक सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। वाहन चालकों के अनुसार कुछ देर पहले यहां से एक जुलूस निकलने की वजह से जाम की नौबत आई। तो वहीं इस रोड पर लगातार बढ़ रही अव्यवस्थित पार्किंग और सड़क किनारे बेतरतीब खड़े दोपहिया वाहनों के कारण हालात आए दिन इस तरह की स्थिति बन जाती है।

### भारत टॉकीज फ्लाईओवर पर ट्रैफिक किया डायवर्ट वहां भी लगा जाम

जाम की वजह से न सिर्फ अस्पताल के सामने वाली रोड ठप है, बल्कि आसपास की सड़कों- छोला रोड़,डीआईजी बंगला,नदरा बस स्टैंड सहित अन्य जगहों पर भी ट्रैफिक रेंग-रेंगकर चल रहा है। इस दौरान यातायात पुलिस की ओर से जाम से निजात दिलाने के लिए वाहनों को भारत टॉकीज से फ्लाईओवर की ओर से ट्रैफिक डायवर्ट किया। तो वहीं भी जाम के हालत बन गए। इसके चलते इस रोड पर भी घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही।

### ई-रिक्शा की वजह से लगता है जाम

हमीदिया अस्पताल सहित राजधानी के अहम 12 रूट पर करीब चार माह पहले ई-रिक्शा के संचालन पर रोक लगाई गई थी। उस समय प्रशासन की ओर से ई-रिक्शों को यहां पर खड़े होने की वजह बताकर रोक लगाई थी। लेकिन अब तक इसका पालन नहीं किया गया। ई-रिक्शों की नो-एंट्री सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह गई है। इसके चलते भी आए दिन जाम की स्थिति बन रही है।

### आज भी विरोध कर ट्रेनें चलाएंगे लोको पायलट

## भोपाल मंडल सहित पमरे जोन के 5500 लोको पायलट भूखे रहकर चला रहे ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे के लोको पायलट और सहायक लोको पायलटों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार से 48 घंटे की भूख हड़ताल शुरू कर दी है।

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के आव्हान पर 2 दिसंबर सुबह 10 बजे से 4 दिसंबर सुबह 10 बजे तक देशभर में 1 लाख 20 हजार लोको रनिंग स्टाफ बिना भोजन ड्यूटी करेगा। इस आंदोलन में पमरे जोन के 5500 लोको पायलट और सहायक लोको पायलट शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि यह विरोध शांतिपूर्ण किया जा रहा है। ट्रेन संचालन पर किसी तरह का असर नहीं पड़ा है, लेकिन उपवास के


फाइल फोटो।

दौरान स्वास्थ्य बिगड़ने पर अगर कोई लोको पायलट काम नहीं कर पाए, तो इसका असर ट्रेन संचालन पर पड़ सकता है। मध्य प्रदेश में यह आंदोलन कटनी, जबलपुर, सतना, सागर, बीना, भोपाल, इटारसी, गुना, कोटा और गंगापुर सिटी की क्रू लॉबी में शुरू हो गया है।

### ये हैं मुख्य मांगें

- ट्रैवलिंग अलाउंस में 25% बढ़ोतरी के अनुपात में माइलेज भत्ते में वृद्धि।
- किलोमीटर भत्ते का 70% आयकर मुक्त किया जाए।
- आवधिक विश्राम 46 घंटे (16+30) सुनिश्चित किया जाए।
- मेल-एक्सप्रेस में अधिकतम 6 घंटे और मालगाड़ी में 8 घंटे ड्यूटी का नियम लागू हो। लगातार दो रात से ज्यादा नाइट ड्यूटी न कराई जाए।
- 36 घंटे के भीतर मुख्यालय वापसी सुनिश्चित की जाए।
- महिला रनिंग स्टाफ की सुरक्षा और समस्याओं पर विशेष उपाय।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा को सारिका ने भेंट की एसआईआर जागरूकता गतिविधि की पेनड्राइव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मतदाता सूची के शुद्धिकरण विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए जागरूकता गतिविधियों की पेनड्राइव भारत निर्वाचन आयोग की स्वीप आइकॉन सारिका घारू ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा को भेंट की।

इस अवसर पर संजीव कुमार झा ने ने गणना पत्रक जमा करने अंतिम तिथि 11 दिसंबर तक बढ़ाए जाने के बाद स्वीप गतिविधियों के बारे में मार्गदर्शन दिया। सारिका ने बताया कि वे वीडियो, लोककला, पपेट के माध्यम से उन लोगों को प्रेरित कर रही है, जिन्होंने अभी तक भी अपने गणना पत्रक बीएलओ को नहीं दिए हैं। संजीव कुमार झा ने उन बिंदुओं पर जागरुकता की आवश्यकता बताई गई, जिनके द्वारा मतदाता सरलता से आवश्यकतानुसार फॉर्म 6, 7, व 8 के माध्यम से मतदाता सूची शुद्धिकरण में अपना योगदान दे सकते हैं।

### शिष्योपनयन एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

## विद्यार्थियों को पूर्ण रूप से अंगीकार करते हुए ज्ञानार्जन करना चाहिए: डॉ. मधुसूदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शिष्योपनयन संस्कार एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम में संबोधित करते वक्ता।

राजधानी के श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेस में नवप्रवेशित छात्र सत्र 2025-26 के शिष्योपनयन संस्कार एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 15 दिन एनसीआईएसएम के दिशा-निर्देश के अनुसार चलेगा।

इस अवधि में विद्यार्थियों को आयुर्वेद की उपयोगिता, पाठ्यक्रम की रूपरेखा एवं आयुर्वेद चिकित्सा से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के गुरु डॉ. मधुसूदन देशपांडे और नीमा छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मधुसूदन देशपांडे ने कहा कि विद्यार्थियों को आयुर्वेद को पूर्ण रूप से अंगीकार करते हुए ज्ञानार्जन करना चाहिए तथा भविष्य में उसी ज्ञान को समाज सेवा एवं चिकित्सा रूप में समर्पित करना चाहिए। डॉ. हरेंद्र भदौरिया ने नीमा संगठन की गतिविधियों एवं उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संगठन से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान परीक्षाओं में उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर डॉ. अरुण वानखेड़े एवं डॉ. भावना भाटिया द्वारा लिखित आयुर्वेद विषयक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। विद्यार्थियों को चरक शपथ प्राचार्य डॉ. अरुण वानखेड़े द्वारा दिलाई गई।

## 287 स्कूल, 31 गांवों को मिली तंबाकू से मुक्ति


तंबाकू मुक्त हुए गांव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत भोपाल जिले के 287 स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है। अभियान के तहत भोपाल के 400 विद्यालयों को तंबाकू मुक्त किए जाने का लक्ष्य दिया गया है। जिले के 31 गांव भी टोबेको फ्री किए जा चुके हैं। ये अभियान विशेष रूप से छात्रों और युवाओं को तंबाकू के दुष्परिणामों से जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियां कर छात्रों को तंबाकू से दूर रहने की शपथ दिलवाई जाती है। स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित करने के लिए विभिन्न नौ बिंदुओं पर 100 अंकों की स्कोरिंग की जाती है।

### डॉ. यादव से संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

कार्रवाई करने के लिए संतोष वर्मा को नोटिस दिया

## मुख्यमंत्री ने कहा: आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ सरकार जल्द करेगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर मंगलवार को कांग्रेस-भाजपा मंत्री, विधायक, कर्मचारी संगठन और ब्राह्मण समाज के संयुक्त प्रतिनिमंडल ने विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, भाजपा विधायक अभिलाष पांडे, सीतासरण शर्मा, रमेश मेंदोला, रीति पाठक, कर्मचारी मंच एवं मध्य प्रदेश सवर्ण अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे, ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष पुष्पेंद्र मिश्रा शामिल थे।


ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल के साथ सीएम डॉ. मोहन यादव।

**सरकार जल्द कार्रवाई करेगी: सीएम**

मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि आईएएस संतोष वर्मा की खिलाफ सरकार जल्द कार्रवाई करेगी। सरकार ने ही कार्रवाई करने के लिए संतोष वर्मा को नोटिस दिया ।

### पानी की बोतलें रेलवे से अप्रूव्ड नहीं थी

## कुशीनगर एक्सप्रेस में अवैध ब्रांड का पानी किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा ट्रेनों में बेहतर खानपान व्यवस्था की सुनिश्चिति करने के लिए नियमित औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को गाड़ी संख्या 22538 लोकमान्य तिलक-गोरखपुर कुशीनगर एक्सप्रेस के पेंट्रीकार का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पेंट्रीकार से लगे हुए थर्ड एसी के कोच संख्या बी-1 में अवैध ब्रांड की 84 पानी की बोतलें पकड़ी गईं। पकड़ी गई पानी की बोतलें रेलवे द्वारा अप्रूव्ड नहीं थी। खानपान निरीक्षक मेघा नागदेवे, मंडल


जब्त अवैध पानी।

वाणिज्य निरीक्षक विनोद वर्मा एवं स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य एके खरे द्वारा संयुक्त करवाई करते हुए अवैध पानी की सभी बोतलों को तुरंत जब्त किया गया। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य यात्रियों को शुद्ध, स्वीकृत एवं मानक पानी उपलब्ध कराना तथा रेल परिसर में अनाधिकृत बिक्री को रोकना है।


भोपाल
बुधवार, 3 दिसंबर 2025
अगहन मास शुक्ल पक्ष-13
वर्ष : 12, अंक : 243
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 13

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

केंद्रीय कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर

## पेंशन स्कीम के बदले नियम, बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए रिटायरमेंट प्लानिंग से जुड़ी अच्छी खबर है। अब एनपीएस और यूपीएसमें निवेश करने वाले कर्मचारियों को पैसे के निवेश पर कहीं ज्यादा कंट्रोल मिलेगा। पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ने निवेश विकल्पों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 कर दी है। अब सब्सक्राइबर्स बेहतर चुनाव कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### वैभव की तूफानी पारी, 61 गेंदों में बनाए 108 रन



**कोलकाता।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में बिहार के 14 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए क्रिकेट इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। महाराष्ट्र के खिलाफ खेले गए मैच में सूर्यवंशी ने सिर्फ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए और अपने करियर का तीसरा टी20 शतक जड़ दिया। वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।

### पूर्व सीएम येदियुरप्पा को सुप्रीम कोर्ट से राहत



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत चल रहे एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा हस्तक्षेप करते हुए ट्रायल पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कर्नाटक सीआईडी और निजी तौर पर अदालत पहुंचे याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया है।

### इंडिगो विमान की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग



**हैदराबाद।** बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद मंगलवार को इंडिगो की कुवैत-हैदराबाद उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे मुंबई हवाई अड्डे पर उतारा गया। विमान सुरक्षित रूप से मुंबई में उतारा गया। जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। मामले की जांच जारी है। धमकी भरे ईमेल में दावा किया गया था कि हैदराबाद में विमान के उतरने के बाद विस्फोटक उपकरणों से हमला करने की योजना बना रहे हैं।

### बैटिंग एप: ईडी ने एक्ट्रेस नेहा शर्मा से की पूछताछ



**नई दिल्ली।** मॉडल और अभिनेत्री नेहा शर्मा आनलाइन सट्टेबाजी मंच 1 एक्सबेट से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष मंगलवार को पेश हुईं। अधिकारियों ने बताया कि अभिनेत्री का बयान पीएमएलए के तहत दर्ज किया गया। इससे पहले इसी मामले में पूर्व क्रिकेटरों शिखर धवन और सुरेश रैना से पूछताछ के बाद उनकी 11.14 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की थी।

1908 में महात्मा गांधी ने किताब 'हिंद स्वराज' में लिखा था कि अंग्रेज हमेशा यही झूठा नैरेटिव फैलाते थे कि भारत पहले एक राष्ट्र नहीं था

# डॉ. भागवत ने कहा- देश प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक रूप से एकजुट रहा

एजेंसी ▶▶ नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि महात्मा गांधी ने अपने लेखन में साफ तौर पर बताया था कि अंग्रेजों ने भारत के बारे में यह झूठी कहानी फैलाई कि यहां उनके आने से पहले एकता नहीं थी।

डॉ. भागवत ने कहा कि ब्रिटिश शासन ने भारत की एकता और उसकी प्राचीन राष्ट्र अवधारणा पर संदेह पैदा करने की कोशिश की, जबकि देश प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक रूप से एकजुट रहा है। नागपुर में राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव में बोलते हुए डॉ. भागवत ने महात्मा गांधी की किताब 'हिंद स्वराज' का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 1908 में लिखी गई इस पुस्तक में गांधी ने स्पष्ट कहा था कि अंग्रेज हमेशा यही झूठा नैरेटिव फैलाते थे कि भारत पहले एक राष्ट्र नहीं था और इसे एक राष्ट्र बनने में सदियों लगेंगी। भागवत ने बताया कि गांधी के अनुसार भारत सांस्कृतिक रूप ▶▶ शेष पेज 4 पर

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत में राष्ट्रीयता शब्द का प्रयोग सही है, जबकि राष्ट्रवाद कई देशों में विनाशकारी साबित हुआ



डॉ. मोहन भागवत

भारत का राष्ट्रभाव अहंकार नहीं बल्कि आपसी जुड़ाव और सहअस्तित्व से जन्मा

### भारत की राष्ट्र अवधारणा पश्चिम से अलग

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत का राष्ट्र का विचार बहुत पुराना, नैसर्गिक और पश्चिमी नेशन-स्टेट मॉडल से बिलकुल अलग है। उन्होंने जोर दिया कि भारत की संस्कृति विवादों से दूर रहने और एकता को बढ़ावा देने वाली रही है। उनके अनुसार दुनिया के अन्य हिस्सों में संघर्ष और टकराव के बीच राष्ट्रवाद की अवधारणा विकसित हुई, लेकिन भारत में राष्ट्र की भावना लोगों, परंपराओं और प्रकृति के बीच गहरे संबंधों से बनी। डॉ. भागवत ने कहा कि भारत में राष्ट्रीयता शब्द का प्रयोग सही है, जबकि राष्ट्रवाद कई देशों में विनाशकारी साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक राष्ट्रीय गर्व ने दो विश्व युद्धों को जन्म दिया, इसलिए नेशनलिज्म शब्द ▶▶ शेष पेज 4 पर

### वसुधैव कुटुंबकम और वैश्वीकरण पर विचार

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत में वैश्वीकरण का विचार शुरू से ही मौजूद रहा है, जिसे वसुधैव कुटुंबकम कहा जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्वीकरण केवल भ्रम है और असली वैश्वीकरण अभी आना बाकी है, जिसे भारत आगे बढ़ाएगा। डॉ. भागवत ने कहा कि भारत वैश्विक बाजार नहीं बनाएगा, बल्कि पूरी दुनिया को एक परिवार की तरह जोड़ने का काम करेगा। उनके अनुसार भारत की सांस्कृतिक सोच ने हमेशा लोगों को जोड़ने का प्रयास किया है, न कि विभाजन का। युवा लेखकों से संवाद में डॉ. भागवत ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को रोका नहीं जा सकता, लेकिन मनुष्य को इसका मालिक बनकर रहना ▶▶ शेष पेज 4 पर

भारत सरकार के संचार साथी पर एप पर संग्राम !

# प्रियंका: यह जासूसी एप, सिंधिया ने कहा डाउनलोड करो या डिलीट, आपकी मर्जी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*दूरसंचार विभाग का निर्देश- अगले 90 दिनों के भीतर भारत में बनने या आने वाले सभी नए मोबाइल फोन में 'संचार साथी' एप पहले से इंस्टॉल होना चाहिए*

दूरसंचार विभाग ने मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनियों को निर्देश दिया है कि अगले 90 दिनों के भीतर भारत में बनने या आने वाले सभी नए मोबाइल फोन में 'संचार साथी' एप पहले से इंस्टॉल होना चाहिए।

यह एप धोखाधड़ी वाली कॉल, खोए फोन और आईएमईआई नंबर की जांच करने में मदद करता है। पहले से बिक रहे फोन में सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए यह एप इंस्टॉल किया जाएगा। कंपनियों को 120 दिन के भीतर बताना होगा कि उन्होंने इस नियम का पालन किया है। नियम तोड़ने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। भारत सरकार के दूरसंचार मंत्रालय ने एपल, सेमसंग, और जैमिन सहित बड़े मोबाइल निर्माताओं को एक आधिकारिक आदेश जारी किया है। एप्पल, आईफोन में इस सरकारी एप को प्रीलोड करने के आदेश का कड़ा विरोध करने की तैयारी में है। सभी डिवाइसेज में संचार साथी को अनिवार्य करने के आदेश के बाद से राजनीतिक बहस छिड़ गई है। विपक्षी दलों और प्राइवेसी समर्थकों ने इस आदेश की कड़ी आलोचना की है।

सिंधिया ने कहा- संचार साथी एप अनिवार्य नहीं, इससे कोई जासूसी नहीं



फाइल फोटो

- यह एप धोखाधड़ी वाली कॉल, खोए फोन और आईएमईआई नंबर की जांच करने में मदद करता है
- कंपनियों को 120 दिन के भीतर बताना होगा कि उन्होंने इस नियम का पालन किया
- एप्पल, आईफोन में इस सरकारी एप को प्रीलोड करने के आदेश का कड़ा विरोध करने की तैयारी में

### नागरिकों की निजता के अधिकार का उल्लंघन : प्रियंका



प्रियंका गांधी

कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए 'संचार साथी' एप को जासूसी एप करार दिया। प्रियंका ने कहा कि इस तरह का आदेश नागरिकों की निजता के अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने परिवार तथा दोस्तों को बिना डर के मैसेज भेजने का, बातचीत करने का अधिकार है। सरकार को हर बात देखना नहीं चाहिए। प्रियंका गांधी ने कहा कि वो इस देश को हर रूप में तानाशाही में बदलना ▶▶ शेष पेज 4 पर

### साइबर सुरक्षा के लिए जागरूकता जरूरी: सिंधिया



ज्योतिरादित्य सिंधिया

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सब कुछ स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा है कि संचार साथी एप को फोन में अनिवार्य नहीं किया जाएगा, बल्कि यह ऑप्शनल होगा। सिंधिया ने साइबर सुरक्षा का हवाला देते हुए कहा कि देश में हर कोई यह नहीं जानता कि उसे फ्रॉड से बचाने के लिए एक एप है, इसलिए जानकारी फैलाना जरूरी है। यह कस्टमर की सुरक्षा का मामला है। इसमें कुछ भी जरूरी नहीं है। अगर आप इसे रजिस्टर नहीं करना चाहते, तो न करें। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### लोकसभा में 9 और 10 दिसंबर को एसआईआर पर बहस होगी

केंद्र सरकार चुनाव सुधारों पर संसद में बहस कराने के लिए तैयार है, जहां हर राज्य के लिए आदेशित एसआईआर पर भी चर्चा होगी। चुनाव सुधार को लेकर लोकसभा में 9 और 10 दिसंबर को बहस होगी। इसके लिए 10 घंटे का समय आवंटित किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं की बैठक में मंगलवार को यह फैसला किया गया। शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में कल से कार्यवाही बिना किसी व्यवधान के चलाने पर भी सहमति बन गई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कमरे में हुई फ्लोर लीडर्स की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस दौरान कई दलों ने सदन की कार्यवाही को नियमित और गंभीर विषयों पर केंद्रित रखने पर सहमति जताई। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

हाईवे पर सफर अब होगा और सुरक्षित

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब मोबाइल पर मिलेंगे खतरे के लाइव अलर्ट



फाइल फोटो

*भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने रिलायंस जियो के साथ मिलकर एक नई मोबाइल-आधारित सेफ्टी अलर्ट प्रणाली विकसित की*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

काम की खबर

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने रिलायंस जियो के साथ मिलकर एक नई मोबाइल-आधारित सेफ्टी अलर्ट प्रणाली विकसित की है, जिसका उद्देश्य देशभर के हाईवे नेटवर्क पर यात्रा को अधिक सुरक्षित बनाना है। हाल ही में हुए समझौते (एमओयू) के तहत अब दुर्घटना-प्रवण इलाकों से लेकर कोहरे, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पायलट प्रोजेक्ट और देशभर में विस्तार की तैयारी

इस ऑटोमैटिक अलर्ट सिस्टम का पहला चरण कुछ चुने हुए एनएचएआई क्षेत्रीय कार्यालयों में पायलट रूप में शुरू होगा। इन ट्रायल्स से यह निर्धारित किया जाएगा कि कौन-से स्थान सबसे अधिक जोखिम वाले हैं और किस प्रकार के अलर्ट किस दूरी पर भेजने चाहिए। पहला चरण सफल होने के बाद ▶▶ शेष पेज 4 पर

जनगणना 2027: सामने आया शेड्यूल

# डिजिटल गिनती और जातियों की काउंटिंग, दो फेज में होगी

*पहला फेज अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच दूसरा फेज फरवरी 2027 में होगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




फाइल फोटो

जनगणना को दो फेज में कराने का निर्णय लिया गया है। पहले फेज अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच चलेगा। वहीं दूसरा फेज फरवरी 2027 में होगा। केंद्र सरकार ने यह जानकारी मंगलवार को लोकसभा में दी।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के एक सवाल के जवाब में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि पहले फेज में हाउज लिस्टिंग और हाउस सेंसस किया जाएगा, वहीं दूसरे फेज में पॉपुलेशन एन्यूमरेशन होगा। नित्यानंद राय ने कहा कि जनसंख्या की गिनती फरवरी 2027 में होगी। इसकी रेफरेंस तारीख 1 मार्च 2027 है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से ढके नॉन-सिंक्रोनस इलाकों व लद्दाख में जनगणना सितंबर 2026 में होगी, जिसकी रेफरेंस तारीख 1 अक्तूबर 2026 रखी गई है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना में जाति की गणना भी की जाएगी और जनगणना का पूरा प्रोसेस डिजिटल रहेगा। मोबाइल एप के जरिए डेटा एकट्ठा किया जाएगा और खुद से गिनती के लिए ऑनलाइन इंतजाम रहेगा। नित्यानंद राय ने कहा कि हर काम से पहले अलग-अलग मंत्रालयों, विभागों, संगठनों और जनगणना डेटा यूजर्स से मिले इनपुट और सुझावों के आधार पर जनगणना के सवालों की लिस्ट को फाइनल किया जाता है।

एलआईसी एलीट क्लब मेंबर चांडक का सम्मान

# वरिष्ठ मंडल प्रबंधक ने सौंपी मर्सिडीज कार की 'चाबी'

*नए अभिकर्ताओं को चांडक का संदेश- एलआईसी का काम कोई पार्ट टाइम जॉब नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

अगर आपके पास पैसा है, तो आप महंगी सी महंगी लग्जरी कार खरीद सकते हैं, लेकिन यही महंगी कार आपको आपके काम के पुरस्कार के रूप में मिले, तो उसका सुख एक अलग ही है, जो एक अवार्ड के रूप में माना जाता है। यह कारनामा कर दिखाया है, ग्वालियर के भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ताओं के शीर्ष क्लब मेंबर विजय चांडक ने। ग्वालियर में एलीट क्लब मेंबर के रूप में विजय चांडक को एक समारोह में लक्जरी मर्सिडीज कार भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक पीके वर्णवाल ने खुद चाबी देकर ▶▶ शेष पेज 4 पर



विजय चांडक को कार सौंपते हुए

एयर इंडिया की बड़ी लापरवाही

# बिना सेफ्टी सर्टिफिकेट के महीने भर उड़ता रहा विमान, कई स्टाफ सस्पेंड

कई बार उड़ाया 'अनफिट' विमान, मचा बवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

एयर इंडिया की एक बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। उसका एक विमान बिना सेफ्टी सर्टिफिकेट के ही महीने भर यात्रियों की जान जोखिम में डालकर उड़ान भरता रहा और मुसाफिरों लाता-ले जाता रहा। इस घटना का पता एयरलाइन के इंटरनल मॉनिटरिंग प्रोसेस ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एयरवर्थनेस रिव्यू सर्टिफिकेट जरूरी

कमर्शियल एयरक्राफ्ट ऑपरेशन के लिए एयरवर्थनेस रिव्यू सर्टिफिकेट ज़रूरी है, जो यह वेरिफाई करता है कि विमान लगातार इस्तेमाल के लिए सभी सेफ्टी और मेंटेनेंस की जरूरतों को पूरा करता है। यह सर्टिफिकेट, जो एक साल के लिए वैलिड है, एयरक्राफ्ट की कंडीशन और रिकॉर्ड्स की ▶▶ शेष पेज 4 पर

महाराष्ट्र के महेश का करिश्मा, पीएम ने की तारीफ

# 200 वर्षों बाद 'दंडकर्म पारायणम' मात्र 50 दिन में पूरा कर लिया

दुनिया में अभी तक तीन ही बार दंडकर्म पारायणम हुआ

*पीएम मोदी ने लिखा यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के अहिल्या नगर के रहने वाले देवव्रत महेश रेखे सुर्खियों में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ भी की है।

महेश रेखे ने शुक्ल यजुर्वेद माध्यदिन शाखा का अखंड एकाकी 'दंडकर्म पारायणम' मात्र 50 दिन में पूरा कर लिया। 200 वर्षों के बाद इस स्तर का पाठ पहली बार संपन्न हुआ है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- 19 वर्ष के देवव्रत महेश रेखे जी ने जो उपलब्धि हासिल की है, वो जानकर मन प्रफुल्लित हो गया है। उनकी ये सफलता हमारी आने वाली पीढ़ियों की प्रेरणा बनने वाली है। भारतीय संस्कृति में आस्था रखने वाले हर एक व्यक्ति को ये जानकर अच्छा लगेगा कि देवव्रत ने शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन शाखा के 2000 मंत्रों वाले 'दंडकर्म पारायणम' को 50 दिनों तक बिना किसी अवरोध के पूर्ण किया है। इसमें अनेक वैदिक ऋचाएं और पवित्रतम शब्द उल्लेखित हैं, जिन्हें उन्होंने पूर्ण शुद्धता के साथ उच्चारित किया। ये उपलब्धि हमारी गुरु परंपरा का ▶▶ शेष पेज 4 पर



महेश रेखे

बारिश के बाद अब ठंड के पैटर्न में भी बड़ा बदलाव, पश्चिमी विक्षोभ लंबे खिंच रहे

# खिसक रहा है मौसम का चक्र....दिसंबर की सर्दी नवंबर में ही पड़ी, दिसंबर में पड़ने वाला कोहरा अब तक गायब

पश्चिमी विक्षोभ आने पर पहाड़ों पर बर्फबारी तो हो रही है, लेकिन बारिश गायब

संजीव सक्सेना ▶▶ भोपाल

अलग खबर

राजधानी सहित प्रदेशभर में इस साल मौसम हर सीजन में अलग रंग दिखा रहा है। पहले बारिश के पैटर्न में बदलाव देखा गया था, अब ठंड के पैटर्न में बदलाव देखा जा रहा है। इससे इस साल सर्दी का दौर लंबा चलेगा। यह प्रदेश में मौसम के इतिहास का यह पहला अवसर है, जब पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) सक्रिय रहते हुए ही प्रदेश में सर्दी तेजी से बढ़ रही है। पश्चिमी विक्षोभ आने पर पहाड़ों पर बर्फबारी तो ▶▶ शेष पेज 4 पर



सुबह सर्दी से बचने गर्म कपड़े का सहारा, सागर स्कूल के पास का दृश्य

### केवल ठंडक का ही असर

ठंड के सीजन में नवंबर से दिसंबर के बीच आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ के आने पर बर्फबारी के साथ बारिश के एक-दो दौर भी होते हैं। डब्ल्यूडी के जाने के बाद सर्दी बहुत तेजी से बढ़ती है, और यह क्रम कुछ दिन चलता है। बारिश के समय कोहरा और ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अब तक 5 पश्चिमी विक्षोभ लगातार आए

अब तक इस सीजन में कुल पांच पश्चिमी विक्षोभ आ चुके हैं। छठवां 5 दिसंबर को आ रहा है। इन पांचों डब्ल्यूडी में केवल नवंबर के अंत में आए पश्चिमी विक्षोभ प्रभावी रहा है। शेष चार कमजोर ▶▶ शेष पेज 4 पर

4000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया

# विधानसभा में 13,400 करोड़ रुपए का द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत

## राजस्व मद में 8,448 करोड़ रुपए का किया प्रावधान

## अनुपूरक बजट में पूंजीगत मद में 5,028 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया




हरिभूमि न्यूज . भोपाल

मप्र विधानसभा में मंगलवार को द्वितीय अनुपूरक बजट वर्ष 2025-26 के लिए कुल 13,476 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत कर दिया गया। इसमें राजस्व मद में 8,448 करोड़ रुपए तथा पूंजीगत मद में 5,028 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सबसे अधिक राशि ग्रामीण विकास विभाग में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए रखा गया है। इसमें 4000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

अनुपूरक बजट में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को उपार्जन संस्थाओं को ऋण के लिए पूंजीगत मत से 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। महिला एवं बाल विकास के तहत राजस्व मद में मुख्यमंत्री लाड़ली बहन योजना-2023 में कुल 1794 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी तरह पंचायत विभाग में 15वीं वित्त आयोग के अनुशंसा के अनुसार स्थानीय निकायों को अनुदान राशि 1633 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। इसी तरह बाकी विभागों के लिए भी राशि आवंटित की गई है।


विधानसभा में प्रवेश करते मंत्री विश्वास सारंग।

विधानसभा में पारित द्वितीय अनुपूरक बजट के प्रावधानों के अनुसार किसान कल्याण तक कृषि विकास विभाग के तहत राजस्व मद में भावांतर और फ्लैट रेट योजना के लिए करीब 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जल संसाधन विभाग के तहत पूंजीगत मद तथा संलग्न कार्य के लिए कुल 300 करोड़ रुपए का प्रावधान क्लस्टर क्रमांक 2 के लिए 63 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

सरकार ने लोक निर्माण विभाग में भू-अर्जन के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान द्वितीय अनुपूरक बजट में किया गया है। जबकि नगरी विकास एवं आवास विभाग के तहत पूंजीगत मद में अटल मिशन का रिज्यूरेशन अमृत 2.0 के लिए 115 करोड़ रुपए तथा एक लाख से कम जनसंख्या के शहर अमृत 2.0 के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान भी अनुपूरक बजट में किया गया है। सरकार ने स्कूल शिक्षा विभाग के तहत पीएम जनमन समग्र शिक्षा के लिए 122 करोड़ रुपए तथा धरती आवा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए 108 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

## अतीक ने कहा, अनुशंसाओं पर क्या किया, नहीं बता रहे विभाग, सीएम बोले- अनुशंसाओं पर कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की जा रही

लोकायुक्त संगठन की अनुशंसाओं पर सरकारी विभागों ने क्या कार्यवाही की है। इसकी जानकारी विभाग नहीं बता रहे है। इसके चलते लोकायुक्त संगठन के वर्ष 2015 से 2023 तक के नौ साल के वार्षिक प्रतिवेदन विधानसभा में पेश नहीं हो पाए है। वर्ष 23-24 का प्रतिवेदन सरकार को प्राप्त हो चुका है लेकिन इसमें उल्लेखित अनुशंसाओं पर कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की जा रही है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस विधायक आतिफ अकील के सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी है। अतीफ ने पूछा था कि विधानसभा सचिवालय ने 2 जुलाई 2024 को विधानसभा में अतारांकित प्रश्न 741 के जवाब में बताया था कि लोकायुक्त संगठन के वार्षिक प्रतिवेदन 3 से 41 जो कि वर्ष 2015-16 से वर्ष 2022-23 के बीच के है उनके शासन को प्राप्त होने की जानकारी दी गई थी। ये प्रतिवेदन विधानसभा में पटल पर क्यों नहीं रखे गए हैं। कब तक इन्हें विधानसभा में पटल पर रखा जाएगा। इसमें देरी के लिए कौन उत्तरदायी है। जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि विभागों से जांच प्रतिवेदन में उल्लेखित अनुशंसाओं पर कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की जाती है।



संबंधित विभागों से उल्लेखित अनुशंसाओं से संबंधित विभागों से जानकारी नहीं दी गई है। जानकारी मिलने पर शीघ्र ही इन्हें पटल पर रखा जाएगा। वर्ष 23-24 का वार्षिक प्रतिवेदन भी प्राप्त हो चुका है। इसमें अनुशंसाओं पर की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की जा रही है। जानकारी मिलने के बाद इसे भी पटल पर रखा जाएगा।

## विधानसभा में उठी वीआईटी विश्वविद्यालय पर कड़ी कार्रवाई की मांग, मंत्री परमार बोले- सात दिन के अंदर होगी कार्रवाई

मध्यप्रदेश विधानसभा में मंगलवार को ध्यानाकर्षण के माध्यम से उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, विधायक दिनेश जैन 'बॉस' और विधायक महेश परमार ने वीआईटी विश्वविद्यालय सीहोर में 25 नवंबर को हुए घटनाक्रम, विश्वविद्यालय प्रशासन की तानाशाही और अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाए। विधायक हेमंत कटारे ने सदन में कहा कि देशभर में विभिन्न देशों के बाद भारत का पहला जेन-जी आंदोलन वीआईटी विश्वविद्यालय में हुआ, लेकिन सरकार ने कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई। उन्होंने मांग की कि इस संबंध में तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। परिसर में बिना किसी अनुमति के क्लीनिक संचालित किया जा रहा था, जो क्लीनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट का खुला उल्लंघन है।



### विश्वविद्यालय में कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईः परमार

कांग्रेस विधायक महेश परमार ने विश्वविद्यालय में हनुमान चालीसा का पाठ करने पर छात्रों को दंडित करने जैसे घटनाक्रम को बेहद आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि यह सांस्कृतिक स्वतंत्रता और संविधान सम्मत अधिकारों का उल्लंघन है। ध्यानाकर्षण का उत्तर देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने स्वीकार किया कि वीआईटी विश्वविद्यालय में कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को भेजे गए कारण बताओ नोटिस का उद्देश्य ही यह है कि आवश्यकता पड़ने पर सरकार विश्वविद्यालय को अपने नियंत्रण में लेकर कठोर कार्रवाई कर सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि सात दिनों के भीतर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## मप्र में पांच साल में बनी 2 हजार 550 बालिका 'बहू': मंत्री निर्मला

मध्य प्रदेश में साल दर साल बाल विवाह के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। विधानसभा में पेश किए गए आंकड़ों से खुलासा हुआ है कि वर्ष 2020 से 2025 के बीच हर साल बाल विवाह के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बीते पांच साल में दो हजार पांच सौ पचास बालिका 'बहू' बनी हैं। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह के प्रश्न के जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने यह जानकारी सदन में दी। जयवर्धन सिंह ने बताया कि सरकार के जवाब के अनुसार साल 2020 से 2025 तक बाल विवाह के मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि प्रदेश में बाल विवाह प्रतिबंधित है। पांच वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि सरकार इस मुद्दे को लेकर उदासीन है।



### हर साल बाल विवाह के 400 से ज्यादा केस हुए दर्ज

जयवर्धन सिंह ने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग हर साल करोड़ों रुपए खर्च करता है, फिर भी वर्ष 2020 से 2025 तक औसतन 400 से अधिक मामले प्रतिवर्ष दर्ज हुए हैं। विधायक ने मंत्री से जिलेवार और वर्षवार आंकड़े, साथ ही यह जानकारी भी मांगी कि कितनी नाबालिग लड़कियों ने विवाह के बाद बच्चों को जन्म दिया और उनमें से कितने बच्चों की मृत्यु हुई।



## 13 विभागों की मैं करूंगा समीक्षा कोई एक मंत्री खुद को ईमानदार बताएं, कराएंगे अभिनंदनः जीतू

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विभिन्न मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा कर रहे हैं। इस पर राजनैतिक सरगर्मी बढ़ गई है। सीएम द्वारा विभागों की समीक्षा बैठक लेने पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी भी सक्रिय हुए और राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम सहित करीब एक दर्जन मंत्रियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए पूछा कि क्या सीएम डॉ. मोहन यादव संबंधित मंत्रियों से इस्तीफा लेंगे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि स्वास्थ विभाग, कृषि विभाग, परिवहन विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा विभाग, सहकारिता विभाग और स्वास्थ विभाग के मंत्रियों पर कई गंभीर आरोप हैं। क्या सीएम उनसे इस्तीफा लेंगे। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि राज्य में सड़क और पुल धंस रहे हैं, क्या सीएम पीडब्ल्यूडी मंत्री का इस्तीफा लेंगे। जीतू ने कहा कि कैबिनेट में कोई भी मंत्री यह कह दे कि मैं ईमानदार हूं तो मैं उनका नागरिक अभिनंदन करूंगा।



## कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन पर बोले विधायक रामेश्वरः पाकिस्तान की भाषा बोलती है कांग्रेस

भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस के प्रदर्शन को नौटंकी बताते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस बेवजह आरोप लगा रही है, जबकि यह पूरी प्रक्रिया चुनाव आयोग संचालित कर रहा है। रामेश्वर ने कहा कि कांग्रेस का एक ही मत बन गया है जो स्टेटमेंट पाकिस्तान में दिया जाता है, दूसरा दिन वही राहुल गांधी भारत में दे देते हैं या जो राहुल गांधी यहां कहते हैं, दूसरे दिन वही पाकिस्तान में कहा जाता है। कुल मिलाकर कांग्रेस पाकिस्तान की भाषा बोल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी लोकतंत्र और संविधानिक संस्थाओं को लगातार कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। रामेश्वर शर्मा ने किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदर्शन को भी दिखावटी करार दिया। उन्होंने कहा कांग्रेस अपना चेहरा हिंदुस्तान को नहीं दिखा सकती। गांवों में सड़कें भाजपा के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पहुंचाई। रामेश्वर ने कहा कि देश के करोड़ों किसानों को सम्मान निधि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी।



## किसानों के मुद्दे पर चिड़िया चुग गई खेत का मॉडल लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन


विधानसभा में विरोध प्रदर्शन करते नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और कांग्रेस विधायक।

शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन कांग्रेस विधायक खेतों में फसलों की स्थिति को दर्शाती तख्तियां लेकर विधानसभा पहुंचे। मुरैना से कांग्रेस विधायक दिनेश गुर्जर ने कहा कि सरकार किसानों के खेतों पर डाका डाल रही है। कर्जा माफ नहीं किया, बिजली नहीं दी, 1 रुपए का कर्जा माफ नहीं किया, फसलों के दाम नहीं मिले। फसल बीमा के नाम पर दो सौ, चार सौ रुपए दिए जाते हैं, ये मध्य प्रदेश का दुर्भाग्य है। हमारी मांग है कि किसानों को फसलों का मुआवजा दिया जाए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश का किसान कभी खाद के लिए, कभी खरीदी के उचित मूल्य के लिए और कभी मुआवजे के लिए दर-दर भटक रहा है। अन्नदाता आज मजबूर होकर सड़क पर संघर्ष कर रहा है, जबकि सत्ताधारी केवल भावांतर का झुनझुना बजाते रहे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा न कर पाना भाजपा सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। किसानों के खेत भाजपा सरकार रूपी चिड़िया पहले ही साफ कर चुकी है।

## अब थानों और चौराहों पर लगे क्यूआर कोड से दर्ज होंगी शिकायतें, पुलिस कमिश्नर मिश्र रोजाना करेंगे मॉनिटरिंग


नागरिकों की सुरक्षा के लिए क्यूआर कोड योजना शुरू करते भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र और पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज भोपाल

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पुलिस आयुक्त प्रणाली को और अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए नगरीय पुलिस ने बड़ी तकनीकी पहल की है। शहर के सभी थानों और प्रमुख चौकियों पर अब बड़े आकार के क्यूआर कोड बोर्ड लगाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से नागरिक सीधे पुलिस कमिश्नर कार्यालय तक अपनी शिकायत पहुंचा सकेंगे।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यदि किसी नागरिक को थाने में शिकायत दर्ज कराने, एफआईआर लिखवाने या किसी भी पुलिस कर्मचारी से व्यवहार संबंधी समस्या होती है, तो वह थाने पर लगे क्यूआर कोड को मोबाइल से स्कैन कर तुरंत शिकायत ऑनलाइन भेज सकेगा। शिकायत दर्ज होते ही वह सीधे पुलिस कमिश्नर कार्यालय में पहुंच जाएगी और पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र स्वयं रोजाना इन शिकायतों की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही भोपाल की यातायात पुलिस ने भी शहर में क्यूआर कोड आधारित फीडबैक और शिकायत प्रणाली शुरू की है। शहर के चौराहों, तिराहों और रास्तों पर यातायात से जुड़ी समस्याएं, अव्यवस्थाएं या सुझाव भी नागरिक दफ कोड स्कैन कर सीधे भेज सकेंगे। इससे जनता सुरक्षा को लेकर आश्वस्त हो सकेगी।

*सीपी मिश्र बोले - यदि कोई थाना प्रभारी निर्धारित समय में शिकायत का समाधान नहीं करता, तो जवाबदेही तय की जाएगी*

### थाना प्रभारियों पर बढ़ेगी जिम्मेदारी

हरिनारायणचारी मिश्र ने बताया कि क्यू कोड के माध्यम से दर्ज शिकायतों की नियमित ट्रैकिंग की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि यदि कोई थाना प्रभारी निर्धारित समय में शिकायत का समाधान नहीं करता, तो उसकी जवाबदेही तय की जाएगी। इस व्यवस्था से नागरिकों को बिना किसी बाधा के सीधे पुलिस कमिश्नर मिश्र तक पहुंचने का अवसर मिलेगा और थानों की जवाबदेही भी मजबूत होगी।

### सुगम, पारदर्शी और जवाबदेह सिस्टम


नगरीय पुलिस ने कहा कि क्यूआर कोड प्रणाली पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक त्वरित, पारदर्शी और सुलभ बनाने का महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे समस्याओं और सुझावों को साझा करने में सहयोग दें, ताकि कानून-व्यवस्था और सेवा का स्तर और बेहतर किया जा सके।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री ने भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर दुर्घटना में हताहत हुए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रभावित परिवारों के सदस्यों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

खण्डेलवाल ने 41 वर्ष पूर्व हुई गैस त्रासदी में काल कवलित हुए लोगों के प्रति संवेदनाएं एवं दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस भीषण त्रासदी में हजारों निर्दोष लोग असमय काल के गाल में समा गए थे। इस त्रासदी की पीड़ादायक स्मृतियां हमारे अंतर्मन को झकझोरने वाली हैं। भोपाल गैस त्रासदी दुनिया की सबसे भयावह औद्योगिक दुर्घटनाओं में से एक है। आज भी भोपाल के लोग इस त्रासदी का दंश झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1984 के 2 और 3 दिसंबर की दरमियानी रात यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस रिसने से 15 हजार से अधिक लोग मौत की नींद सो गए थे और लाखों नागरिक जहरीली गैस से प्रभावित होकर प्राणघातक बीमारियों के शिकार हुए थे। खण्डेलवाल ने कहा कि यह गैस त्रासदी प्रत्यक्ष तौर पर हजारों लोगों की मौत की जिम्मेदार है। इस त्रासदी की वजह से हजारों लोग आज भी बीमारी से जूझ रहे हैं। इस तरह की दुर्घटनाएं फिर न हों, इसके लिए सतर्कतामूलक प्रयास जरूरी हैं।





सिंह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद

## मंत्री होने के नाते हर कार्यकर्ता की समस्या का समाधान करना हमारा दायित्व : मंत्री राकेश

हरिभूमि न्यूज भोपाल

मप्र शासन के मंत्री राकेश सिंह एवं दिलीप अहिरवार ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में दोपहर 1 से 3 बजे तक कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का त्वरित समाधान नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया है।

कार्यकर्ताओं से संवाद एवं समन्वय के बाद मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि चाहे सरकार में मंत्री हों या जनप्रतिनिधि, सभी मूल रूप से भाजपा कार्यकर्ता हैं। शासन में बैठे कार्यकर्ताओं का यह दायित्व बनता है कि वह संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से संवाद करें। मंत्री होने के नाते, हर कार्यकर्ता की समस्या का समाधान करना हमारा दायित्व है।



### कामों को शीघ्रता से निपटाने में सहायक होगी यह व्यवस्था

मंत्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कार्यकर्ताओं से संवाद कर क्षेत्र की जनसमस्याओं को आसानी से समाधान के लिए मंत्रियों की भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार से शुक्रवार तक बैठक व्यवस्था की है। सभी मंत्रियों के लिए अलग-अलग दिन तय किए गए हैं, जिनमें वे प्रतिदिन 2 घंटे कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और उनके जनसमस्याओं का निराकरण करना है।

## अर्ध शहरी एवं ग्राम पंचायतों के विकास के लिए बनाई जाए कार्ययोजना

सीएम डॉ. मोहन ने बैठक में की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

# समग्र ग्राम विकास की अवधारणा के अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन करें सुनिश्चितः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्राम विकास से संबंधित सभी विभाग समग्र ग्राम विकास की अवधारणा के अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। अर्ध शहरी एवं बड़ी ग्राम पंचायतों को सशक्त करते हुए उनके विकास के लिए कार्ययोजना बनाई जाए और उस पर अमल किया जाए। डॉ. यादव विधानसभा स्थित समिति कक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की उपलब्धियों और प्राथमिकताओं पर बैठक को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर महात्मा गांधी नरेगा, पंचायतराज, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण, मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की 2 वर्ष की उपलब्धियों और नवाचारों का प्रेजेंटेशन किया गया तथा आगामी कार्ययोजना के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्य मंत्री राधा सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन आदि मौजूद रहे।

**दो वर्ष की उपलब्धियों का प्रेजेंटेशन, आगामी कार्य योजना संबंधी दिए निर्देश**


पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक में निर्देश देते सीएम डॉ. मोहन यादव। बैठक में मंत्री प्रह्लाद पटेल व राज्य मंत्री राधा सिंह भी मौजूद रहे।

### योजनाओं का समन्वित रूप से क्रियान्वयन किया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ ही कृषि, सहकारिता, मत्स्य पालन तथा ग्राम विकास से संबंधित अन्य विभागों को सम्मिलित करते हुए समग्र ग्राम विकास की अवधारणा के अनुसार योजनाओं का समन्वित रूप से क्रियान्वयन किया जाए। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना को गति देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अर्ध शहरी एवं बड़ी ग्राम पंचायतों को सशक्त करते हुए उनके विकास के लिए कार्य योजना बनाई जाए तथा नगरीय निकायों के मध्य विद्यमान पंचायतें परस्पर समन्वय से सड़कें तथा अन्य आवश्यक अधोसंरचनाएं विकसित करें।

### विकास की मुख्य धारा में विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्राम स्तर पर रोजगार सृजन, स्वच्छता और ग्रामों को सड़कों के माध्यम से विकास की मुख्य धारा में जोड़ने में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह गतिविधियां आम आदमी के जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुसार वर्ष 2047 तक विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में इस विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों और योजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन तथा अनुवीक्षण में सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी अद्यतन तकनीकों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए।

### बैठक में बताई गई तीन वर्षों की कार्य योजना

- स्वीकृत गतिविधियों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाएगा।
- आत्मनिर्भर पंचायत की दिशा में पंचायतों के आय के स्त्रोत बढ़ाने के लिए प्रयास होंगे।
- मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना के तहत चयनित प्रत्येक ग्राम को मॉडल ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा।
- अर्ध शहरी एवं बड़ी ग्राम पंचायतों के व्यवस्थित विकास के लिए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत नियमों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलोनियों के रजिस्ट्रेशन एवं विकास की अनुमति केन्द्रीकृत ऑनलाइन व्यवस्था पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।
- ग्रामों में सुगम आवागमन के लिए दोहरी संपर्कता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुगम संपर्कता परियोजना का क्रियान्वयन किया जाएगा।
- यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी के समस्त बच्चों और कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों को पौष्टिक नाश्ते की व्यवस्था के लिए कार्यवाही की जा रही है।
- सांदीपनि शालाओं में स्व-सहायता समूहों के माध्यम से मेकेनाईज्ड किचिन शेड का संचालन किया जाएगा।
- स्वच्छता के लिए व्यवहार परिवर्तन के उद्देश्य से सोशल मीडिया के माध्यम से गतिविधियां संचालित होंगी।



# 41 साल पुराने जख्म आज भी हैं हरे...वो दिन याद करते ही सहम जाता है दिल

## बीएमएचआरसी में दिवंगत गैस पीड़ितों को मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि

*आज आशा स्मारक पर भी अर्पित की जाएगी श्रद्धांजलि*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में मंगलवार को भोपाल गैस त्रासदी के दिवंगतों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। बीएमएचआरसी के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग यादव समेत अस्पताल के कर्मचारियों ने नम आंखों से गैस त्रासदी के दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। बुधवार तीन दिसंबर को सुबह संस्थान के श्रद्धांजलि एवं आशा स्मारक पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

**पूर्व संध्या पर भी फूटा पीड़ितों का गुस्सा**

## गैस रिसाव की 41वीं बरसी पर निकाला कैंडल मार्च

**भोपाल।** गैसकांड की 41वीं बरसी पर मंगलवार को यूनियन कार्बाइड सड़क पर कैंडल मार्च निकाला और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। दिसंबर 1984 के हादसे की वजह से भोपाल में मौतें हो रही हैं। जो लोग बचपन में इसके संपर्क में आए थे, वे फेफड़ों, किडनी और दूसरे अंगों की पुरानी बीमारियों और कैंसर से लंबे समय तक पीड़ित रहने के बाद 50 साल से कम उम्र में मर रहे हैं। बरसी पर पूर्व संध्या पर पीड़ितों ने छोला से गैस स्टेच्यू तक कैडल मार्च निकालकर मृतकों को याद किया।



गैस स्टेच्यू पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।

### निकाला मशाल जुलूस

गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन शाम 6 बजे शाहजहांनी पार्क से मशाल-कैंडिल जुलूस निकाला गया, जिसमें पीड़ितों ने हाथों में मशाल लेकर डाउ कंपनी के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। पीड़ितों ने बताया कि फैक्ट्री के जहरीले कचरे की वजह से आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे में पीने का पानी दूषित है। इस वजह से हजारों लोग गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। सरकार इन पीड़ितों की सेहत पर गंभीरता से ध्यान दें। इसके अलावा पीड़ितों को पांच गुना मुआवजा दिया जाए। जिससे, वह बेहतर तरीके से जीवनयापन कर सकें।


हाथों में तखितयां लिए महिलाएं।

## *संभावना ट्रस्ट में जड़ी-बूटियों से हो रहा गैस पीड़ितों की लाइलाज बीमारियों का इलाज*


संभावना ट्रस्ट का कार्यालय।

वहीद खान ▶▶ भोपाल

राजधानी में यूनियन कार्बाइड की जहरीली गैस के प्रभाव से पीड़ति लोगों को संभावना ट्रस्ट क्लीनिक में आधुनिक मेडिसिन सहित जड़ी-बूटियों से इलाज मुहैया कराया जा रहा है। जिसके तहत अब तक करीब तीस हजार से अधिक मरीजों को इलाज मिला है। यहां पर पीड़तिों के बच्चों को भी इलाज दिया जा रहा है। यहां की खासियत यह है कि परिसर में ही आर्गेनिक खाद से जड़ी-बूटियां उगाकर उन्हें प्रोसेस के तहत दवाईयां तैयार की जाती हैं। यहां पर गैस पीड़ितों की कई लाइलाज बीमारियों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया है। यूनियन कार्बाइड के पास बाफना कॉलोनी में 29 साल पहले गैस पीड़ितों के इलाज के लिए संभावना ट्रस्ट क्लीनिक ने इलाज का सिलसिला शुरु किया था। जिसके तहत यहां पर एलोपैथिक, आयुर्वेदिक और योग से इलाज किया जाता है। यहां आने वाले मरीजों का रजिस्ट्रेशन करने के बाद उनकी बीमारी के आधार पर इलाज की शुरुआत की जाती है। कार्बाइड की गैस ने फेफड़ों, आंखों, दिल, दिमाग और प्रजनन प्रणाली पर असर डाला है।

***तीस हजार गैस पीड़ितों को मिला इलाज, सर्टिका के मरीजों को राहत***


ट्रस्ट के बाहर लगा बोर्ड।

### थायरॉइड और डायबिटीज का सटीक इलाज

गैस पीड़ितों में थायरॉइड की बीमारियां, मोटापा और मेटाबॉलिक डिसऑर्डर्स लगातार बढ़ते जा रहे हैं। गैस का असर इतना ज्यादा है कि दूसरी और तीसरी पीढ़ी तक इसके प्रभाव दिख रहे हैं। ट्रस्ट के क्लीनिक की डॉ. ऊषा आर्या का कहना है कि गैस ने शरीर के अलग-अलग सिस्टम को नुकसान पहुंचाया है। इसलिए ट्रीटमेंट भी एक ही लाइन से नहीं हो सकता। हम आधुनिक मेडिसिन, आयुर्वेद और योग तीनों को मिलाकर इलाज करते हैं।

### प्लांट में मशीनों की मदद से 65 तरह की दवाईयां तैयार


प्लांट में काम करते कर्मचारी।

परिसर में ही दवाईयां का प्लांट भी लगाया गया है, जिससे जड़ी-बूटियों को जमीन से निकालकर उनकी साफ-सफाई करने के बाद मशीनों की मदद से गोलियां और अन्य तरह की दवाईयां तैयार की जाती हैं। जिसके लिए अलग से एक्सपर्ट कर्मचारियों को लगाया गया है।


धूप में सूखती दवाएं।

### दो एकड़ में लगाए हल्दी, तुलसी समेत कई औषधीय पौधे

संस्था के शोध सहायक राधेलाल नापित ने बताया कि परिसर के करीब दो एकड़ एरिया में औषधीय पौधों को लगाया गया है। इसके साथ हल्दी, सदा सुहागन, तुलसी, अरीठा सहित अन्य औषधीय पौधों को लगाया है। समय-समय पर कुछ जड़ी-बूटियों को लगाकर भी नई दवाईयां तैयार की जाती हैं।


हल्दी के पौधे।

## गैस पीड़ित परिवार की बेटी की जंग-जन्मजात बीमारी से, दो ऑपरेशन, एक अभी बाकी, लिया पीड़ितों की सेवा का संकल्प

**सपना जब पैदा हुई तो होठ और तालू नहीं था, चीभ पर दूघ रखते थे, अब इंदौर में फिजियोथेरेपी का कोर्स कर रही है, नाक का ऑपरेशन होना बाकी**

एमएम सिद्दीकी ▶▶ भोपाल

1984 की भोपाल गैस त्रासदी भले ही चार दशक पुरानी हो चुकी हो, लेकिन इसके जख्म अब भी कई परिवारों की अगली पीढ़ियों को प्रभावित कर रहे हैं। इन्हीं परिवारों में से एक गैस पीड़ित परिवार में 2001 में जन्मी एक बच्ची की कहानी संघर्ष, साहस और सेवा की मिसाल बन गई है। बच्ची ने जन्मजात स्वास्थ्य समस्याओं के कारण आते ही अस्पताल का रास्ता देख लिया। गैस पीड़ित परिवारों में अक्सर देखी जाने वाली श्वास और चेहरे संबंधी जटिलताओं ने उसके बचपन को सामान्य नहीं रहने दिया। दो वर्ष की उम्र से लेकर युवावस्था तक वह लगातार डॉक्टरों और दवाइयों के बीच रही।


जेपी नगर की बस्ती जो सर्वाधिक प्रभावित हुई थी।

### *गैस पीड़ितों की सेवा को बनाया जीवन उद्देश्य*

*अपने अनुभवों ने उसे एक खास दिशा दी है। उसका मानना है कि गैस त्रासदी के प्रभाव आज भी पीड़ित परिवारों में मौजूद हैं, लेकिन उनके लिए लड़ने वाले लोगों की संख्या कम है।*


दादी चंपा के साथ सपना।

दादी चंपा देवी ने बताया कि सपना शुक्ला छोला में रहती है। उसके पिता नहीं हैं। माता और उन्होंने जब वे पैदा हुई थी तब होंठ और तालू कुछ भी नहीं था। चीभ पर दूघ रखते थे ताकि पेट में कुछ जा सके। 2002 में आशा निकेतन में पहला ऑपरेशन करवाया। दूसरा ऑपरेशन दिल्ली के सेंट स्टीफन अस्पताल में हुआ। परिवार ने हिम्मत नहीं हारी और सफलता मिलती गई। उसकी पढाई भी 12 वीं तक हुई। उसके बाद उसने इंदौर से फिजियोथेरेपी करने की ठानी ताकि वे गैस पीडितों की सेवा कर सके। उक्त कोर्स का उसका अंतिम साल है। यह कोर्स पूरा करने के बाद वे गैस पीडितों की सेवा के लिए काम करेगी।

### माता-पिता और दादी का संघर्ष बना ढाल

आर्थिक तंगी और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद परिवार ने उसके इलाज में कोई कमी नहीं होने दी। हमारी बेटी स्वस्थ हो जाए, बस यही हमारी एकमात्र प्रार्थना थी। दादी ने बताया कि परिवार ने हर संभव संसाधन जुटाकर उसके दो बड़े ऑपरेशन करवाए। इन ऑपरेशनों ने उसकी स्थिति में सुधार तो किया, लेकिन पूरी तरह से सामान्य होने के लिए उसका नाक का एक बड़ा ऑपरेशन अभी भी बाकी है, जो उसकी साँस लेने की क्षमता और स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

**24 वर्ष की उम्र में संघर्ष को बनाया ताकत**

आज जब वह 24 वर्ष की है, तो अपने जीवन के हर संघर्ष को वह एक सीख मानती है। बीमारी, आर्थिक परेशानी, दर्दनाक ऑपरेशन और समाज की उदासीनता-इन सभी ने उसे टूटने नहीं दिया बल्कि और मजबूत बना दिया।

### नौशीन खान पहले हेल्थ वर्कर थीं, अब बनीं फिजियोथेरेपिस्ट

संभावना ट्रस्ट की फिजियोथेरेपिस्ट नौशीन खान की का जीवन भी संघर्ष भरा रहा। उनके परिवार में उनकी माता, नानी और दादा थे। सभी गैस पीडित थे। उनके पिता का निधन भी गैस हादसे के बाद हुआ। धीरे-धीरे 12 वीं कक्षा तक पढाई कि, लेकिन वे इस दौरान संभावना ट्रस्ट से जुड गईं और बतौर हेल्थ वर्कर काम किया। इसी दौरान उन्होंने फिजियोथेरेपी का कोर्स पूरा कर लिया। अब वे फिजियोथेरेपिस्ट हैं और गैस पीडित वे परिवार जिनके बच्चे जन्मजात शारीरिक कमी के पैदा होते हैं उनकी सेवा में लगी रहती हैं। वे 15 साल से यह काम कर रही हैं। वे कहती हैं कि उन्होंने गैस पीडित परिवारों के बच्चों की सेवा को ही अपने जीवन का आखिरी लक्ष्य बना लिया है।


नौशीन खान

### निजी क्रिकेट अकादमी में मैनेजर और कोच की भूमिका निभा रहे हैं अंकित


अंकित

पुराने शहर के जेपी नगर में रहने वाले अंकित कुमार कुरकांजी वर्तमान में निजी क्रिकेट अकादमी में मैनेजर एवं कोच की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता गैस पीड़ति थे और उन्होंने 1984 की रात कई लोगों की जान भी बचाई, लेकिन गैस के लगातार कांटेक्ट मे आने से गंभीर रूप से बीमार हुए। गैस लगने के कुछ समय बाद जब वह घर भी लौटे तभी से सांस लेने मे तकलीफ हुई। लंबे समय बीमार रहे और 57 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने बताया कि अपनी आँखों के सामने अपने पिता को पिछले दो दशक से एमआईसी के गैस के दुष्प्रभाव से जूझते देखा है। पिता वकालत करते थे। तब उनके पास गैस पीडित अपना दर्द लेकर पहुंचते थे। तब से वे समाजसेवा के काम में लगे हैं। गैस पीडितों की सहायता करना, उन्हें मार्गदर्शन देना और स्वयं सेवी संस्थाओं के काम करना उनका शौक है।

## 41 वर्ष बाद भी भोपाल गैस त्रासदी के दोषियों को अब तक नहीं मिली सजा

*कोर्ट ने 7 जून 2010 को सुनाई थी 2-2 साल की सजा*

*अब तक 7 जज बदले लेकिन सुनवाई अभी भी जारी है*


यूनियन कार्बाइड कारखाना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व की भीषणतम रासायनिक दुर्घटना मानी जाने वाली 2/3 दिसंबर 1984 की यूनियन कार्बाइड गैस त्रासदी को आज 41 वर्ष हो गए हैं। बीते 40 सालों से कैंसर और किडनी की गंभीर बीमारियों ग्रसित गैस पीड़ित विश्व की इस दुर्घटना के दोषियों को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मोहन पी तिवारी की कोर्ट द्वारा सजा सुनाये जाने के बावजूद जेल की सजा नहीं भुगताए जाने से दुखी और मायूस हैं।

दुर्घटना के 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद 7 जून 2010 को तत्कालीन मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मोहन पी तिवारी की कोर्ट ने मुख्य आरोपी यूनियन कार्बाइड कारपोरेशन यूएसए के तत्कालीन चेयरमैन वारेन एंडरसन को फरार घोषित करते हुए यूनियन कार्बाइड कंपनी इंडिया लिमिटेड के तत्कालीन चेयरमैन केशव महेंद्रा सहित विजय प्रभाकर गोखले, किशोर कामदार,जे मुकुंद, एसपी चौधरी,केवी शेट्टी और एसवाई कुरैशी को भादंसं की धारा-304 (ए) के अंतर्गत दोषी करार देते हुए 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक लाख रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने आठवें आरोपी के रूप में यूनियन कार्बाइड कंपनी इंडिया पर पांच लाख रुपये का अर्थदण्ड अदा करने की सजा सुनाई थी। सजा सुनाए जाने के बाद आरोपियों ने सजा माफ किए जाने को लेकर सेशन कोर्ट में अपील दायर कर दी थी । वहीं आरोपियों की सजा कम बताते हुए सीबीआई ने भी अधिकतम सजा सुनाए जाने के लिए अपील दायर कर दी थी। आरोपियों और सीबीआई की अपील पर 15 वर्षों से सेशन कोर्ट में बहस चल रही है। इस बीच सात जज बदले जा चुके हैं लेकिन सुनवाई अभी भी जारी है। मामले की सुनवाई के दौरान डॉक्टर आरबी राय चौधरी ,वारेन एंडरसन , केशव महेंद्रा, विजय प्रभाकर गोखले एवं केवी शेट्टी की मौत हो गई। मामले की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी।

### आखिर क्या हुआ था 2-3 दिसंबर 1984 की आधी रात को

आज से 41 वर्ष पहले 2/3 दिसंबर 1984 की आधी रात के समय जब लोग सोए हुए थे,तब यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के टैंक से जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस रिसने से लोगों का दम घुटने लगा और हजारों लोग काल कवलित हो गए और हजारों गंभीर बीमारियों का शिकार हो गए।अगले ही दिन हनुमानगंज थाना में यूनियन कार्बाइड के तत्कालीन चेयरमैन वारेन एंडरसन सहित तत्कालीन चेयरमैन केशव महिंद्रा के अलावा विजय प्रभाकर गोखले,किशोर कामदार, जे मुकुंद, एसपी चौधरी,केवी शेट्टी और एसवाई कुरैशी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया। पुलिस ने वारेन एंडरसन को 7 दिसंबर1984 को अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर श्यामला हिल्स स्थित यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन के रेस्ट हाउस में हिरासत में रखा था। उसी तारीख को एंडरसन को जमानत पर रिहा किया जाकर तत्कालीन कलेक्टर मोती सिंह और एसपी स्वराज पुरी ने एयरपोर्ट तक ले जाकर छोड़ा था।

### डाउ के वकीलों ने कहा कोर्ट को सुनवाई का अधिकार नहीं

गैस रिसन दुर्घटना के बाद यूनियन कार्बाइड कंपनी इंडिया लिमिटेड को अमेरिकन कंपनी डाऊ केमिकल कंपनी यूएसए द्वारा खरीद लिये जाने पर गैस पीड़ित संगठन भोपाल ग्रुप फॉर इंफॉर्मेशन एंड एक्शन ने वर्ष 2004 में जिला कोर्ट में याचिका दायर कर डाऊ केमिकल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड यूएसए को भी प्रकरण में पक्षकार बनाए जाने की मांग की थी। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर डाऊ केमिकल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड यूएसए को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने के आदेश दिए थे। लंबे इंतजार के बाद 3 अक्टूबर 2023 को डाऊ केमिकल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड यूएसए की ओर से एडवोकेट रवींद्र श्रीवास्तव और संदीप गुप्ता ने कोर्ट में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यह कंपनी अमेरिका में है। इसलिए भोपाल के न्यायिक के क्षेत्राधिकार में नहीं आती है। इस कोर्ट को डाऊ केमिकल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड यूएसए के विरुद्ध सुनवाई का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है।

44 से अधिक रेल कर्मचारी ट्रेनों को रेड और ग्रीन सिग्नल दिखाते हुए थे मृत

## गैस रिसाव के बाद रेलवे कर्मचारियों की सूझबूझ और जज्बे से बची थी कई रेल यात्रियों की जान

**भोपाल आने वाली ट्रेनों को विदिशा, निशातपुरा व मिसरोद आउटर पर रुकवाया**

कपिलदेव श्रीवास्तव ▶▶ भोपाल

गैस रिसाव के बाद 2 और 3 दिसंबर 1984 की तड़के लोग जान बचाकर बदहवास हालत में या तो दम तोड़ रहे थे या भोपाल से जान बचाकर बाहर भाग रहे थे,लेकिन भोपाल स्टेशन पर पदस्थ स्टेशन प्रबंधक हरीश धुर्वे, हरिशंकर शर्मा एवं रेलवे गार्ड केके तिवारी सहित करीब 44 से अधिक रेल कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह न करते हजारों यात्रियों व रेलवे कॉलोनी के रहने वाले कई लोगों की जान बचाई। दरअसल, इन कर्मचारियों ने गैस त्रासदी के दौरान अपनी जान पर खेलकर भोपाल स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों को भोपाल स्टेशन पर न रोकर आउटर पर रुकवाकर लाखों यात्रियों की जान बचाई। जिसमें कई ट्रेनों को भोपाल से पहले लाल कपड़ा दिखाकर ट्रेनों को रोका गया। इसमें जहां बीना की तरफ से आने वाली ट्रेनों को विदिशा, निशातपुरा, सलामतपुर और इटारसी की तरफ से आने वाली ट्रेनों को मिसरोद, मंडीदीप, औबेदुल्लागंज व बुदनी के आसपास रोक दिया गया। इस तरह दो दर्जन ट्रेनों को भोपाल आने से पहले रोक दिया गया। इन ट्रेनों में लाखों यात्री थे, जिनकी जान बच गई। यदि ये ट्रेनें नहीं रुकवाई गई होतीं तो भोपाल पहुंचने के बाद ये यात्री जहरीली गैस की चपेट में आने से दम तोड़ देते।

इस स्मारक पर उन सभी रेलकर्मियों के नाम लिखे हुए हैं जो उस रात ड्यूटी करते और लोगों के बचाते हुए मृत हो गए थे।



### इन कर्मचारियों की याद में बनाया गया स्मारक

इस गैस त्रासदी में करीब 44 कर्मचारी दूसरे यात्रियों की जान बचाने में खत्म हो गए थे। इसमें जहां कुछ कर्मचारी उसी दिन तो कुछ एक सप्ताह के भीतर तो कुछ सालों के इलाज के बाद भी गंभीर बीमारियों से जूझते रहे और फिर उनकी भी मौत हो गई । इन सभी की याद में भोपाल स्टेशन परिसर में एक स्मारक बनाया गया है, जिसमें सभी 44 कर्मचारियों के नामों का उल्लेख है।


स्मारक के पास ही लगे इस बोर्ड में उस रात का पूरा वर्णन लिखा गया है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

एलन कॅरियर का हर विद्यार्थी दे रहा बेहतर परिणाम

# एलन कोटा में एडमिशन शुरू, स्पेशल फी-बेनिफिट 20 दिसंबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोटा

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में सत्र 2026-27 के एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई। संस्था द्वारा 20 दिसंबर तक अर्ली फी बेनिफिट की घोषणा की गई है। इस तिथि तक प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को रियायती फीस पर एडमिशन दिया जाएगा। इस तिथि के बाद एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों को बढ़ी हुई फीस देनी होगी।

एलन कोटा प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि एलन की ओर से आयोजित की गई टैलेंटेक्स परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। ऐसे में जिन विद्यार्थियों को इस परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्कॉलरशिप दी जा रही है, उनके लिए दोहरा लाभ लेने का अवसर है। ऐसे विद्यार्थी रियायती फीस पर टैलेंटेक्स स्कॉलरशिप का लाभ लेते हुए शुल्क जमा करवा सकते हैं। इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए देश के ख्यातनाम संस्थान एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट हर विद्यार्थी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ करवाने के अपने उद्देश्य के साथ-साथ बेहतर परिणाम दे रहा है। जेईई-एडवांस्ड व जेईई-मेन हो या मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी दोनों एलन के परिणाम देश में बेहतर हैं।

विद्यार्थी रियायती फीस पर टैलेंटेक्स स्कॉलरशिप का लाभ लेते हुए शुल्क जमा करवा सकते है

जेईई-एडवांस्ड व जेईई-मेन हो या मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी दोनों के परिणाम देश में बेहतर



एडमिशन की प्रक्रिया

### आईआईटी में प्रवेश करने वाला हर चौथा विद्यार्थी एलन से रहा

वर्ष 2025 के परिणामों में भी आईआईटी में प्रवेश करने वाला हर चौथा विद्यार्थी एलन से रहा। जेईई एडवांस्ड 2025 के परिणामों के अनुसार देश की 23 आईआईटी में 18160 सीटों में से 4226 पर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने प्रवेश लिया। यही नहीं देश की टॉप आईआईटी और बेस्ट ब्रांच मानी जाने वाली आईआईटी बॉम्बे कम्प्यूटर साइंस ब्रांच में भी 59 स्टूडेंट्स एलन से रहे। इसी तरह जेईई-एडवांस्ड 2025 के टॉप-5000 रैंक में आईआईटी में एडमिशन लेने वाले 4661 स्टूडेंट्स में से 1434 स्टूडेंट्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के रहे। गत दो वर्षों से एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा ने जेईई-एडवांस्ड में आल इंडिया रैंक-1 देने का कीर्तिमान स्थापित किया है। इसी तरह मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के माध्यम से होने वाले प्रवेश की बात करें तो पिछले दो वर्षों से मेडिकल एजुकेशन के टॉप इंस्टीट्यूट एम्स में प्रवेश लेने वाला हर चौथा स्टूडेंट एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से है।

## खबर संक्षेप

### होंडा ने की 5.91 लाख यूनिट्स की रिकॉर्ड बिक्री

**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने नवंबर 2025 में कुल 5,91,136 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। इसमें घरेलू बिक्री में 5,33,645 यूनिट्स और एक्सपोर्ट में 57,491 यूनिट्स शामिल हैं। एचएमएसआई ने नवंबर 2024 की तुलना में 25 फीसदी साल-दर-साल ग्रोथ दर्ज की। वित्त वर्ष 2026 की येर-टू-डेट अवधि में, एचएमएसआई ने कुल 42,32,748 यूनिट्स की बिक्री रिकॉर्ड की, जिसमें घरेलू बिक्री में 38,12,096 यूनिट्स और एक्सपोर्ट में 4,20,652 यूनिट्स शामिल हैं।

### न्युवोको जीरो एम उन्नति एप को लांच किया

**मुंबई।** न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड ने न्युवोको जीरो एम उन्नति एप को लांच किया है। यह एप खास तौर पर इन्फ्लुएंसर कम्युनिटी के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें कॉन्ट्रैक्टर, वॉटरप्रूफिंग एप्लीकेटर, टाइल एप्लीकेटर, राजमिस्त्री और पेंटर शामिल हैं, जो प्रोडक्ट को अपनाने और कस्टमर एक्सपीरियंस को बढ़ाकर कंपनी की ग्रोथ में अहम भूमिका निभाते हैं। डीलर, रिटेलर और डिस्ट्रीब्यूटर भी अपने-अपने प्रोफाइल के जरिए इस एप को एक्सेस कर सकते हैं।

सप्लाई की भारी कमी, निवेशकों की दिलचस्पी, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड की खरीदी से

दुनिया भर में चांदी का भंडार भी काफी घट गया

# चांदी छू सकती है 2 लाख रुपए किलो के स्तर को

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

चांदी की कीमत जब तक 173965 रुपए के ऊपर बनी रहती है, तब तक तेजी का रुझान कायम रहेगा। वैश्विक स्तर पर सप्लाई की कमी, निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड की भारी खरीद और ब्याज दर में कटौती की उम्मीदें चांदी को 2025 में 2 लाख रुपए प्रति किलो के स्तर के और करीब ले जा सकती हैं।

साल 2025 चांदी के लिए बेहद खास साबित हो रहा है। चांदी की कीमत इस साल लगभग दोगुनी हो चुकी है। इसकी वजह कई बड़े कारण हैं जो एक साथ असर डाल रहे हैं। इनमें सप्लाई की भारी कमी, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड की बड़ी खरीद, अमेरिका में कमजोर आर्थिक संकेत और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीदें शामिल हैं। इन सभी कारणों ने चांदी की कीमतों को तेजी से ऊपर पहुंचाया है। बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिका ने चांदी को महत्वपूर्ण खनिज की लिस्ट में डाल दिया है। इसके बाद यह आशंका बढ़ गई कि भविष्य में चांदी पर आयात शुल्क या अन्य नियंत्रण लगाए जा सकते हैं। इसी वजह से निवेशकों और उद्योगों ने तेजी से चांदी खरीदनी शुरू कर दी। इसी समय दुनिया भर में चांदी का भंडार भी काफी घट गया। दुनिया के सबसे बड़े सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड एसएलवी ने इस सप्ताह 324 टन चांदी खरीदी है। यह कई महीनों में सबसे बड़ी खरीद है और इससे साफ पता चलता है कि बड़े निवेशक चांदी में और तेजी की उम्मीद कर रहे हैं।


चांदी की फाइल फोटो

### तकनीकी संकेत भी कर रहे हैं तेजी की ओर इशारा

चांदी ने तकनीकी चार्ट पर एक महत्वपूर्ण कप एंड हैंडल पैटर्न बनाया है, जिसे लंबे समय की तेजी का संकेत माना जाता है। चांदी ने 173965 के महत्वपूर्ण स्तर को पार कर लिया है। यह स्तर कई महीनों से एक बड़ी रुकावट था। इसके ऊपर टिके रहने का मतलब है कि आगे चांदी की कीमत 193800 रुपए तक जा सकती है। अगर बाजार की स्थितियां ऐसे ही बनी रहीं तो कीमत 206000 रुपए तक भी पहुंच सकती है। तकनीकी संकेतक भी तेजी की ओर इशारा कर रहे हैं।

### औद्योगिक खपत बढ़ने से चांदी की रफ्तार थमने के आसार नहीं

बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल, आनंद सोनी का कहना है कि चांदी की कीमत लंबे समय से इसलिए बढ़ रही है क्योंकि इसकी औद्योगिक मांग बहुत बढ़ गई है। चांदी अब कई तरह की नई तकनीकों और मशीनों में ज्यादा इस्तेमाल हो रही है, इसलिए इसकी खपत पहले से कहीं ज्यादा है।

पिछले 10 साल में इस मांग में लगातार बढ़ोतरी हुई है। जबकि सराफा व्यापारी संजीव गर्ग (गांधी) ने कहाकि चांदी की कीमत में बड़ी गिरावट की संभावना कम है। चांदी की तेजी अभी और चल सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार को देखते हुए अनुमान हैं कि साल 2026 तक चांदी की कीमत 80 से 100 डॉलर प्रति औंस तक जा सकती है। भारतीय बाजार में यह कीमत करीब 1,90,000 से 2,00,000 रुपए प्रति किलो के बराबर होती है।

एलआईसी ने एसीसी में अपनी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत से ऊपर कर ली

# अडाणी ग्रुप की सीमेंट कंपनी एसीसी में एलआईसी ने बढ़ाई हिस्सेदारी




एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी संस्थागत निवेशक एलआईसी ने हाल ही में अडाणी ग्रुप की सीमेंट कंपनी एसीसी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। जानकारी के अनुसार एलआईसी ने एसीसी में अपनी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत से ऊपर कर ली है। अडानी ग्रुप की विभिन्न कंपनियों में एलआईसी के निवेश को लेकर विपक्ष ने सत्तारूढ़ बीजेपी को कई बार घेरने का काम किया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त मंत्रालय एलआईसी को निवेश से संबंधित फैसलों पर कोई सलाह या निर्देश जारी नहीं करता है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह निवेश स्थापित मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुसार लिया गया था। वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में जानकारी देते हुए कहा कि देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी ने अडानी ग्रुप की आधा दर्जन से ज्यादा लिस्टेड कंपनियों में निवेश किया है, जिसकी कीमत 38,658.85 करोड़ रुपए है.वित्त मंत्री के अनुसार बुनियादी बातों और विस्तृत प्रयासों के आधार पर पिछले कुछ सालों में निवेश संबंधी निर्णय लिए गए हैं। एसीसी कंपनी में निवेश को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस निवेश को लेकर मंत्रालय की ओर से किसी भी प्रकार का निर्देश नहीं दिया गया था।

वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि एलआईसी ने अपने बोर्ड की मंजूरी और तय प्रक्रियाओं का पालन करते हुए मई 2025 में अडानी पोर्ट्स स्पेशल इकोनॉमिक की सुरक्षित एनसीडी में 5 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया है। उन्होंने यह भी कहा कि एलआईसी आम तौर पर एनएसई और बीएसई की टॉप 500 लिस्टेड कंपनियों में निवेश करती है और इसके पोर्टफोलियो का बड़ा हिस्सा इन्हीं बड़ी कंपनियों में लगा हुआ है।

## जूड़ियो ने भोपाल में खोला अपना चौथा स्टोर

**भोपाल।** टाटा समूह के लोकप्रिय वैल्यू-फैशन ब्रांड जूड़ियो ने राजधानी भोपाल का अपना चौथा स्टोर खोला। न्यू मार्केट क्षेत्र में स्थित यह नया आउटलेट मध्यप्रदेश में जूड़ियो का 22वां स्टोर है, जो ब्रांड की तेज़ी से बढ़ती मौजूदगी और मध्य प्रदेश के ग्राहकों से गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। स्टोर की लांचिंग ट्रेंट लिमिटेड के सीईओ और एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, वेंकटेसलु पी. ने किया। जूड़ियो अपनी किफायती रेंज, तेज उत्पादन क्षमता और बदलते फैशन ट्रेंड्स की गहरी समझ के साथ भारत के फास्ट-फैशन क्षेत्र को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। हमारे हर पखवाड़े नए कलेक्शन लांच करने की प्रक्रिया से ब्रांड हमेशा ताज़ा, प्रासंगिक और ग्राहकों के लिए आकर्षक बना रहता है। जूड़ियो की किफ़ायती कीमतें इसकी सबसे बड़ी विशेषता हैं। यहा कपड़ों की कीमतें सिर्फ 149 रुपए से और फुटवियर 199 रुपए से शुरू होती हैं । ब्रांड की पखवाड़े में एक बार कलेक्शन अपडेट करने की नीति सुनिश्चित करती है कि हर बार ग्राहकों को कुछ नया और ट्रेंडी देखने को मिले।

## बिजनेस न्यूज

### भाभा यूनिवर्सिटी के नर्सिंग विभाग के छात्रों द्वारा स्किट प्रेजेंटेशन



**भोपाल।** भाभा यूनिवर्सिटी के नर्सिंग विभाग के दवारा बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने स्किट प्रेजेंटेशन पीएचसी मिसरोद, सीएचसी कोलार मैं और आरके मेडिकल कॉलेज कोलार भोपाल में किया जिसमें लोगों को एचआईवी एड्स की जानकारी दी गई एवं नर्सिंग विभाग के डीन प्रो. सी.गोमती के दिशा निर्देश से हुआ।

### स्कोडा ने 5 लाख गाड़ियों की बिक्री कर हासिल किया माइलस्टोन

**मुंबई** । स्कोडा ऑटो इंडिया भारत में अपनी एंट्री के बाद से 5 लाख यूनिट्स की बिक्री का लैंडमार्क पार कर लिया है। अपनी सिल्वर जुबली में, ब्रैंड पहले ही कई मंथली, क्वार्टरली और एनुअल माइलस्टोन हासिल कर चुकी है। और 2025 के आखिरी से पहले महीने में ब्रैंड ने देश में 5,491 यूनिट्स बेचीं, जो पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले 90 फीसदी साल-दर-साल रिकॉर्ड ग्रोथ रहा। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर, आशीष गुप्ता ने कहाकि हमारा बढ़ता नेटवर्क, हमारी वैल्यू-ड्रिवन ओनरशिप ऑफरिंग, और बड़ा प्रोडक्ट पोर्टफोलियो मुख्य ड्राइविंग फोर्स रहे हैं, जिन्होंने हमारी 5 लाख लैंडमार्क सेल्स और हर महीने हमारी लगातार साल-दर-साल सेल्स ग्रोथ को बढ़ाया है। 7.5 लाख से लेकर 45.9 लाख रुपए तक, स्कोडा ऑटो इंडिया के पास एसयूवी का एक बड़ा पोर्टफोलियो है जो देश में हर जरूरत और ख्वाहिश को पूरा करता है।



### अमेजन हर दिन दो नए माइक्रो-फुल फिलमेंट सेंटर खोलेगा

**बेंगलुरु।** अमेजन ने घोषणा की है कि वह हर दिन दो नए माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर खोलते हुए अपने अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी सर्विस अमेजन नाऊ के विस्तार को तेज कर रहा है। इस विस्तार से बेंगलुरु, दिल्ली और मुंबई के अधिक इलाकों में ग्राहकों को सेलर्स से हजारों रोजमर्रा की जरूरी चीजें 10 मिनट के भीतर मिल सकेंगी। अमेजन नाऊ में किराना, पर्सनल केयर, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज, छोटे उपकरण, बेबी प्रोडक्ट्स, पेट सप्लाई और अन्य कई जरूरी उत्पादों का चुना हुआ व्यापक संग्रह शामिल है। अमेजन नाऊ ने त्योहारों के मौसम से पहले अपनी सर्विस को 100 माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर के साथ तीन शहरों तक बढ़ाया। अमेजन इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने कहाकि हम अमेजन नाऊ को लेकर ग्राहकों की प्रतिक्रिया से उत्साहित हैं और हमने अपने विस्तार की योजनाओं में तेजी लाई है।




### सात्विक ग्रीन को सीआईआई-आईजीबीसी ने किया सिल्वर रेटिंग से सम्मानित

**गुरुग्राम।** सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को हरियाणा के अंबाला में स्थित अपनी अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)- इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) द्वारा प्रतिष्ठित आईजीबीसी ग्रीन फैक्ट्री बिल्डिंग सिल्वर रेटिंग से सम्मानित किया गया है। यह मान्यता सात्विक की टिकाऊ, ज़िम्मेदार और भविष्य के लिए तैयार विनिर्माण के प्रति प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह रेटिंग संसाधन दक्षता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी, और एक स्वस्थ एवं लचीला कार्यस्थल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर कंपनी के मजबूत फोकस को दर्शाती है।सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को हाल ही में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, मुंबई में ग्रीन बिल्डिंग कांग्रेस 2025 में औपचारिक रूप से सम्मानित किया गया था। इस कार्यक्रम में पूरे भारत के अग्रणी संगठनों को राष्ट्र के ग्रीन बिल्डिंग आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सराहा गया।

### पंजाब नेशनल बैंक ने हरमनप्रीत को बनाया अपना नया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान और विश्व कप विजेता हरमनप्रीत कौर को बैंक की पहली महिला ब्रांड एंबेसडर के रूप में अनुबंधित किया है। यह ऐतिहासिक जुड़ाव पीएनबी की ब्रांड परिवर्तन यात्रा में एक रणनीतिक मील का पत्थर है। यह घोषणा बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में 'बैंकिंग ऑन चैंपियंस' की व्यापक थीम के तहत एक शानदार समारोह में हुई। इस समारोह में मुख्य अतिथि एम. नागराजू सचिव (एफएस), हरमनप्रीत कौर (भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान, विश्व कप विजेता और अर्जुन पुरस्कार विजेता), और पीएनबी का वरिष्ठ नेतृत्व, जिनमें अशोक चंद्र (पीएनबी एमडी एवं सीईओ), पीएनबी के कार्यपालक निदेशकगण- एम. परमशिवम, बिभु प्रसाद महापात्र, डी. सुरेंद्रन, और अमित कुमार श्रीवास्तव, सीवीओ राघवेंद्र कुमार, साथ ही मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधकगण और बैंक के कर्मचारी शामिल थे।



### सैमसंग ने बढ़ाया 9,400 युवाओं को कौशल देने के लिए प्रोग्राम का दायरा

**मुंबई।** सैमसंग नेप्रमुख सैमसंग डिजिटल एंड ऑफलाइन स्किल्स ट्रेनिंग (दोस्त) सेल्स प्रोग्राम का बड़े पैमाने पर विस्तार करने की घोषणा की है। इसके तहत कम सेवा प्राप्त समुदायों से 9,400 युवाओं को फ्रंटलाइन रिटेल भूमिकाओं के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। यह पहल सैमसंग की कुशल, भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स बनाने और भारत के समावेशी आर्थिक विकास के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। इस वर्ष शुरू हुए दोस्त सेल्स 4.0 के साथ, सैमसंग भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया और टेलीकॉम सेक्टर स्किल्स काउंसिल (टीएसएससी) के साथ साझेदारी में अपने स्किलिंग मिशन पर दोगुनी मेहनत कर रहा है।



अब तक का सर्वोत्तम निष्पादन हासिल किया

# रेलवे के खोरधा रोड मंडल भारतीय रेल में फ्रेट हैंडलिंग में रहा अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶खोरधा

पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मंडल ने एक बार फिर अपनी अब तक की सर्वोत्तम लोडिंग निष्पादन हासिल करके अपनी बेहतर ऑपरेशनल क्षमता प्रदर्शित की है। इससे भारतीय रेल में फ्रेट हैंडलिंग में सर्वोत्तम निष्पादन करने वाले मंडल के तौर पर खोरधा रोड मंडल की जगह पक्की हो गई है। यह मंडल लगातार रिकॉर्ड तोड़ परिणाम दे रहा है, जो भारत में माल ढुलाई और आर्थिक विकास में इसकी अहम भूमिका को दर्शाता है।


खोरधा रोड

### ट्रैफिक हैंडलिंग में भारतीय रेल का अव्वल मंडल

खोरधा रोड मंडलओवरऑल ट्रैफिक हैंडलिंग में देश में सबसे आगे है, नवंबर 2025 तक इसने 209 मिलियन टन का शानदार ट्रैफिक हैंडलिंग हासिल किया है, जिसमें 115 मिलियन टन लोडिंग और 94 मिलियन टन अनलोडिंग शामिल है। बिलासपुर मंडल169.6 मिलियन टन के साथ दूसरे स्थान पर रहा, उसके बाद धनबाद मंडल (152.8 मिलियन टन) और चक्रधरपुर मंडल (145.8 मिलियन टन) रहे। मंडल ने सिर्फ 235 दिनों में (21.11.2025 तक) 200 मिलियन टन हैंडल करके एक नया रिकार्ड बनाया है।

लगभग 2,492 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र का ओएफएस खुला सरकार छह प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचेगी

एजेंसी ▶▶मुंबई

बैंक ऑफ महाराष्ट्र का बिक्री प्रस्ताव (ओएफएस) मंगलवार को गैर-खुदरा निवेशकों के लिए 54 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर खुल गया।

सरकार को न्यूनतम मूल्य पर सार्वजनि क्षेत्र के बैंक में अपनी छह प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर लगभग 2,492 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे। शेयर बिक्री के विवरण-पत्र के अनुसार ओएफएस खुदरा निवेशकों के लिए खुलेगा। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के ओएफएस के लिए न्यूनतम मूल्य 54 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। यह बीएसई पर बैंक के शेयरों के बंद भाव 57.66 रुपए प्रति शेयर से 6.34 प्रतिशत कम है।

आधार प्रस्ताव में 38,45,77,748 शेयर शामिल हैं, जो बैंक की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 5 प्रतिशत है, इसके अलावे 7,69,15,549 शेयर या 1 प्रतिशत हिस्सेदारी ग्रीन-शू विकल्प के तहत उपलब्ध है। इस कारण पुणे स्थित ऋणदाता में सरकार की कुल कुल 46.14 करोड़ शेयर या 6 प्रतिशत की हिस्सेदारी हो जाती है। वर्तमान में सरकार के पास पुणे स्थित इस बैंक में 79.60 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

बसों में नियमों की अनदेखी, धड़ल्ले से हो रहा माल का लदान

सरकार को बतौर राजस्व के रूप में करोड़ों रुपए का हो रहा है नुकसान

# बिना बिल, ई-वे बिल के बसों से हो रहा अवैध माल परिवहन, प्रतिबंध की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

निजी बस यानी पैसेंजर बस संचालकों द्वारा यात्रियों से ज्यादा माल का अवैध परिवहन किया जा रहा है। ऐसा करके निजी बस ऑपरेटर माल लादकर लाने व ले जाने के खेल से करोड़ों की कमाई कर रहे हैं। राजधानी सहित मध्यप्रदेश और देशभर में चल रही अधिकांश बसों में नियमों की अनदेखी कर धड़ल्ले से माल लाद कर लाया और ले जाया जाता है। जिससे सरकार को बतौर राजस्व के रूप में करोड़ों रूपए का नुकसान हो रहा है और यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है।

राजधानी सहित मध्यप्रदेश और अतंरप्रांतीय राज्यों के ट्रांसपोर्टरों ने इस संबंध में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के मांग की है कि पैसेंजर वाहनों में माल का हो रहे अवैध परिवहन पर हस्ताक्षेप करें। ट्रांसपोर्ट संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहाकि हम लोग लंबे समय से पैसेंजर बसों में माल ढुलाई का विरोध करते आ रहे हैं। हमारा स्पष्ट मानना है कि जब तक इस अवैध प्रथा पर रोक नहीं लगेगी, हम लगातार अपनी आपत्ति प्रत्येक संबंधित सरकारी कार्यालय चाहे वह केंद्रीय या राज्य परिवहन विभाग हो, जीएसटी विभाग हो या यातायात पुलिस हर जगह दर्ज कराते रहेंगे।

### मध्यप्रदेश में करीब 200 बसों में 600 टन से अधिक व्यवसायिक माल का अवैध परिवहन रोजाना हो रहा

भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन अध्यक्ष ठाकुरलाल राजपूत ने कहाकि मध्यप्रदेश में करीब 200 बसों से 600 टन से अधिक व्यवसायिक माल प्रतिदिन मध्यप्रदेश के भीतर एवं अन्य प्रदेशों जैसे मुंबई, पूना, नागपुर, रायपुर, अहमदाबाद, सूरत, भीलवाड़ा जयपुर, आगरा, दिल्ली, कानपुर आता -जाता है। किसी भी शहर के बस स्टैंड के आस-पास बस के केबिन में ऊपर एवं यात्रियों की सीट के नीचे बनी डेक में करीब तीन टन माल आ आता और पैसेंजर वाहन मालकों एवं चालकों द्वारा माल अवैध रूप से भरा जाता है। सुबह एवं शाम के बाद, डेक बनी, ऊंची ऊंची बसें बस अड्डों के आस , इंदौर, भोपाल,




### टनों माल लादन कर यात्रियों की जान से हो रहा खिलवाड़

अध्यक्ष ठाकुर लाल राजपूत ने कहाकि जो बसें टनों के हिसाब से माल लाद रहे हैं वे कर रहे यात्रियों की जान से खिलवाड़ भी कर रहे हैं। ट्रक ट्रांसपोर्ट का काम बसें कर रही है, जिसके कारण हम ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों के बिजनेस पर भी असर पड़ रहा है, सीधा -सीधा ट्रकों का हक बसों द्वारा छीना जा रहा है। अतः शासन-प्रशासन से अनुरोध है कि माल से भरी बसों का परमिट रद्द किया जा और बसों में व्यवसायिक माल की बुकिंग पूर्णतः बंद हो सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि हम ट्रांसपोर्टरों को राहत मिल सकें।

### पैसेंजर बसों में सामान ढुलाई पर नकेल कसें शासन-प्रशासन

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (पंजी.) के अध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने कहाकि संगठन लंबे समय से पैसेंजर बसों में माल ढुलाई का विरोध करती आ रही है। मेरा मानना है कि जब तक इस अवैध प्रथा पर रोक नहीं लगेगी, संगठन अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा। उन्होंने कहाकि पैसेंजर बसों द्वारा माल ढुलाई के चलते ट्रक ऑपरेटरों को वैध पार्किंग की जगह नहीं मिलती। पार्किंग माफिया बसों से मोटा पैसा वसूलते हैं। इन पार्किंग स्थलों पर न केवल माल उतारा और लादा जाता है, बल्कि आने-जाने वाले प्रत्येक माल पर भी अतिरिक्त शुल्क वसूला जाता है।

### आरटीओ व पुलिस की मिलीभगत से पैसेंजर बसों में अवैध परिवहन

भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट नगर कोकता के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहाकि बस हल्के वजन से बनती उसमें कमानी नहीं होती, बस वाले केबिन पर माल लोड करते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना आए दिन होती हैं। बस से माल का परिवहन करना दंडनीय अपराध हैं , लेकिन आरटीओ व पुलिस की मिलीभगत से पैसेंजर बसों में अवैध परिवहन का गोरख धंधा चल रहा है। गुप्ता ने कहाकि पैसेंजर बसों में माल ढुलाई के खिलाफ ट्रांसपोर्टरों का विरोध और प्रतिबंध की मांग परिवहन क्षेत्र की एक आम समस्या है। ट्रांसपोर्टरों की मुख्य शिकायत यह है कि बस कंपनियां यात्री सेवा के साथ-साथ अवैध रूप से माल ढुलाई करती हैं, जिससे माल परिवहन करने वालों का व्यापार प्रभावित होता है और उन्हें आर्थिक नुकसान होता है।

## चिंतन

# अब सत्ता से सेवा की ओर सरकार

केंद्र सरकार ने पिछले एक दशक में कई बदलाव कर बड़े संदेश दिए हैं। इस बार राज्यों की राजधानियों में राज भवनों के नाम बदले जा रहे हैं। अब इन्हें राज भवन के स्थान पर 'लोक भवन' के नाम से जाना जाएगा। उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, केरल, तमिलनाडु समेत कई राज्यों ने यह बदलाव कर दिया है। कई राज्यपालों ने तो खुद ही सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। वहीं, केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का नाम बदलकर 'सेवा तीर्थ' कर दिया है। इसके अलावा, केंद्रीय सचिवालय को 'कर्तव्य भवन' के नाम से जाना जाएगा। इन नाम बदलने के पीछे सरकार की एक बड़ी सोच छिपी है। ऐसे बदलाव साफ संदेश देते हैं कि सत्ता पद केवल लाभ उठाने के लिए नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। ये नाम बदलाव बस दिखावे के लिए नहीं, बल्कि संदेश देते हैं कि सरकार की सोच में बड़ा बदलाव आया है। यह दर्शाता है कि सरकार जनता की सेवा करने वाली है, न कि सिर्फ सत्ता चलाने वाली। अब यह बदलाव केवल पीएमओ, राज भवनों का नाम बदलने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रदर्शन पहले भी कई अवसरों पर दिखाई दे चुका है। इससे पहले राजपथ का नाम बदलकर 'कर्तव्य पथ' किया गया था। पीएम का आधिकारिक निवास भी 'रेस कोर्स रोड' कहलाता था, जिसे 2016 में बदलकर 'लोक कल्याण मार्ग' किया गया था। अब पीएमओ के अफसरों ने कहा कि 'सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सरकार सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रही है। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक हैं।' बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में कहा था कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब 'लोक भवन' और 'लोक निवास' के नाम से जाना जाएगा। वहीं, अब पीएम नरेंद्र मोदी का दफ्तर (पीएमओ) भी 78 साल पुराने साउथ ब्लॉक से निकलकर 'सेवा तीर्थ' नाम वाले नए एडवांस कैंपस में शिफ्ट होने जा रहा है। यह बदलाव सेंट्रल विस्टा री डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का बड़ा हिस्सा है। अब पीएमओ सेवा तीर्थ-1 से काम करेगा, सेवा तीर्थ-2 में कैबिनेट सचिवालय होंगे, जबकि सेवा तीर्थ-3 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) का दफ्तर होगा। इन बदलावों के पीछे पीएम मोदी की सोच है जो जन सेवा के लिए उनके दीर्घकालिक दृष्टिकोण को परिलक्षित करती है। पिछले एक दशक में कई मौकों पर इसका परिचय मिला है। शुरुआत खुद ही प्रधानमंत्री आवास के पते से हुई थी, जब दशकों से चले आ रहे पते को बदला गया था। पहले प्रधानमंत्री का सरकारी आवास सात रेसकोर्स रोड के नाम से जाना जाता था, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 2016 में इसका नाम बदल कर लोक कल्याण मार्ग किया गया। इसके पीछे जनता की सेवा और कल्याण का उद्देश्य है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकारी कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थलों के नामकरण से कर्तव्य और पारदर्शिता की भावना प्रकट होती है। इसके पीछे का संदेश यही है कि सरकार का काम है जनता की सेवा करना, न कि सिर्फ सत्ता का सुख भोगना।



संचार साथी
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

# सुरक्षा कवच या निजता पर निगरानी

> इस बार संसद में पक्ष और विपक्ष के बीच जारी चर्चा का केंद्र-बिंदु बना है हमारा मोबाइल फोन। दरअसल, संसद के वर्तमान सत्र में सरकार द्वारा 'संचार साथी' एप को देश के हर स्मार्टफोन में अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव एक ऐसे विमर्श को जन्म दे रहा है, जो आधुनिक भारत में तकनीक और नागरिक अधिकारों के बीच के संवेदनशील द्वंद्व का कारण बन गया है। पर यह भी ध्यान में रखना आवश्यक है कि संचार साथी का यह विमर्श केवल एक एप का विवाद नहीं, बल्कि भारत के उस भविष्य की रूपरेखा है जहां हमें तय करना है कि हम तकनीक के साथ कितनी आजादी, कितनी सुरक्षा और कितनी निजता के साथ जीना चाहते हैं।

देश की सबसे बड़ी पंचायत यानी संसद भवन के गलियारों में आज जो कोलाहल गूंज रहा है, उसका सरोकार किसी सरहद के तनाव या सियासी बिसात से नहीं, बल्कि उस धड़कन से है जो हमारी जेब में धड़कती है। इस बार संसद में पक्ष और विपक्ष के बीच जारी चर्चा का केंद्र-बिंदु बना है हमारा मोबाइल फोन। दरअसल, संसद के वर्तमान सत्र में सरकार द्वारा 'संचार साथी' एप को देश के हर स्मार्टफोन में अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव एक ऐसे विमर्श को जन्म दे रहा है, जो आधुनिक भारत में तकनीक और नागरिक अधिकारों के बीच के संवेदनशील द्वंद्व का कारण बन गया है। यह मुद्दा महज एक एप्लीकेशन को डाउनलोड करने का नहीं, बल्कि उस लक्ष्मण रेखा का है जो राज्य की शक्ति और नागरिक की निजता के बीच खिंची होनी चाहिए। इस डिजिटल युग में, जहां डेटा ही नया ईंधन है, हमारा स्मार्टफोन वह तिजोरी बन गया है जिसमें हम अपने जीवन के सबसे निजी पन्ने, अपनी आर्थिक कुंजी और अपनी पहचान सहेजकर रखते हैं।

विडंबना यह है कि आज यही तिजोरी सबसे अधिक असुरक्षित है। जामताड़ा के बीहड़ों से लेकर मेवात की गलियों तक, और अब देश के सुदूर कोनों से संचालित साइबर अपराधों ने आम आदमी के जीवन को एक अनजाने भय से भर दिया है। सुरक्षा एजेंसियां जब तक घटित हुए अपराध निदान निकालती हैं, तब तक अपराधी नए रास्ते खोज लेते हैं। इसी पृष्ठभूमि में सरकार 'संचार साथी' को एक 'केंद्रीयकृत डिजिटल प्रहरी' के रूप में प्रस्तुत करना चाहती है। इसे एक ऐसी व्यवस्था माना जा रहा है जो अपराध के घटित होने की प्रतीक्षा नहीं करती, बल्कि उसे अंकुरित होने से पहले ही कुचल देने का दावा करती है। इस ऐप की कार्यप्रणाली को समझना किसी विज्ञान-गल्प कथा के सच होने जैसा है। सरकारी दावों के अनुसार, यह ऐप 'एस्त्र' नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली से संचालित होगा। यह तकनीक किसी जादुई आईने की तरह काम करेगी, जो सेकंडों में पहचान लेगी कि कहीं किसी अपराधी ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे सिम तो नहीं लिया है। यदि कोई व्यक्ति चेहरे बदलकर या नाम बदलकर ठगी का जाल बुनता है, तो 'एस्त्र' उसके चेहरे का मिलान डेटाबेस से करते ही उन सभी नंबरों को तत्काल ब्लॉक कर देगा। यह प्रक्रिया इतनी त्वरित होगी कि अपराधी को संभलने का अवसर ही नहीं मिलेगा। मोबाइल चोरी, जो एक आम समस्या बन चुकी है, उसके लिए प्रस्तावित 'किल स्विच' भी एक क्रांतिकारी कदम बताया जा रहा है।

अब तक अपराधी आईएमईआई नंबर बदलकर फोन बेच देते थे, लेकिन इस नई व्यवस्था में फोन के हार्डवेयर हस्ताक्षर को सीधे नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा। छेड़छाड़ का तनिक भी संकेत मिलते ही फोन हार्डवेयर स्तर पर लॉक हो जाएगा और वह महंगा उपकरण महज कांच और प्लास्टिक के एक बेजान टुकड़े में बदल जाएगा। सरकार का मानना है कि जब चोरी किए गए फोन का कोई मूल्य ही नहीं बचेगा, तो चोरी की घटनाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी।

कल्पना कीजिए एक ऐसे अभेद्य सुरक्षा चक्र की, जहां हर कॉल सत्यापित हो, जहां 'घोस्ट सिम' का अस्तित्व न हो और जहां हम फर्जी संदेशों के जाल में फंसने से बचे रहें। निस्संदेह, एक सुरक्षित डिजिटल




भारत की यह तस्वीर अत्यंत मोहक है। किंतु, सुरक्षा के इस सुनहरे आवरण के पीछे निजता का एक घना और गहरा साया भी मंडरा रहा है और यही वह बिंदु है जिसने संसद से लेकर सड़क तक चिंता की लकीरें खींच दी हैं। एक अनिवार्य सरकारी ऐप, जो दिन-रात हमारे फोन में जागता रहे और हमारी गतिविधियों पर दृष्टि रखे, राज्य को एक असाधारण और असीमित शक्ति प्रदान करता है। कॉल लॉग्स, संदेश और लोकेशन- इन तक पहुंच की अनुमति भले ही सुरक्षा के नाम पर ली जाए, लेकिन इतिहास गवाह है कि निगरानी की शक्ति का दुरुपयोग अकसर राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों और असहमत स्वरों को दबाने के लिए किया जाता रहा है।

क्या हम एक ऐसे निगरानी घर (पेनोप्टिकॉन) का निर्माण तो नहीं कर रहे, जहां नागरिक हर पल संदेह के घेरे में होगा? इसके साथ ही, डेटा सुरक्षा का प्रश्न मुंह बाए खड़ा है। यदि सौ करोड़ से अधिक भारतीयों का रियल-टाइम डेटा एक केंद्रीय सर्वर पर एकत्र होता है, तो वह दुनिया का सबसे विशाल और संवेदनशील डेटाबेस होगा जो हैकर्स के लिए किसी 'सोने की खान' से कम नहीं होगा। आधार लीक और सरकारी पोर्टलों पर हुए पिछले हमलों ने यह सिद्ध किया है कि सरकारी साइबर सुरक्षा अभेद्य नहीं है। ऐसे में एक भी सेंध का अर्थ होगा - समूचे राष्ट्र की निजता का पतन। यह तकनीकी भाषा में 'विफलता का एकल बिंदु' (सिंगल पॉइंट ऑफ फेलियर) है, जो अत्यंत जोखिम भरा है। व्यावहारिक धरातल पर भी चुनौतियां कम नहीं हैं। भारत की एक बड़ी आबादी आज भी सीमित क्षमता वाले सस्ते स्मार्टफोन पर निर्भर है। क्या एक साधारण ग्रामीण का फोन इस 'हाई-टेक' पहरेदार का बोझ उठा पाएगा? परंतु, इन सबसे ऊपर एक दार्शनिक प्रश्न गूंज रहा है- लोकतंत्र 'विश्वास' के अनुबंध पर चलता है या 'संदेह' की बुनियाद पर? राज्य का दायित्व नागरिकों को सुरक्षा देना है, उनकी सांसों की गिनती रखना नहीं। सरकार का यह तर्क कि 'चूंकि आप अपनी सुरक्षा करने में सक्षम नहीं हैं, इसलिए हमें आपके घर (फोन) के भीतर आकर पहरा देना होगा,' आपातकाल में तो स्वीकार्य हो सकता है, लेकिन सामान्य जनजीवन में यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मूल भावना पर प्रहार अनुभव हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने निजता को मौलिक अधिकार माना है, ऐसे में किसी एप को 'अनिवार्य' बनाना संवैधानिक कसौटी पर कितना खरा उतरेगा, यह देखना शेष है।

संचार साथी पर जारी इस मंथन ने हमें दोराहे पर खड़ा कर दिया है। एक रास्ता पूर्ण सुरक्षा का है, जहां अपराध के लिए कोई जगह नहीं होगी और दूसरा रास्ता निगरानी का है, जहां स्वतंत्रता के लिए कोई जगह नहीं। समाज किस दिशा में जाएगा, यह तकनीक नहीं, बल्कि उसकी नियत तय करेगी। यदि सरकार वास्तव में नागरिकों की हितैषी है, तो उसे पारदर्शिता का मार्ग चुनना होगा। एप को 'ओपन सोर्स' किया जाए ताकि विशेषज्ञ उसकी जांच कर सकें, डेटा सुरक्षा के कड़े कानून बनें, और सबसे महत्वपूर्ण- इसे बाध्यकारी बनाने के बजाय इसकी उपयोगिता सिद्ध करके नागरिकों को इसे स्वेच्छा से अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। सुरक्षा अनिवार्य है, किंतु स्वतंत्रता उसकी आहुति नहीं हो सकती। बेशक साइबर सुरक्षा को लेकर कोई विवाद अथवा समझौता नहीं होना चाहिए। क्योंकि वर्तमान में साइबर सुरक्षा को लेकर कदम उठाना बहुत आवश्यक हो गया है। पर यह भी ध्यान में रखना आवश्यक है कि संचार साथी का यह विमर्श केवल एक एप का विवाद नहीं, बल्कि भारत के उस भविष्य की रूपरेखा है जहां हमें तय करना है कि हम तकनीक के साथ कितनी आजादी, कितनी सुरक्षा और कितनी निजता के साथ जीना चाहते हैं।

(लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. रमेश ठाकुर



# दिव्यांगों के लिए लड़नी होगी सामूहिक रूप से लड़ाई

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस, विश्व भर के दिव्यांगजनों को सम्मान देने और उनके वैश्विक स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित माना जाता है। शुरुआत 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। आज 33वां संस्करण समूचे संसार में मनाया जा रहा है। हर साल 3 दिसंबर को विभिन्न वैश्विक और स्थानीय संगठन, समाज के हर स्तर पर विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक मंच पर जुटते हैं। भारत सरकार द्वारा अक्षमों को दिव्यांग कहा जाता है। उनको स्वावलंबी बनाने के लिए तमाम तरह की कल्याणकारी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। साथ ही प्रत्येक सरकारी विभाग में उनके लिए आरक्षित सीटों का प्रावधान भी केंद्र सरकार की ओर से सुनिश्चित किया हुआ है। वर्तमान में दिव्यांग दिवस का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह न केवल दिव्यांग व्यक्तियों के योगदान को मान्यता देने का अवसर है, बल्कि समाज और सरकार को उनकी समस्याओं, जरूरतों और अधिकारों के प्रति सजग करने का भी माध्यम है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और दिव्यांग अधिकार अधिनियम जैसे कानून दिव्यांग व्यक्तियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में बराबरी सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। इतिहास में, दिव्यांग व्यक्ति अक्सर शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में समान अवसरों से वंचित रहे हैं। इसके मद्देनजर, अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का महत्व केवल जागरूकता फैलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नीतिगत बदलावों और कानूनों को लागू करने की दिशा में भी एक प्रेरक शक्ति बन गया है। भारत में कई राष्ट्रीयकृत बैंक और वित्तीय संस्थान विकलांग व्यक्तियों को ऋण देते हैं। ये ऋण मुख्य रूप से राष्ट्रीय विकलांग वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं के तहत दिए जाते हैं और कुछ बैंकों की अपनी विशेष योजनाएं भी हैं जैसे कि बैंक ऑफ इंडिया की स्टार मित्र पर्सनल लोन योजना। भारत में करीब 45 फीसदी दिव्यांगजन लोन लेकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक हिंदुस्तान में करीब 2. 68 करोड़ दिव्यांगजनों की संख्या बताई गई थी जिनमें 1.50 करोड़ पुरुष और 1.18 करोड़ महिलाएं थीं। इनमें अधिकांश करीब एक तिहाई आबादी गांवों में बताई गई। गनीमत ये रही कि सफल 'पल्स पोलियो अभियान' के बाद दिव्यांगों की संख्या एकदम रुक गई। बीते दो दशकों में भारत में सिंगल केस भी सामने नहीं आया। इसे हुकूमत की बड़ी सफलताओं में गिना जाना चाहिए। वर्ष 2016 से भारत में अक्षम लोगों को नया नाम दिया गया था दिव्यांग। दिव्यांग दिवस अक्षमों विकलांग के अधिकारों और उनके कल्याण को बढ़ावा देने के अलावा उनके राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभावों के विषय में जागरूकता बढ़ाता है। 1976 में हुई संयुक्त राष्ट्र की आम सभा ने मिलकर विकलांगजनों के लिए आज का खास दिन मुकर्रर किया था। 2016 में भारत के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने विकलांग शब्द को हटाकर उसकी जगह दिव्यांग कहना प्रचलित करवाया था। तभी से बोलचाल की भाषा में अक्षमों को दिव्यांग कहना शुरू किया गया। वह इसलिए कि इस शब्द में सम्मान का भाव झलकता है। विश्व की बात करें तो विकलांगों की संख्या मामले में लातविया अभी भी अव्वल पायदान पर काबिज है, 41.2 आबादी दिव्यांगों की वहां वास करती है। वहीं, दूसरे स्थान फिनलैंड हैं जहां 34.9 दिव्यांग रहते हैं। आज का दिन दिव्यांगों के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा समाज में समावेशिता और भेदभाव समाप्त करने की ललक भी पैदा करता है। देश हो, चाहे विदेश, सरकार केंद्र की हो या राज्यों की, सभी को सामुहिक रूप से दिव्यांगों के प्रति लाचारी नहीं, बल्कि उनके मुकम्मल हकों के लिए लड़ना चाहिए। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ईराक जैसे मुल्कों में दिव्यांगों के हालात अभी भी बदतर हैं, इसलिए दिव्यांगों के लिए अभी और समावेशी लड़ाई लड़ने की जरूरत है। हालांकि, सरकारी सुविधाओं के मिलने के बाद भारत के ज्यादातर दिव्यांगजन साहस, संकल्प के बूते सफलता के नए आयाम गढ़ रहे हैं। खेलों के विभिन्न मंचों पर पैराओलंपिक खिलाड़ी वैश्विक स्तर पर स्वर्ण अक्षरों में नया इतिहास लिख रहे हैं। प्रसिद्ध दिव्यांग व्यक्तियों में वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग और अल्बर्ट आइंस्टीन, पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रेंक्लिन डी. रूज़वेल्ट, और भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी इरा सिंघल की कहानी दूसरे दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करती है। इन्होंने अपनी विकलांगताओं पर विजय प्राप्त कर अपने-अपने क्षेत्रों में असाधारण सफलता प्राप्त करके दूसरों को संबल दिया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जीवन बना और बिगाड़ सकती हैं ये चीजें



संकलित
## दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

# ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जिएं



संकलित
## प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं, इसलिए आपके पूरे 50 हीरे आपको वापस मिल गए है।

## सटाका




## आज की पाती

### क्या मजबूत विपक्ष जरूरी नहीं

संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है और इसमें भी हंगामे और हो-हल्ला होने के चांस हैं, लेकिन संसद में हो हल्ला न हो ऐसे कैसे हो सकता है? क्या विपक्ष सरकार की तानाशाही नीतियों का विरोध नहीं करे? सरकार कोई ऐसा बिल संसद के किसी सत्र में पास करने की कोशिश करे जो आमजन के लिए लाभदायक कम और हानिकारक ज्यादा हो, उसका विरोध विपक्ष न करे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब नोटबंदी का फैसला लिया था, तब वो कितने दिन संसद ही नहीं गए थे। शायद उनके पास इस फैसले से संबंधित विपक्ष के प्रश्नों के जवाब नहीं थे। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। नहीं तो संसद में सत्ताधारी पार्टी कोई भी मनमाना कानून पास कर देगी।

*- शरद काले, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### हार्दिक संवेदना व्यक्त



राष्ट्रपति दिसानायके से बात कर चक्रवात दित्वा से हुई दुखद जनहानि और व्यापक तबाही पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की। एक घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र के रूप में, भारत इस कठिन घड़ी में श्रीलंका और उसके लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### वनभूमि कब्जामुक्त होगी



असम की वनभूमि पर जितने भी अवैध रूप से कब्जा जमाए बैठे लोग हैं, उन्हें हटाने के लिए हमारी सरकार कड़ी कार्रवाई करती रहेगी। यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक वनभूमि अवैध कब्जाधारियों से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाती।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### एसआईआर पर चर्चा



आज हमने नियम 267 के तहत जो नोटिस दिया है, सदन में उसका उद्देश्य बताया जाना चाहिए। ये परंपरा रही है। हमारी अपील है कि एसआईआर पर तत्काल चर्चा होनी चाहिए। ये बहुत ही गंभीर मुद्दा है, क्योंकि देश में बीएलओज की जान जा रही हैं। हम इस मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार हैं।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेसाध्यक्ष**

### उद्यमियों से प्रार्थना



सपने आप अकेले पूरे नहीं करते। जिस समाज ने हमें खड़ा किया, उसे कुछ लौटाना हमारी ज़िम्मेदारी है। यही मेरी सारे उद्यमियों से भी प्रार्थना है। आगे बढ़ रहे हो? बहुत अच्छा। अपने साथ लोगों को भी बढ़ाते चलो। यही असली विकास है।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# खालिदा जिया के इलाज में जुटे चीनी चिकित्सक



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत नाजुक हो जाने के कारण चीन के चिकित्सकों का एक दल यहां एक निजी अस्पताल में उनके उपचार में जुट गया तथा मंगलवार को वहां सुरक्षा कड़ी कर दी गई। मीडिया के अनुसार, पुलिस ने रात करीब दो बजे एवरकेयर अस्पताल के मुख्य द्वार पर अवरोधक लगा दिए। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि मरीजों की आवाजाही नियंत्रित करने और जिया की सुरक्षा मजबूत करने के लिए कई पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया (80) को हृदय और फेफड़ों में संक्रमण की शिकायत के बाद 23 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चार दिन बाद, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने पर उन्हें 'कोरोनरी केयर यूनिट' (सीसीयू) में भर्ती किया गया। खालिदा जिया तीन बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। बीएनपी के उपाध्यक्ष एडवोकेट अहमद आजम खान ने सोमवार को बताया कि जिया की हालत और बिगड़ने पर रविवार रात उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन से विशेषज्ञ चिकित्सकों का पांच सदस्यीय दल सोमवार को ढाका पहुंचा और देर रात उन्हें अस्पताल में प्रवेश करते देखा गया।

## ऑफ बीट

# ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा



ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था – या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है। एक सदी पहले जब आइंस्टीन ने सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत विकसित किया, तो उन्हें एहसास हुआ कि उनके समीकरणों से पता चलता है कि ब्रह्मांड को या तो विस्तारित होना चाहिए या सिकुड़ना चाहिए।

# गुमठी का विवाद शादी के बीच पहुंचा: मैरिज गार्डन के भीतर घुसकर दर्जनभर युवकों ने गाली-गलौज कर बरसाए पत्थर

सोमवार देर रात बाग-ओ-बहार मैरिज गार्डन में हुआ विवाद
पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही

**शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मामला, दो-तीन लोग पत्थर के हमले से हुए घायल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


विवाह समारोह में पत्थरबाजी करते उपद्रवी।


पत्थरबाजी के बाद समारोह में मची अफरा-तफरी।

सोमवार देर रात बाग-ओ-बहार मैरिज गार्डन में विवाह समारोह के दौरान बाहर हुए विवाद के बाद 10-12 युवक अंदर घुसकर पत्थरबाजी करने लगे। वे गाली-गलौज करते हुए बर्तन से हमला करने की कोशिश करते दिखे। इस दौरान दो लोग घायल हो गए। मामले में कोहेफिजा पुलिस ने आरोपी तस्लीम, फैसल, मुस्तकीम, अजगर, अली, नईम, शाजिल, फहद, मुजीब के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार बारात के कुछ युवक पान की गुमटी से सामान लेकर पैसे दिए बिना आगे बढ़ गए। इस पर गुमटी संचालक की उनसे बहस हो गई। उसने अपने करीबियों को बुला लिया और मामला बढ़ गया। वही शादी में आए लोगों ने बताया कि विवाद बाहर गुमठी वाले और किसी अन्य युवक का था, जो शादी गार्डन में घुस गया, जिसके बाद गुमठी वाले के साथ मिलकर उसके परिजन सभी शादी समारोह में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। वीडियो में कुछ युवक मैरिज गार्डन के बाहर व अंदर पत्थर मारते और गाली-गलौज करते साफ नजर आ रहे हैं। वीडियो में अफरा-तफरी का माहौल दिखाई देता है और मेहमान जान बचाकर इधर-उधर भागते दिखाई देते हैं।

### दो युवक घायल, झारे से किया हमला

मारपीट के दौरान बुधवारा निवासी शहजादे के सिर पर खाना बनाने वाले झारे से हमला किया गया। उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। वहीं एक अन्य युवक भी जख्मी हुआ है। दोनों को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। **पुलिस बोली- फुटेज खंगाल रहे हैं** - घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी केजी शुक्ला ने बताया दो युवकों को चोट आई है। किसी महिला को चोट नहीं है। हमने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। देर रात तक समारोह स्थल के आसपास तनाव की स्थिति बनी रही।

## गीता जयंती पर विद्यार्थियों को बांटी गीता

# बच्चों को बचपन से ही धार्मिक बातें सिखाएं तो हमेशा याद रहेगी: किरन


स्कूल में धार्मिक ग्रंथ गीता के साथ विद्यार्थी।

**संतनगर।** विजय श्री एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित लाइफ लाइन स्कूल में स्कूल में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को धार्मिक ग्रंथ गीता वितरित किया गया। हर वर्ष एक दिसंबर को गीता जयंती आती है उसी दिन सभी को गर्भ गीता बांटी जाती है। आज भी सभी विद्यार्थियों को बांटी गई। देखा गया है कि बचपन में सिखाया गया। आ,आ,इ,ई कोई नहीं भूलता है, उसी तरह अगर बच्चों को बचपन से ही धार्मिक बाते सिखाई जाए तो जीवनभर याद रहती है। इसी को ध्यान में रखकर बचपन में ही गीता का ज्ञान दिया जाता है। आज यहां प्राचार्या किरन वाधवानी ने सभी को पॉकेट ग्रंथ गर्भ गीता बांटी।

## खबर संक्षेप

### घर में चोरी करने वाले दोषियों को 3 वर्ष की सजा

**भोपाल।** फरियादी के सूने घर में घुसकर 50,000 रुपए की नगद राशि और सोने के आभूषण चोरी करने वाले आरोपियों शोएब उर्फ रेहान, अकरम, आमिर खान और जाहिद खान को अग्निघ्र कुमार द्विवेदी ने दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 8000 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। थाना टीटी नगर ने फरियादी अभिषेक जैन की रिपोर्ट पर 19 मई 2024 को अज्ञात आरोपियों के विरूद्व चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से फरियादी के घर से चुराया हुआ सामान बरामद किया था।

### संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन


**भोपाल।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई द्वारा संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन शिरीष श्रीवास्तव राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की अध्यक्षता में विश्व संवाद केंद्र के सभागार में किया गया। मूल संविधान से संवैधानिक विधि की यात्रा पर मुख्य वक्ता डॉ. मोना पुरोहित एचओडी विधि विभाग बरकत उल्ला विश्वविद्यालय द्वारा उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राकेश गिरि, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, महामंत्री मनीष नेमा, कोषाध्यक्ष प्रदीप मोदी एवं पूर्व अध्यक्ष मनोज रघुवंशी सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

### महेश बने मतदाता जांच पुनरीक्षण के प्रभारी



**औबेदुल्लागंज।** रायसेन जिला कांग्रेस अध्यक्ष विधायक देवेन्द्र पटेल ने मतदाता जांच पुनरीक्षण कार्यक्रम ( एसआईआर) भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्ति कर दिया है। पटेल ने बताया कि औबेदुल्लागंज ब्लॉक का प्रभारी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेश जैन, बाड़ी का जिला पंचायत सदस्य चंदा चौहान, सुल्तानपुर इरफान दुर्रानी, चिकलोद सेवादल के पूर्व अध्यक्ष मेघराज चौहान और मंडीदीप का महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष पवित्रा गौर को बनाया है। जैन ने अपनी नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### जिला अध्यक्ष आदिल को दी जन्मदिन की बधाई



**औबेदुल्लागंज।** रायसेन अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आदिल सिद्दिकी (सिमराई) का जन्मदिन उत्साह से मनाया। कांग्रेस नेता राजकुमार पटेल, विभा पटेल, श्याम सिंह तामोट, विनोद ईरपचे, अशोक पटेल, संजय मदान सेंकी उनके अनुज युवा कांग्रेस जिला महासचिव विशाल मदान, राजा मंसूरी, साबिर अली सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 456 | 52 | 246 |
| रात: | 457 | 69 | 234 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 579 | 16 | 349 |
| रात: | 440 | 81 | 155 |

## एमएलबी कॉलेज रोड अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे नगर निगम के कर्मचारी

# निगम के अतिक्रमण अमले पर हमला, दो कर्मचारियों के हाथ और मुंह पर मारी छुरी

**» एमएलबी कॉलेज रोड पर बने फुटपाथ पर हेलमेट की दुकान लगाने वाले ने पहले अमले को गालियां दी और बाद में छुरी से कर दिया हमला**

**» अरोपी ने धमकी भी दी- कहा मेरा ठेला व सामान उठाकर ले गए तो तुम लोगों को जान से खत्म कर दूंगा मुझे लाला कहते हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मोहम्मद अकबर, घायल निगम कर्मचारी


रमेश राठौर, घायल निगम कर्मचारी


हमले के बाद निगम के अधिकारी व कर्मचारी थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे।

राजधानी के एमलबी कॉलेज के पास बने फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने पहुंची टीम पर एक हेलमेट की दुकान लगाने वाले युवक लाला ने चाकू से हमला कर दिया। इससे निगम के दो कर्मचारी घायल हो गए। जिन्हें तत्काल हमीदिया अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। जहां उनका उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया है। घटना के बाद निगम के अधिकारी और कर्मचारी श्यामला हिल्स थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज करवाई। उक्त युवक रोशनपुरा स्लम बस्ती में रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस और नगर निगम की टीम ने उसके घर पर दबिश दी, लेकिन वह घर पर नहीं मिला। पुलिस उसे तलाश रही है।

घटना मंगलवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे की है, जब नगर निगम का अमला अतिक्रमण हटाने एमएलबी कॉलेज के पास पहुंचा, तभी एक युवक ने छुरी से हमला कर दिया। इससे दो कर्मचारियों को हाथ और मुंह पर चोंट लगी है। आरोपी दुकान हटाने का विरोध कर रहा था। उसने गाली-गलौज भी की। निगम की ओर से दर्ज एफआईआर में यह भी कहा गया है कि लाला ने धमकी देते हुए कहा कि मेरा ठेला व सामान उठाकर ले गए तो तुम लोगों को जान से खत्म कर दूंगा मुझे लाला कहते हैं।

अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पॉलिटेक्निक चौराहे और एमएलबी कॉलेज के पास यह घटना हुई। निगम अमला नियमित कार्रवाई कर रहा था। इसी दौरान एक युवक फुटपाथ पर हेलमेट जमा कर बैठा था। जिसे हटाने को कहा।

इसी दौरान युवक ने कार्रवाई का विरोध करते हुए निगम के दो कर्मचारियों पर चाकू से हमला कर दिया। श्यामला हिल्स थाने में मामला दर्ज करा दिया है और घायल कर्मचारियों को हमीदिया अस्पताल में इलाज के बाद घर भेज दिया गया है।

### » यह कर्मचारी हुए जख्मी, बाल-बाल बचे

हमले में कर्मचारी मोहम्मद अकबर के दाहिने हाथ की कोहनी में छुरी लगी और रमेश राठौर के दाहिने गाल पर चोट आई है। इस दौरान दोनों की कर्मचारियों का खून बहने लगा। आसपास लोग घबरा गए। आरोपी लाला नामक युवक मौके से फरार हो गया। आरोपी दुकानदार ने छुरी से पहले मो. अकबर पर हमला किया। अकबर ने छुरी से बचने के लिए हाथ आगे किया। इससे हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया। बीच बचाव में आए एक अन्य कर्मचारी रमेश को आरोपी ने मुंह पर छुरी मारी।

## नेहरू नगर चौराहे के पास हुआ हादसा

# एसयूवी कार बेकाबू होकर पेड़ से टकराई, एक की मौके पर मौत तीन दोस्त गंभीर रूप से घायल

**घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा इलाज**

**टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार ने युवक की जान ले ली। देर रात दोस्तों के साथ वापस लौट रहे बी.कॉम के छात्र की एसयूवी बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके तीन दोस्त गंभीर रूप से घायल हैं। सभी का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार अशोका गार्डन निवासी 25 साल का देवपायन मुद्गल अपने दोस्तों के साथ हैरियर कार से रात करीब ढाई बजे घर लौट रहा था। नेहरू नगर चौराहे के पास कार अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि देवपायन की वहीं मौत हो गई। कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त मिली है। पुलिस ने बताया कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हादसे के वक्त कार कौन चला रहा था और दुर्घटना का वास्तविक कारण क्या था। कमला नगर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस वाहन की स्पीड, ब्रेकिंग और मौके की परिस्थितियों के आधार पर भी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि घायल युवकों से पूछताछ की जाएगी। अभी वो अस्पताल में भर्ती हैं और इलाज चल रहा है।

## मंडीदीप थाना क्षेत्र में दाहोद रोड की घटना

# थ्रेशर में गमछा फंसने से युवक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

शहर के मंडीदीप थाना क्षेत्र में दाहोद रोड पर स्थित एक खेत में धान की थ्रेशिंग के दौरान दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। थ्रेशर मशीन में गमछा फंसने से 40 वर्षीय मजदूर की गला घुटने और गले की नशे कटने से मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान सुरेश वारेला पुत्र चमा सिंह, निवासी ग्राम अगिया, जिला सीहोर के रूप में हुई है। वह प्रदीप परमार के खेत में धान की थ्रेशिंग का काम कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुरेश के गले में बंधा गमछा अचानक थ्रेशर मशीन में खिंच गया, जिससे उसका गला बुरी तरह कस गया था। घटना इतनी भयावह थी कि मौके पर मौजूद अन्य मजदूर भी कुछ कर पाते, उससे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

सूचना मिलते ही मंडीदीप पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी रंजीत सराठे ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## सर्वधर्म कॉलोनी में पत्थर से सिर कुचल कर युवक की हत्या का खुलासा

# हत्यारे ने खुद ही एक्सीडेंट की झूठी सूचना देकर पुलिस को किया गुमराह

**पुलिस को जांच में एक्सीडेंट के कोई निशान नहीं मिले, मृतक के सिर पर गंभीर चोटें मिलीं थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार रोड थाना क्षेत्र में रविवार देर रात अंग्रेजी शराब दुकान के पास सर्वधर्म कॉलोनी में एक व्यक्ति का शव मिला था। डायल-112 पर सूचना दी गई थी कि अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस को घटना संदिग्ध लगी। एक्सीडेंट के कोई निशान नहीं थे और मृतक के सिर पर गंभीर चोटें मिलीं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

अज्ञात मृतक का फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किए गए तो उसकी पहचान कन्हैया सिंह लोधी (48), निवासी अब्बास नगर, गांधी नगर के रूप में हुई। जानकारी देने वाले युवक की मोबाइल लोकेशन ट्रैस की गई। उसे हिरासत में लेकर जब पूछताछ की गई तो वह लगातार एक्सीडेंट की कहानी दोहराता रहा, लेकिन एफएसएल जांच, तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी का नाम नीतेश विश्वकर्मा उर्फ नन्ना (25), निवासी दामखेड़ा कोलार रोड है।

### वरिष्ठ अधिकारियों ने की मॉनिटरिंग

कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा, एडीजी अवधेश गोस्वामी के निर्देशन में डीसीपी जोन-4 मयूर खंडेलवाल और एडीसीपी मलकीत सिंह की निगरानी तथा एसीपी चूनाभट्टी अंजली रघुवंशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजय सोनी की टीम ने मात्र 6 घंटे में अंधे कत्ल का पर्दाफाश किया। आरोपी पर हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

**बहन पर टिप्पणी से भड़का था आरोपी**

नीतेश ने बताया कि कुछ साल पहले बहन ने आत्महत्या कर ली थी। उसी को लेकर कन्हैया शराब पीकर मुझे गालियां देता था और बहन के चरित्र पर सवाल उठाता था। गुस्से में आकर मैंने पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या की। खुद को बचाने के लिए एक्सीडेंट की झूठी कहानी बनाकर पुलिस को फोन किया।

# आबकारी विभाग ने गुलगांव सांची में बड़ी मात्रा में जब्त की अवैध शराब

## 7 प्रकरण कायम कर एक को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



रायसेन कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी जिला रायसेन के निर्देशानुसार सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंडल प्रभारी रायसेन बबीता भट्ट, सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंडल प्रभारी बरेली शहनाज कुरैशी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंडल प्रभारी बेगमगंज अपर्णा राव आबकारी उपनिरीक्षक वृत रायसेन शैलेन्द्र भील, उपनिरीक्षक वृत औबेदुल्लागंज गौरव भद्रसेन, उपनिरीक्षक वृत बेगमगंज श्री रविन्द्र अहिरवार, उपनिरीक्षक वृत बरेली सुनील कुमार मीणा, उड़नदस्ता प्रभारी मुकेश कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक शैफाली शर्मा की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को गुलगांव, कालापीला, आमखेड़ा एवं राजीवनगर में दविश देकर हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं महुआ लाहन जब्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34- 1 के तहत कुल 7 प्रकरण कायम किए गए। एक आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया तथा 6 आरोपी मौके से फरार हो गए। सभी प्रकरणों में लगभग 90 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब और करीब 4500 किलो महुआ, गुड़ लाहन जब्त किया गया। टीम ने जब्त लाहन का सेंपल लेकर मौके पर ही नष्ट कर दिया। जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 4,68000 रुपए है।

## तुलसी नगर में मकान खाली कराकर अवैध कमरे और स्टोर रूम को जेसीबी से तोड़ा

**भोपाल।** राजधानी के तुलसी नगर में मंगलवार को नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में एक मकान खाली करवाकर अवैध रूप से बने कमरे और स्टोर रूम को जेसीबी से तोड़ने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा निगम की नियमित कार्रवाई के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमणों को हटाने के साथ ही अन्य क्षेत्रों में अवैध रूप से बनें छप्पर, टपरा, झुग्गी व चबूतरा तोड़ने की कार्रवाई की गई।

# दुष्कर्म करने वाले दोषी को 10 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कराटे खिलाड़ी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी सैयद फुजेल अली को दशम अपर सत्र न्यायालय में न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी के न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 25 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार पीड़िता खुशीपुरा थाना बजरिया क्षेत्र की रहने वाली है और कराटे खिलाड़ी है। चार माह पूर्व कराटे प्रतियोगिता के लिए नेपाल जाने के दौरान उसकी जान पहचान आरोपी सैयद फुजेल अली से हुई थी।

भोपाल लौटने के बाद आरोपी उससे लगातार संपर्क में रहा और उसे शादी का भरोसा दिलाकर मिलने बुलाता रहा। 4 जून 2019 को आरोपी उसे स्टेशन से अपनी गाड़ी में बैठाकर न्यू मार्केट स्थित एक फ्लैट में ले गया, जहां उसने पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर चुप रहने के लिए कहा और बाद में भी कई बार पीड़िता का शारीरिक शोषण किया। 26 अगस्त 2019 को आरोपी ने पीड़िता से शादी करने से साफ इंकार कर दिया। आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि वह उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। वो उसे और रिश्तेदारों को मरवा देगा। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस मामला दर्ज किया था।

## कलेक्टर की जनसुनवाई में 114 पीड़ितों ने दर्ज कराई शिकायत

# सांवरिया बिल्डर ने पार्क की जमीन पर काट दिया प्लॉट विक्रय पत्र पर बेचा, रजिस्ट्री तो नहीं कराई, किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह लोगों की परियाद सुनते हुए।

सांवरिया बिल्डर से खरीदे गए प्लॉट के बारे में पता चला कि बिल्डर ने पार्क की जमीन पर प्लॉट काट दिए हैं, जिसे बिल्डर धोखाधड़ी से दूसरे को बेच रहा है। इधर विक्रय पत्र करने पर खरीदार ने शेष राशि नहीं दी है, फिर भी वह प्लॉट पर कब्जा करके बैठा है। पीड़ितों ने मंगलवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की जनसुनवाई में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इसके साथ 114 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।

नौगांव छतरपुर निवासी इंकलाब चतुर्वेदी ने बताया कि नेवरी में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से प्लॉट खरीदा था। मैंने दिलीप कुकरेजा से 11 साल पहले 18 माह की अवधि के लिए एग्रीमेंट किया था, जिसमें शेष राशि देकर रजिस्ट्री करवाने की बात कही गई, लेकिन दिलीप ने रजिस्ट्री नहीं कराई। अब उन्होंने प्लॉट पर कब्जा कर बोर्ड लगा दिया है।

### सांवरिया बिल्डर ने की धोखाधड़ी

शिवनगर कॉलोनी भानपुर निवासी नेहा पति जीवनलाल ने बताया कि उन्होंने सांवरिया बिल्डर्स से प्लाट विक्रेता रोशनआरा खान पत्नी वली मोहम्मद खान से खरीदकर रजिस्ट्री करवाई थी। इसके बाद बिल्डर ने प्लॉट के सामने के पार्क के स्थान पर अवैध तरीके से प्लॉट काटकर अन्य को बेच दिए। पीड़िता ने बताया कि उसने जीवनभर की कमाई से प्लाट खरीदा था, जिसे धोखाधड़ी कर बेचा जा रहा है।

**तालाब में मिला बेटे का शव, हत्या का आरोप-** शमशाबाद विदिशा निवासी काले खां ने बताया कि उनका बेटा चुन्नू खां करोंद में रहता था। जिसे सिरोंज निवासी रेहाना बी ने 23 सितंबर को बुलाते हुए हमीदिया अस्पताल लेकर गईं थी। बेटे का मुजाज खां व शोएब खां से पुराना विवाद चल रहा था। इसके बाद 26 सितंबर को बड़ा तालाब में बेटे का शव मिला था। पिता का आरोप है कि बेटे की हत्या की गई है। कलेक्टर ने थाना प्रभारी तलैया को जांच के निर्देश दिए हैं।

## भोपाल गैस त्रासदी पर चिंगारी ट्रस्ट में हरिभूमि की लाइव रिपोर्टिंग

# त्रासदी से उभरी नई पीढ़ी का संबल.... 'चिंगारी ट्रस्ट'

मनीष मान ▸▸ भोपाल

**भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी**

2 और 3 दिसंबर 1984 की दरमियानी वह रात मानव इतिहास की सबसे भयावह औद्योगिक त्रासदी के रूप में दर्ज है। मप्र की राजधानी भोपाल में यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड के कीटनाशक कारखाने से मिथाइल आइसोसाइनेट नामक अत्यंत जहरीली गैस ने शहर के खुशनुमा वातावरण को मौत के आगोश में सुला दिया। इस त्रासदी में कुछ ही घंटों में हजारों लोग मौत की नींद सो गए और लाखों लोगों का जीवन हमेशा के लिए बदल गया। सुबह होते-होते चारों ओर लाशें ही लाशें थीं। सड़कें, गलियां, घर—हर जगह भय, चीखें और बेबसी का दर्दनाक दृश्य था।

इस हादसे में करीब 5 लाख लोग घायल हुए, जिनमें से हजारों जीवनभर के लिए शारीरिक और मानसिक बीमारियों से पीड़ति हैं। इस त्रासदी में लाखों प्रभावित हुए, जिनमें से कई आज भी सांस की बीमारियों, कैंसर और जन्मजात विकृतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन 41 वर्षों बाद भी न्याय, मुआवजा और उचित चिकित्सा की आस बेकार साबित हो रही है। इस अंधकार की कड़ी में रौशनी की एक किरण बनकर उभरा चिंगारी ट्रस्ट। 2006 से कार्यरत चिंगारी ट्रस्ट की स्थापना कई सालों की जंग के बाद राशिदा बी और चंपा देवी शुक्ला ने की। यह ट्रस्ट विशेष रूप से उन बच्चों का इलाज, देख-भाल, पुनर्वास व शिक्षा प्रदान करता है, जो या तो गैस त्रासदी के समय पैदा हुए थे या फिर दूसरी, तीसरी पीढ़ी के हैं। आज गैस त्रासदी की 41 वीं बरसी पर हरिभूमि ने चिंगारी ट्रस्ट में जाकर लाइव रिपोर्टिंग की और जाना कि कैसे आज भी गैस त्रासदी का भयावह मंजर कैसे आज भी लोगों के लिए पीड़ा और दर्द का विषय बना है।


चिंगारी ट्रस्ट में 300 बच्चे हैं, जिनकी शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक का पूरा ध्यान रखा जाता है, जिससे वे स्वस्थ हो रहे हैं।


चिंगारी ट्रस्ट में बच्चों को ऑनलाइन माध्यम से भी शिक्षा दी जाती है।

### वास्तविक मानव सेवा करने के उद्देश्य से 15 साल से जुड़ी इस ट्रस्ट से


ट्रस्ट से निकलते हुए स्पीच थेरेपिस्ट नौशीन खान।

स्पीच थेरेपिस्ट नौशीन खान ने कहा कि मैं पिछले 15 सालों से इस संस्था में काम कर रही हूं। जिसमें मेरे द्वारा करीब जीरो से लेकर 12 साल तक के सैकड़ों बच्चों की थैरेपी की। इनके माता पिता गैस पीड़ित रहे, आज मेरे द्वारा करीब 80 बच्चों को थैरेपी दी जा चुकी है और इनमें से करीब 45 बच्चे पूरी तरह से रिक्वर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेरे नाना नानी और मेरी मां सभी गैस पीड़ति रहे हैं और मुझे लगता है कि मैं ऐसी ही किसी संस्था में काम करुं, जहां वास्तविक मानव सेवा हो पाए और मैं अपने शहर से भी जुड़ी भी रहूं।



### 41 वर्षों से जारी जंग आज भी जारी है.....

ट्रस्ट संचालिका रशीदा बी ने कहा कि मैं खुद गैस पीड़ित हूं, उस मंजर को देखकर आज भी सहम जाती हूं। इस त्रासदी ने लाखों जान ली तो लाखों ने दिव्यांग बच्चों को जन्म दिया, उन्हीं बच्चों का दर्द देखकर एक जंग लड़ी और इस ट्रस्ट की स्थापना की। आज इस ट्रस्ट में करीब 300 बच्चे हैं, जिनमें से कई दिव्यांग तो कई मूक-बधिर हैं। इन बच्चों का पूर्ण इलाज कराने थैरेपी दी जाती है। मेरी जंग बहुत पुरानी है इन बच्चों को अपने पैरों पर खड़ा करने की, जिनमें से आज कईयों ने सफलता हासिल करते हुए करीब 90 फीसदी रिकवरी हासिल की।



### ऐसी और भी संस्थाएं बनें, ताकि हम जैसे माता-पिता अपने बच्चों का सही इलाज करा पाएं

अपने बेटी हिबजा खान को ट्रस्ट में इलाज के लिए लाने वाली हीना खान ने कहा कि मैं यहां पिछले चार साल से आ रही हूं। मेरी बेटी जब पैदा हुई थी तब उसे दौरे या फिट्स आते थे, लेकिन इस ट्रस्ट की थैरेपी और दवाओं से उसमें बहुत सुधार आया है। मुझे लगता है कि ऐसी संस्थाओं की और स्थापना होनी चाहिए, जहां हमारे जैसे माता पिता अपने बच्चों का इलाज करा सकें।

### मेरी बच्ची को सही इलाज मिल पा रहा है...

पुराना भोपाल निवासी प्रवीन खान कहती हैं कि मेरी बेटी मंतशाह 18 साल की है, जब ये पैदा हुई थी तब इनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। और तब से लेकर आज तक हम चिंगारी ट्रस्ट से जुड़े हैं क्योंकि मैं गैस पीड़ित हूं इसलिए मेरी बेटी की हालत यह हुई, लेकिन मैं इसे पूरी तरह से ठीक कराकर ही मानूंगी। इसी उद्देश्य से अपना पूरा समय अपनी बेटी को ठीक कराने में लगाती हूं और इस ट्रस्ट में वास्तवकिता में मेरी बच्ची को सही इलाज मिल पा रहा है और अब वो रनिंग करने के साथ साथ बास्केट बॉल भी खेलती है, जल्द ही बोलने की परेशानी भी खत्म हो जाएगी।


बेटी मंतशाह के साथ परवीन खान।

### अभि की हालत में 80 फीसदी सुधार

वहीं, राजेंद्र नगर कालोनी में रहने वाली मोनिका बाथम ने कहा कि मेरा 19 साल की बेटा अभि बाथम जब डेढ़ साल का था, तब मैं यहां आ रही हूं, वो चल और बोल नहीं पाता। अब यहां आने से उसमें काफी सुधार आया है, अब वो बोलता भी है और धीरे धीरे चल भी पाता है ओर सबसे खास बात वो पेंटिंग भी काफी अच्छी बनाने लगा है। बस ईश्वर से यही गुजारिश है कि वो पूरी तरह ठीक हो जाए ओर जीवन को सुचारु रूप से जीने लगे।


बेटे अभि के साथ मोनिका बाथम।

### बच्चे का इलाज भी नहीं करा पा रही थी...

शाहजहांनाबाद निवासी आफरीन शेख ने बताया कि मेरा छोटा बेटा शेख हसन जन्मजात मानसिक बीमारी से ग्रस्त है, मेरे पति नहीं हैं और मैं एक ओर अपने परिवार के पालन पोषण के लिए मेहनत करती हूं तो वहीं दूसरी ओर अपने बच्चे को ठीक करना मेरे जीवन का अंतिम उद्देश्य है और यहां इलाज कराकर मेरा बेटा काफी हद तक ठीक भी हुआ है। आफरीन कहती हैं कि जब पति थे तो बाहर इनका इलाज कराया, लेकिन उनके न रहने पर मैं आर्थिक रूप से इतनी मजबूर हो गई थी कि बच्चे का इलाज भी नहीं करा पा रही थी, और इस ट्रस्ट ने मेरे लिए रामबाण का काम किया, जहां मुफ्त इलाज होता है और बच्चे में काफी परिवर्तन भी नजर आने लगे हैं।


बेटे हसन के साथ आफरीन शेख।

## खबर संक्षेप

### स्व. अटलजी की जन्म शताब्दी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**भोपाल।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर, उनके जीवन से जुड़े सभी क्षेत्रों को लोगों से परिचित कराने संस्था 'नृत्यधाम भुवनेश्वर' 3 एवं 4 दिसंबर को रवींद्र भवन में शाम 5.30 बजे स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के रुप में सांस्कृतिक कार्यक्रमों किए जाएंगे।



### नाटक विक्रमोवर्शी का मंचन रवींद्र भवन में आज और कल

**भोपाल।** मप्र नाट्य विद्यालय द्वारा 3 और 4 दिसम्बर को रविंद्र भवन के अंजनी सभागार में नाटक विक्रमोवर्शी का मंचन किया जाएगा। यह प्रस्तुति नाट्य विधा में स्नातकोत्तर डिग्री एम.पी.ए. (नाट्य एवं रंगमंच) दो वर्षीय पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के साथ भारतीय शास्त्रीय नाट्य शैली पर तैयार किया गया है। कार्यक्रम में अतिथि व्यख्याता रामजी बाली होंगे।

### भोपाल में पहली बार कायस्थ कवि समागम 7 को दुष्यंत संग्रहालय में

**भोपाल।** दुष्यंत संग्रहालय में 7 दिसंबर को अखिल भारतीय कायस्थ कवि समागम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मप्र, उप्र एवं राजस्थान समेत पूरे देश भर से चुनिंदा 60 कायस्थ कवियों एवं कवयित्रियों की भागीदारी सुनिश्चित है। यह कार्यक्रम राम सेवक बुंदेली साहित्य एवं संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा किया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष देवेश कुमार देव एवं सचिव ओपी श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम संयोजक श्याम श्रीवास्तव सनम एवं मनीष श्रीवास्तव बादल हैं। देवेश देव ने बताया कि इस समागम का उद्देश्य देश भर में फैले कायस्थ साहित्यकारों को एक मंच पर लाना, उनकी कविताओं का आनंद लेना और उनका सम्मान करना है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन भोपाल में पहली बार होगा।

## विश्व रंग 2025 में 'मेरी भाषा मेरे हस्ताक्षर' अभियान बना वैश्विक भाषाई एकता का प्रतीक

# रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के ईबीएसबी क्लब की पहल को मिली व्यापक सराहना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

विश्वरंग 2025 में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत ईबीएसबी क्लब द्वारा संचालित मेरी भाषा मेरे हस्ताक्षर अभियान इस वर्ष एक वैश्विक आकर्षण के रूप में उभरा। इस अनूठी पहल में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ कई देशों से आए अतिथियों, कलाकारों, लेखकों और विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी मातृभाषा और राष्ट्रीय भाषाओं में हस्ताक्षर कर भाषाई मैत्री और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। पंडाल में लगाए गए भाषाई सद्भावना हस्ताक्षर-पटल पर हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी, पंजाबी, बांग्ला, उड़यिा, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, असमिया और उर्दू के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय भाषाओं सिंहली, जापानी, नेपाली, इंडोनेशियन, दारी/फारसी, फ्रेंच, स्पेनिश में भी उत्साहपूर्वक हस्ताक्षर किए गए।

देशभर से आए अतिथियों कलाकारों लेखकों और विद्यार्थियों ने किए अपनी मातृभाषा में हस्ताक्षर


'मेरी भाषा मेरे हस्ताक्षर' अभियान में हस्ताक्षर करते आरएनटीयू के कुलाधिपति संतोष चौबे।

### एनएच12 क्रिएटिव वुमेन्स क्लब का कार्यक्रम

## कामगार महिलाओं को मिला अनुभवी उद्यमी-विशेषज्ञों से सीखने का अवसर


विशेषज्ञ उद्यमियों के साथ गरीब बस्तियों की महिला कामगार।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

**मिनी मिरेकल स्कूल में ग्रामीण उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन**

एनएच12 क्रिएटिव वुमेन्स क्लब की सोशल इंटरप्रेन्योर वुमन एसोसिएशन सेवा के तहत ग्रामीण उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन मिनी मिरेकल स्कूल में किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं गरीब महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र भोपाल की अधिकारी कात्यानी वर्मा ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। एसोसिएशन की अध्यक्ष अंशु गुप्ता ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित महिला उद्यमिता विकास योजनाओं से गरीब बस्ती की कामगार महिलाओं को जोड़ते हुए, उन्हें योजनाओं की जानकारी एवं लाभ दिलाना है। जिसमें अनुभवी उद्यमी और विशेषज्ञों से सीखने का अवसर मिला। संस्था की सदस्य मधुर शर्मा ने व्यवसाय योजना, वित्तीय प्रबंधन, विपणन और बिक्री जैसे विषयों पर चर्चा की जहां अनिता चौहान ने नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर के विषय में जानकारी दी।

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में शोध उपकरण के महत्व पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

केंद्रीय संस्कृत विवि में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के अंतिम दिन शोध उपकरण के महत्त्व पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा ने की। मुख्य वक्ता प्रो. रमेश प्रसाद पाठक ने शोध उपकरणों के बहु आयामी महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उचित उपकरणों का चयन शोध की दिशा तय करता है उपकरण जितनें विश्वसनीय होंगे निष्कर्ष उतने ही प्रामाणिक होंगे। विशेष वक्ता डॉ. दाताराम पाठक ने बताया कि शोध उपकरण न केवल अनुसंधान को वैज्ञानिक बनाते हैं, बल्कि शोधार्थी को नए आयामों की ओर उन्मुख करते हैं। विशिष्ट उद्बोधन में एनसी ओझा ने कहा कि शोध उपकरण के महत्त्व को वर्तमान में समझना अत्यंत आवश्यक है, जिससे छात्र शोध कार्य में नए अनुसंधान कर सकें और सफल निष्कर्ष प्रस्तुत कर सकें।


कार्यशालाा में हिस्सा लेते विवि के विद्यार्थी।


आईईएचई में कार्यशाला को संबोधित करतीं विशेषज्ञ।

### आईईएचई में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का अंतिम दिवस

## एनआईआरएफ रैंकिंग्स में बेहतर प्रदर्शन के लिए शोध व बाजार में उपयोग पर उद्बोधन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) में मंगलवार को उच्च शिक्षा विभाग, मप्र शासन व विश्व बैंक के प्रायोजन से राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क के माध्यम से 'संस्थागत प्रदर्शन में वृद्धि' विषय पर गत दिवस से जारी दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला के द्वितीय एवं अंतिम दिवस डॉ. स्वागता गुप्ता, डॉ. अनुज हुंडैत एवं डॉ. मीनाक्षी राठी के महत्वपूर्ण सत्र आयोजित हुए।

कार्यक्रम के मार्गदर्शक की भूमिका संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने निभाई। डॉ. स्वागता गुप्ता ने एनआईआरएफ रैंकिंग्स में बेहतर प्रदर्शन हेतु शोध व उसके वास्तविक जीवन व बाजार में उपयोग पर अपना उद्बोधन दिया।

**शोध-जर्नल्स का चुनाव करने दिए सुझाव**

उन्होंने शोध-पत्रों के प्रकाशन हेतु सही शोध-जर्नल्स का चुनाव करने हेतु बहुउपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए। डॉ. स्वागता ने शोध-प्रकाशनों की संख्या के स्थान पर, शोध की गुणवत्ता व उपयोगिता को केंद्र में रखने को एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए अनिवार्य बताया। इस कार्यशाला में राज्य के शैक्षणिक संस्थानों के कुल 60 से अधिक प्रतिनिधियों ने प्रपत्रों तथा रैंकिंग प्रक्रिया के बारे में व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त किया। कार्यशाला का अंतिम सत्र प्रतिक्रियात्मक एवं मूल्यांकन से संबंधित रहा, जिसे कार्यशाला की सह-संयोजक अंकिता पटेल ने संपन्न करवाया।

### एमसीयू में भारत की भारतीय अवधारणा विषय पर युवा संवाद

## भारत सत्ता से नहीं, समाज से एक राष्ट रहा है: डॉ. मनमोहन वैद्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सुपरिचित चिंतक डॉ. मनमोहन वैद्य ने भारत की भारतीय अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा है कि राष्ट्र का अर्थ नेशन नहीं है। भारत में एक राजा और एक भाषा नहीं थी किंतु उत्तर से दक्षिण तक समाज अध्यात्म और संस्कृति के मूल्यों से एकरूप रहा है। इसने ही सनातन राष्ट्र का निर्माण किया। यह समाज राज्याश्रित नहीं था,स्वदेशी समाज था। डॉ. वैद्य माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता व संचार विश्वविद्यालय में आयोजित युवा संवाद को संबोधित कर रहे थे।


संबोधित करते डॉ. वैद्य।


डॉ. वैद्य का स्वागत करते कुलाधिपति विजय मनोहर तिवारी।

**इन्होंने किया आयोजन...**

*इसका आयोजन विद्यार्थियों के अध्ययन मंडल व पत्रकारिता विभाग ने संयुक्त रूप से किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने की। डॉ. वैद्य की इस सिलसिले में हाल में एक पुस्तक हम और यह विश्व प्रकाशित हुई थी जिसका पिछले दिनों ही राजधानी में लोकार्पण हुआ था। डॉ.वैद्य ने कहा कि भारतीय समाज पूरी तरह आत्मनिर्भर था और यह आयात नहीं, निर्यात करता था। विश्व के व्यापार में हमारी लगभग दो तिहाई भागीदारी थी जितनी ब्रिटेन व अमेरिका की मिलाकर भी नहीं थी।*

### फिल्म स्टार पाटोल बाबू का मंचन आज

विश्वविद्यालय में 3 दिसंबरको नाटक फिल्म स्टार पाटोल बाबू का मंचन किया जाएगा। रंग माध्यम नाट्य संस्था की यह प्रस्तुति गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में दोपहर 3 बजे होगी।

# संसद का शीतकालीन सत्र दूसरे दिन भी रहा बाधित

# वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में लोकसभा में 8 को होगी इस पर चर्चा, प्रधानमंत्री मोदी बहस की करेंगे शुरुआत




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में वंदे मातरम पर चर्चा सोमवार 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से की जाएगी। शीतकालीन सत्र में वंदे मातरम पर 10 घंटे की चर्चा होगी, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। यानी चर्चा के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री मोदी बहस की शुरुआत करेंगे। एक वरिष्ठ सांसद ने इस संबंध में बताया कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विस्तृत और विशेष चर्चा होगी।

यह चर्चा संसद के शीतकालीन सत्र का एक प्रमुख आकर्षण होने की उम्मीद है। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता आंदोलन में वंदे मातरम की भूमिका और समकालीन भारत में इसकी प्रासंगिकता पर चर्चा का अवसर प्रदान करेगी। इसके साथ ही चुनाव सुधारों पर 9-10 दिसंबर को चर्चा होगी, जिसका जवाब केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल देंगे।

## 10 घंटे चर्चा का समय किया गया निर्धारित

**भारत की सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई देगी**

**इसकी प्रासंगिकता पर माननीय रखेंगे अपने विचार**


संसदीय मंत्री किरेन रिरिजू


भाजपा आईटी सेल के मालवीय

### वंदे मातरम कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं: रिजिजू

किरेन रिजिजू ने सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि वंदे मातरम बहुत जरूरी है। हमारी आजादी की लड़ाई में हमने वंदे मातरम का नारा लगाकर अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। बंकिम चंद्र चटर्जी को वंदे मातरम लिखे 150 साल हो गए हैं। पूरा देश इस पर यकीन करता है। यह कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है। 150 साल हुए हैं, अगर हमें इस पर बात करनी भी पड़ी, तो मैं इसे सभी पार्टियों के सामने रखूंगा। मैं इसे बीएसी में उठाऊंगा। मैं यहां एजेंडा घोषित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि पूरे देश में वंदे मातरम को सम्मान मिलता है और हम सभी पार्टियों के साथ मिलकर इस पर चर्चा चाहते हैं।

### राजनीतिक नौटंकी कर रही टीएमसी कांग्रेस: मालवीय

एक दिन पहले भाजपा नेता अमित मालवीय ने कांग्रेस और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संसद में जारी हालिया निर्देश को लेकर दोनों दल जिस तरह आपत्ति जता रहे हैं, वह पूरी तरह 'राजनीतिक नौटंकी' है, जबकि यह नियम दशकों से लागू है और किसी सरकार की तरफ से नहीं, बल्कि लोकसभा और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारी की तरफ से बनाया गया था। दोनों दलों के बीच वार-पलटवार के बीच अब संसद सत्र में उनकी रणनीति ही राज्य के विधानसभा चुनाव की नींव तैयार करती दिखेगी।

**वंदे मातरम पहली बार 7 नवंबर 1875 को बंगदर्शन में हुआ था प्रकाशित**

बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित 'वंदे मातरम' पहली बार 7 नवंबर, 1875 को साहित्यिक पत्रिका 'बंगदर्शन' में प्रकाशित हुआ था। चटर्जी ने इसेअमर उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल किया, जो 1882 में प्रकाशित हुआ। इसे रवींद्रनाथ टैगोर ने संगीतबद्ध किया था। यह राष्ट्र की सभ्यतागत, राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग बन गया है। प्रधानमंत्री ने 7 नवंबर को 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 1 वर्ष तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया था।

## संसद में नेताओं ने कहा

### विपक्षी दलों की स्थिति बीमार की तरह हो गई: तिवारी



एसआईआर के खिलाफ विपक्ष के विरोध पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि वे सदन नहीं चलने दे रहे हैं, हंगामा कर रहे हैं। उनका रवैया देश में ज़रा सा भी काम नहीं होने दे रहा है और जनता यह देख रही है। विपक्ष की स्थिति बीमार की तरह हो गई है।

### कोई शिकायत नहीं कि वोट काटे गए सहरावत बोलीं



एसआईआर पर विपक्ष के हंगामे पर भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि पिछली बार भी उन्होंने 'सर' के मुद्दे पर सदन नहीं चलने दिया था। हमने देखा कि किसी ने भी यह शिकायत नहीं की कि उनका वोट काटा गया, चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए और वोट भाजपा के पक्ष में आए। विपक्ष फिर से 'सर' पर हंगामा कर रहा है।

### एसआईआर के जरिए 'वोट चोरी' को अंजाम दे रही सरकार: प्रियंका



प्रियंका गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार और चुनाव आयोग मिलकर एसआई के जरिये 'वोट चोरी' को अंजाम दे रहे हैं। यह हमारे करोड़ों दलित, पिछड़े, आदिवासी और वंचित भाई-बहनों से वोट का अधिकार छीनने का संगठित प्रयास है। चुनाव आयोग किसी सवाल का जवाब नहीं दे रहा है और सरकार खुलकर आयोग का बचाव कर रही है।

### विपक्षी नेताओं को मुद्दे उठाने का समय : हरसिमरत



शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल का कहना है कि पिछले 10 सालों में सदन का न चलना एक आम बात हो गई है। अगर आप रिकॉर्ड देखें, तो सदन की बैठकों की संख्या कम हो गई है। हम जैसे लोग अपने निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़कर यहां आने का क्या मतलब समझते हैं। हम तभी आएंगे जब सदन चलेगा। विपक्षी नेताओं को अपने मुद्दे उठाने का समय दिया जाना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश: केरल एसआईआर की तारीख बढ़ाने पर चुनाव आयोग दो दिन में ले फैसला

केरल में स्थानीय निकाय चुनावों के बीच सर के लिए गणना फॉर्म भरने की तारीख को एक सप्ताह और बढ़ाने की मांग का मामला मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग से इस मामले पर विचार करने को कहा है। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि 'सर' के कार्य में सरकारी मशीनरी को कोई समस्या नहीं है, लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को समस्या आ रही है, क्योंकि वे स्थानीय चुनावों में व्यस्त हैं। कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा है कि क्या गणना फॉर्म भरने की तारीख को एक हफ्ते के लिए और बढ़ाया जा सकता है?

### 25,000 स्टाफ केवल एसआईआर के लिए

चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि एसआईआर के लिए पूरी तरह अलग स्टाफ है और चुनाव के लिए स्टाफ अलग हैं। आयोग ने बताया कि 25000 स्टाफ केवल 'सर' के लिए मिले हैं। आयोग ने कोर्ट को यह भी बताया कि गणना फॉर्म भरने की मूल अंतिम तिथि 4 दिसंबर थी, जिसे पहले ही बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने केरल की राजनीतिक पार्टियों को निर्देश दिया है कि वे अपनी मांग से संबंधित आवेदन जल्द चुनाव आयोग को दें और चुनाव आयोग दो दिनों के भीतर इन मांगों पर फैसला ले।

## खबर संक्षेप

### प्रेम कुमार बने बिहार विधानसभा अध्यक्ष



**पटना।** 18वीं विधानसभा के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता प्रेम कुमार चुन लिए गए। उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया। वह नवीं बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। उन्होंने बताया था कि इस पद को लेकर जनता दल यूनाइटेड और भाजपा के अंदर कोई गतिरोध नहीं है। सोमवार को प्रोटेम स्पीकर के सामने शपथ ली थी।

### बस में आग से 3 जिंदगियां हो गईं स्वाह



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले की सुबह चीख-पुकार और एंबुलेस के सायरन की आवाज के बीच हुई। यहां एक निजी बस सोनौली से यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही थी। तड़के करीब 4 बजे कोई कुछ समझ पाता, गाड़ी ने आग पकड़ ली। यात्रियों को बाहर निकाला गया। 3 लोगों की सांसें मौके पर ही थम गईं। जबकि, 25 यात्री घायल हो गए।

### बीटेक छात्र ने 5वीं मंजिल से छलांग लगा दी जान



**सूरत।** देश के जाने-माने इंजीनियरिंग संस्थान सरदार वल्लभभाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सूरत में 30 नवंबर की कंप्यूटर साइंस के थर्ड ईयर के छात्र अद्वैत नायर ने हॉस्टल से कूदकर जान दे दी। वह केरल का रहने वाला था। उसके माता-पिता ओमान में रहते हैं। वह भाभा भवन बॉयज हॉस्टल की एच नंबर बिल्डिंग में रहता था।

### दिल्ली पुलिस ने 'ऑपरेशन मिलाप' में 84 को मिलाया



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता और अपहृत 84 लोगों को उनके परिवारों से मिलाया। इनमें 30 बच्चे भी शामिल हैं। यह आंकड़ा नवंबर महीने का है। इसके साथ ही इस वर्ष जिला पुलिस द्वारा बचाए गए कुल लोगों की संख्या 1,201 तक पहुंच गई है, जिसमें 399 बच्चे और 882 वयस्क शामिल हैं।

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने गुजरात के सडली में किया बड़ा दावा

# सरकारी पैसों से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे नेहरू, सरदार पटेल के प्रस्ताव ने उन्हें रोका

**पटेल ने तुष्टिकरण की राजनीति कभी नहीं की**


**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दावा किया कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे, लेकिन सरदार पटेल ने इसे रोक दिया। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार पटेल की एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सोच को आगे बढ़ा रही है।**

एजेंसी ▶▶ सडली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया। गुजरात के सडली गांव में आयोजित 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पटेल की भूमिका और उनके विचारों को विस्तार से बताया।राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया।

उन्होंने आगे दावा किया कि नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की।

गुजरात के सडली गांव में 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में पटेल की भूमिका को बताया



### कुछ राजनीतिक ताकतों ने पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की

रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतों ने वर्षों तक पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनवाकर पटेल को वह सम्मान दिलाया जो उन्हें पहले मिलना चाहिए था। सिंह ने आरोप लगाया कि नेहरू ने खुद को भारत रत्न दिया, लेकिन पटेल को उस समय यह सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट दिखाता है कि उस समय उनकी विरासत को नजरअंदाज किया गया।

### सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया

कार्यक्रम में राजनाथ ने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया था, क्योंकि पूरा धन जनता से आया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर भी पूरी तरह जनता के सहयोग से बना है और यह वास्तविक धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस के 1946 के अध्यक्ष चुनाव में अधिकतर प्रस्ताव पटेल के पक्ष में थे, लेकिन महात्मा गांधी के अनुरोध पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया और नेहरू अध्यक्ष बने, जिसके बाद वह प्रधानमंत्री बने।

### कश्मीर के विलय पर पटेल की सलाह मान ली जाती तो ...

राजनाथ सिंह ने कहा कि कश्मीर के विलय पर पटेल की सलाह मान ली जाती तो कश्मीर समस्या लंबे समय तक देश के लिए बोझ नहीं बनती। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर पटेल ने कड़े कदम उठाए, जैसे हैदराबाद के विलय में किया गया सख्त निर्णय। सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने भी ऑपरेशन सिंदूर में इसी मजबूत रुख का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि भारत किसी को उकसाता नहीं, लेकिन उकसाए जाने पर जवाब देना अच्छी तरह जानता है।

### एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश

सिंह ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाना आसान नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री ने यह कदम उठाकर कश्मीर को सही मायनों में भारत से जोड़ा। भारत आज दुनिया में अपनी शर्तों पर बात कर रहा है और तेजी से आर्थिक व सामरिक शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि पटेल का सपना 'वन इंडिया, बेस्ट इंडिया' अब मजबूत रूप में साकार हो रहा है। 'यूनिटी मार्च' सरदार पटेल के 150वें जन्म वर्ष पर करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक आयोजित किया गया है।

### सवाल से ट्रेनी आईएएस हो गए हैरान

**देहरादून।** उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 600 से अधिक आईएएस तैयार हो रहे हैं। हाल ही में एलबीएसएनएए में 100वें फाउंडेशन कोर्स का समापन समारोह हुआ। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। इस दौरान ट्रेनी आइएएस को शुभकामनाएं दीं। सब सही चल रहा था, लेकिन प्रोग्राम के बीच गणित के एक सवाल कुछ देर के लिए सभी को हैरान कर दिया। रक्षा मंत्री ने मंच से कहा कि समाज के चैलेंज से निपटने में आपका बहुत बड़ा रोल है। आपको सिर्फ कानूनों और नियमों के लेटर या टेक्स्ट को ही ध्यान में रखकर काम नहीं करना है, बल्कि उनकी स्पिरिट को भी ध्यान में रखकर काम करना है।

## चुनाव से पहले ममता का रिपोर्ट कार्ड

# 14 साल के हिसाब में खेला 2 करोड़ नौकरी वाला दांव



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी चुनावी मोड में आ चुकी हैं। ममता ने मंगलवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के 14 साल के शासन के दौरान राज्य में दो करोड़ से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं।

वर्ष 2011 से सत्ता में कायम अपनी सरकार के प्रदर्शन का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल केंद्र द्वारा धन रोके जाने से पहले मनरेगा, ग्रामीण आवास, ग्रामीण सड़क निर्माण में लगातार चार बार देश में शीर्ष पर रहा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर निशाना साधते हुए बेनर्जी ने आरोप लगाया कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में 10,000 रुपए बांटे, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद बुलडोज़र चला दिए।

### केंद्र ने नहीं किया भुगतान फिर भी कार्य नहीं रुके

बंगाल की सीएम ममता ने कहा कि केंद्र द्वारा राज्य का बकाया भुगतान नहीं किए जाने के बावजूद पश्चिम बंगाल सरकार ने अपनी विकास गतिविधियां जारी रखीं। हमने नौ करोड़ लोगों को कवर करने वाली 'खाद्य साथी' खाद्य सुरक्षा योजना पर एक लाख करोड़ रुपए और सात करोड़ लोगों के लिए 'दुआरे राशन' पर 1,717 करोड़ रुपए खर्च किए। बेनर्जी ने दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले 14 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में बजटीय आवंटन छह गुना बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल अब विभिन्न क्षेत्रों में शेष भारत के लिए एक आदर्श बन गया है।

### केंद्र सरकार पर साधा निशाना

ममता के मुताबिक वर्तमान में 2.2 करोड़ से ज़्यादा महिलाओं को लक्ष्मी भंडार से मासिक सहायता मिल रही है। पिछले 14 वर्षों में 99 लाख से ज़्यादा अतिरिक्त परिवारों को पेयजल कनेक्शन मिले हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर निशाना साधते हुए बेनर्जी ने आरोप लगाया कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में 10,000 रुपए बांटे, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद बुलडोज़र चला दिए।

**एसआईआर ड्यूटी के मृतक कर्मियों को 2 लाख देगी सरकार**

बेनर्जी ने उन 39 लोगों के परिवारों के लिए वित्तीय मदद का ऐलान किया, जिनकी एसआईआर ड्यूटी के दौरान मौत हो गई थी या फिर उन्होंने तनाव में आकर आत्महत्या कर ली थी। बेनर्जी ने कहा कि इन 39 दुखी परिवारों में से हर एक को 2 लाख रुपए मिलेंगे, जिसमें 4 बूथ लेवल ऑफिसर भी शामिल हैं।

## रोहिंग्याओं पर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

# घुसपैठियों के लिए भी रेड कार्पेट चाह रहे, अर्जी को किया खारिज

**अदालत ने पीआईएल पर तल्ख टिप्पणी की**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। दरअसल, याचिका में कुछ रोहिंग्या शरणार्थियों के लापता होने को लेकर चिंता जाहिर की गई थी और इस मामले में केंद्र को निर्देश देने की अपील की गई। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने मामले में सुनवाई को टाल दिया।

कुछ रोहिंग्या शरणार्थियों के लापता होने को लेकर जताई थी चिंता



### आपको नहीं मालूम- गैरकानूनी रह रहे

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में तीखी टिप्पणी करते हुए याचिकाकर्ताओं से कहा कि आप जानते हैं वे घुसपैठिए हैं। भारत के उत्तरी बॉर्डर बहुत संवेदनशील हैं। देश में क्या हो रहा है। अगर कोई यहां गैरकानूनी ढंग से आया है, तब भी आप उनके लिए रेड कार्पेट चाहते हैं। वे सुरंगों के जरिए घुसते हैं और फिर आपके खाने, निवास के अधिकारी, बच्चों की शिक्षा आदि के अधिकारी हो जाते हैं। क्या हम कानून का दायरा इस तरह खींचना चाहते हैं? ऐसे मामलों में बंदी प्रत्यक्षीकरण (हीबस कॉर्पस) जैसी मांगें करना काफी काल्पनिक बात है।

### बंगाल पुलिस का फरमान

### 72 घंटे के अंदर राज्य छोड़ो, थमाया अल्टीमेटम

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के कई मुस्लिम युवक सालों से ओडिशा के नयागढ़ और आसपास के जिलों में कारोबार करते हैं। ये लोग वहां अपने दोपहिया वाहनों पर गांव-गांव और शहर-शहर जाकर कंबल, मच्छड़दानी और ऊनी कपड़े बेचते हैं। आपस में ये लोग बांग्ला में बात किया करते थे, यही बात वहां की पुलिस को नागवार लग गई। पुलिस ने उन्हें रोहिंग्या और बांग्लादेशी बताकर 72 घंटे के अंदर ओडिशा छोड़ने का फरमान थमाया है। उधर, ओडागांव पुलिस ने पिछले हफ्ते 4 मुस्लिम युवकों को ओडिशा छोड़ने का आदेश दिया था।

### ट्रायल में देरी हैरान करने वाला मामला

*सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली दंगे से जुड़े मुकदमे पर सुनवाई के दौरान गुलफिशा फातिमा के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आरोपी लगभग छह साल जेल में बिता चुकी हैं। सिंघवी ने कहा कि ट्रायल में देरी हैरान करने वाला है। उन्होंने कहा कि ये काफी हैरान करने वाला मामला है।*

## सीएम रेड्डी के बिगड़े बोल

# हिंदू देवताओं का उड़ाया मजाक एक भगवान पियक्कड़ों के...

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी अपने बयान पर विवाद में फंसते दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि रेड्डी ने हिंदू धर्म में कई भगवान होने का मजाक उड़ाया है। इसको लेकर भाजपा और बीआरएस ने उनसे तुरंत माफी मांगने को कहा है। रेड्डी एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने हिंदू धर्म में कई भगवान होने का मजाक उड़ाया और यहां तक बोल गए कि हनुमान अविवाहित लोगों के भगवान हैं। रेड्डी ने कहा कि हिंदू कितने सारे भगवान में विश्वास करते हैं? करीब तीन करोड़? आखिर इतने सारे भगवान क्यों? उन्होंने कहा कि इनके यहां तो अविवाहित लोगों का भी एक भगवान है। जिन लोगों ने दो बार विवाह किया है, उनके लिए एक और भगवान हैं। जो शराब पीते हैं उनके लिए एक अलग भगवान है। उन्होंने कहा मुर्गियों की बलि चढ़ाने के लिए दूसरा भगवान और दाल-चावल के लिए दूसरा भगवान। हर ग्रुप का अपना एक अलग भगवान है। भाजपा नेता प्रवीण ने कहा कि रेड्डी के बयान से प्रदेश के सभी हिंदू खुद को शर्मिंदा महसूस कर रहे हैं।

**बारूद इतना कि 10 किमी क्षेत्र को कर सकता था तबाह**

# देश पर आतंक का खतरा अभी टला नहीं: आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम, राजस्थान के राजसमंद में विस्फोटक से लदी पिकअप जब्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश पर आतंक का खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है। फरीदाबाद मॉड्यूल और दिल्ली ब्लास्ट के बाद राजस्थान से बड़ी संख्या में विस्फोटक बरामद हुआ है। यह विस्फोटक इतना खतरनाक था कि 10 किलोमीटर के क्षेत्र को एक धमाके में तबाह कर सकता था। पुलिस के अनुसार, पिकअप वैन में जितना विस्फोटक मौजूद था, अगर इसमें ब्लास्ट होता तो 10 किलोमीटर तक का क्षेत्रफल प्रभावित हो सकता था।

हालांकि, इस विस्फोटक को कहां लेकर जाया जा रहा था? इसका अंदाजा अभी नहीं लग सका है। पुलिस पिकअप वैन के ड्राइवर से पूछताछ कर रही है, जिसमें कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं। उन सभी की तलाश जारी है। राजस्थान पुलिस ने राजसमंद से यह विस्फोटक बरामद किया है। इसे पिकअप वैन में भरकर राजस्थान के आमेद से नाथद्वारा ले जाया जा रहा था। पुलिस ने वैन की तलाशी के दौरान विस्फोटक बरामद किया है।

## ड्राइवर से पूछताछ में सामने आए कई नाम



बॉक्सों में भरा था विस्फोटक

### पिकअप के साथ दो आरोपी पकड़े

प्रारंभिक जांच में विस्फोटक सामग्री ले जाने संबंधी कोई परमिट नहीं मिला और सुरक्षा को लेकर गंभीर बेपरवाही सामने आई है। नाथद्वारा पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत ने बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर एसपी ममता गुप्ता के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार सुबह श्रीनाथजी थाना पुलिस द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी।

### खदानों में ले जा रहे थे विस्फोटक

डीएसपी शिप्रा राजावत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में जब्त किया गया विस्फोटक ग्रेनाइट माइंसों पर पत्थर ब्लास्ट के लिए ले जाना सामने आया है। पुलिस द्वारा फिलहाल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खुले में विस्फोटक सामग्री को रखा है और विशेषज्ञों की राय के अनुसार अग्रिम कार्रवाई होगी। फिलहाल ब्लास्ट का कोई खतरा नहीं है।

### आमेट से नाथद्वारा ले जाया जा रहा था विस्फोटक

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुबह पिकअप वाहन में लोड किया गया था। पिकअप वाहन आमेट क्षेत्र से नाथद्वारा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान छापा मारकर इससे विस्फोटक जब्त किया गया। पिकअप में भरे विस्फोटक की मात्रा को देखकर पुलिस दंग रह गई। इसके बाद पूरे विस्फोटक सामाग्री को वाहन से नीचे उतारा गया। विस्फोटकों को कार्टन में रखा गया था। पुलिस के अनुसार इसकी मात्रा इतनी अधिक है कि इससे धमाका किया जाता तो करीब 10 किलोमीटर के क्षेत्र में असर दिखाई देता।

### उमर के साथी आमिर की हिरासत 7 दिन बढ़ी



दिल्ली के लाल किला कार ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी राहत मिली है। पटियाला हाउस स्थित स्पेशल एनआईए कोर्ट ने मामले के मुख्य आरोपी आमिर रशीद अली की कस्टडी सात दिन और बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।

---

## खबर संक्षेप

### ट्रंप के हृदय और पेट की एमआरआई, सामान्य

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चिकित्सक ने कहा कि राष्ट्रपति का अक्टूबर में एहतियात के तौर हृदय और पेट का एमआरआई स्कैन कराया गया था जिसके परिणाम पूरी तरह सामान्य पाए गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस द्वारा चिकित्सक की ओर से जारी एक मेमो में यह जानकारी दी गयी है। डॉ. शॉन बारबाबेला ने सोमवार को एक बयान में कहा कि ट्रंप की शारीरिक जांच में 'एडवांस्ड इमेजिंग' शामिल थी, जो कि ट्रंप की आयु के व्यक्तियों के लिए शारीरिक परीक्षण का हिस्सा है।



### पाकिस्तान में हुआ हमला कर्मियों सहित 4 की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में मंगलवार को आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में उत्तरी वजीरिस्तान के सहायक आयुक्त और दो पुलिसकर्मियों सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक प्रांत के बन्नू जिले में हुए हमले में उत्तरी वजीरिस्तान के सहायक आयुक्त शाह वलीउल्लाह के वाहन को निशाना बनाया गया। क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय के प्रवक्ता काशिफ नवाज ने बताया कि यह हमला बन्नू जिले के कैंट पुलिस थाना क्षेत्र में हुआ।



---

### अमेरिकी टैरिफ पर रूस की दो टूक कहा

**तेल का व्यापार नहीं होगा कम, रूसी प्रवक्ता पेस्कोव का आश्वासन**

# मॉस्को-नई दिल्ली भारत का निर्यात बढ़ाने के लिए साथ कर रहे हैं काम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम देशों के कड़े आर्थिक प्रतिबंधों और अमेरिका की ओर से टैरिफ वॉर चलाने के बीच रूस ने भारत के साथ अपने संबंधों पर बयान दिया है। रूस ने साफ किया है कि नई दिल्ली के साथ उसका रिश्ता किसी 'तीसरे पक्ष' के दबाव में खत्म नहीं होने वाला। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने एक अहम बयान में न केवल तेल व्यापार को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया है, बल्कि भारत के लिए सिरदर्द बन चुके 'व्यापार घाटे' को सुलझाने का रोडमैप भी पेश किया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और यूरोपीय देश रूस की अर्थव्यवस्था को अलग-थलग करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।


दिमित्री पेस्कोव

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मॉस्को यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि अमेरिकी प्रतिबंधों की परछाई भारत के साथ होने वाले तेल व्यापार पर न पड़े। पेस्कोव ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि व्यापार की मात्रा में, विशेषकर तेल के क्षेत्र में, कोई कमी न आए। रूसी अधिकारी का यह बयान भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले दो वर्षों में रूस भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। पश्चिमी देशों ने 'प्राइस कैप' और टैंकरों पर प्रतिबंध लगाकर इस सप्लाई चेन को तोड़ने की कोशिश की है।

**◆ मॉस्को प्रयास कर रहा है कि अमेरिकी प्रतिबंधों की परछाई भारत पर न पड़े**


ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे... फाइल फोटो

### बाहरी दबाव से बचने के लिए सुरक्षा कवच तैयार करना होगा

पेस्कोव ने कूटनीतिक रूप से अमेरिका का नाम लिए बिना साफ संदेश दिया कि दोनों देशों को अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए एक 'सुरक्षा कवच' तैयार करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा, भारत और रूस को अपने द्विपक्षीय व्यापार को बाहरी दबाव और तीसरे देशों के हस्तक्षेप से सुरक्षित रखना होगा। विश्लेषकों का मानना है कि यह इशारा सीधे तौर पर स्विफ्ट बैंकिंग सिस्टम से अलग, एक स्वतंत्र भुगतान प्रणाली (जैसे रुपये-रूबल व्यापार या डिजिटल करेंसी) को और मजबूत करने की ओर है।

### *मेक इन इंडिया को मिल सकता है बल*

*पेस्कोव ने यह भी जानकारी दी कि मॉस्को और नई दिल्ली भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह कदम न केवल व्यापार संतुलन को सुधारेगा बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के मेक इन इंडिया अभियान को भी रूस के रूप में एक बड़ा और स्थाई बाजार दिला सकता है।*

### एस-400 डिफेंस सिस्टम और एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान की डील होगी फाइनल?

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को दो दिवसीय भारत दौरे पर आ रहे हैं। इस बीच रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पुष्टि की है कि सुखोई एसयू-57 स्टील्थ फाइटर जेट और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम सहित प्रमुख रक्षा समझौतों पर चर्चा होने की उम्मीद है। दिमित्री पेसकोव ने कहा कि मुझे कोई शक नहीं है कि यात्रा के दौरान इस पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि एसयू-57 का मुद्दा निश्चित रूप से पुतिन की भारत यात्रा के एजेंडे में होगा। बता दें कि भारत अपने एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने के लिए 300 रूसी मिसाइलें खरीदने की योजना बना रहा है और पांच अतिरिक्त एस-400 स्क्वाड्रन भी हासिल करना चाहता है। रिपोर्ट्स के अनुसार भारत इन मिसाइलों की खरीद के लिए मॉस्को को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी करने की तैयारी कर रही है, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तैनात किया गया था। उम्मीद है कि इस मामले पर 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच होने वाली बैठक में चर्चा होगी। भारत और रूस ने पहली बार 2018 में एस-400 सिस्टम के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।


एस-400 फाइल चित्र

### किले में तब्दील हुई राजधानी



## पुतिन के भारत दौरे से पहले दिल्ली में हाई सिक्योरिटी अलर्ट

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुतिन के भारत दौरे से पहले राजधानी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त कर दी गई है। पुतिन की सुरक्षा दुनिया में सबसे पुख्ता मानी जाती है और इसी स्तर को बनाए रखने के लिए भारत और रूस दोनों देशों की एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। व्लादिमीर पुतिन की सुरक्षा में तैनात रूस की स्पेशल प्रोटेक्शन टीम कई दिन पहले ही दिल्ली आ चुकी है। यह टीम होटल, एयरपोर्ट, मीटिंग वेन्यू और पूरे रूट की बिना शोर-शराबे के जांच कर रही है।

### *हाई अलर्ट पर हैं एजेंसियां*

*रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे तो लेकर दिल्ली पुलिस, स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) और केंद्रीय एजेंसियां भी हाई अलर्ट पर हैं। राजधानी के प्रमुख इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। वीआईपी मूवमेंट के रूट्स का पहले से ट्रायल किया जा रहा है। होटल से मीटिंग वेन्यू तक मल्टी-लेयर सिक्योरिटी रखी गई है। सभी प्वाइंट्स पर स्नाइपर्स की तैनाती की गई है साथ ही ड्रोन के जरिए भी निगरानी की जा रही है।*

### तैयार है ट्रैफिक प्लान

पुतिन के काफिले के जिस रूट से गुजरने की संभावना है, वहां हाई-डेफिनिशन कैमरों और फेस रिकग्निशन सिस्टम की मदद से रियल-टाइम मॉनिटरिंग होगी। दिल्ली पुलिस के कंट्रोल रूम में 24घंटे 7 दिन एक अलग मॉनिटरिंग डेस्क बनाई गई है। वीआईपी मूवमेंट के दौरान दिल्ली के कुछ हिस्सों में ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। पुलिस का प्रयास रहेगा कि आम लोगों को कम से कम दिक्कत हो, लेकिन सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।

---

## *दितवाह: देवदूत बनी भारतीय सेना*



### भारत ने निभाया पड़ोसी धर्म सैकड़ों की बचाई जान

***नई दिल्ली।** भारत ने चक्रवाती तूफान दितवाह से निपटने के लिए ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका को 53 टन राहत सामग्री भेजी है। श्रीलंका में कम से कम 334 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। भारत ने तुरंत श्रीलंका को मदद के लिए ऑपरेशन सागर बंधु शुरू किया। भारतीय नौसेना के जहाज सुकन्या (त्रिंकोमाली में) पर 12 टन और राहत का सामान भेजा गया। इस तरह कुल 53 टन राहत का सामान सौंपा गया है। चेतक हेलीकॉप्टर और भारतीय वायु सेना फंसे हुए लोगों को एयरलिफ्ट किया गया। इसमें गर्भवती महिलाएं, बच्चे और गंभीर रूप से घायल लोग शामिल थे। बचाए गए लोगों में श्रीलंका, इंडिया, जर्मनी, स्लोवेनिया, ब्रिटेन, साउथ अफ्रीका, पोलैंड, बेलारूस, ईरान, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिक शामिल थे।*

**नौसेनादिवस की पूर्व संध्या पर नौसेनाप्रमुख एडमिरल डीके त्रिपाठी का बड़ा खुलासा**

# नेवी के जंगी बेड़े में जल्द शामिल होगी तीसरी परमाणु चालित पनडुब्बी 'अरिदमन', परीक्षण अंतिम चरण में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं जब भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में स्वदेश में निर्मित तीसरी परमाणु ऊर्जा चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी 'अरिदमन' शामिल होने वाली है। नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को नौसेनादिवस (4 दिसंबर) के पूर्व यहां आयोजित वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि अरिदमन जल्द ही नौसेना में कमीशन की जाएगी। अभी इससे संबंधित परीक्षण अंतिम चरण में चल रहे हैं। उन्होंने इसे पूर्व पनडुब्बी से उन्नत पनडुब्बी बताया और ये स्पष्ट किया कि जल्द ही इसे बल के जंगी बेड़े में शामिल किया जाएगा। इन पनडुब्बियां का निर्माण भारत के परमाणु चालित बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम (एसएसबीएन) के तहत किया जा रहा है। जबकि इनके संचालन की पूर्ण जिम्मेदारी सामरिक बल कमांड (एसएफसी) के पास रहती है। जिसकी अध्यक्षता स्वयं पीएम करते हैं।


एडमिरल डीके त्रिपाठी

उन्होंने बताया कि भारत अपने सभी परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के मामले में पहले इस्तेमाल न किए जाने यानी नो फर्स्ट यूज की नीति (न्यूक्लियर डाक्टरीन) का पालन करता है। तीसरी अरिदमन पनडुब्बी के नौसेना के बेड़े में शामिल होने से उसकी जरूरत पड़ने पर जल, नभ और थल तीनों क्षेत्रों से दुश्मन के किसी भी वार का तुरंत मुंहतोड़ जवाब देने की क्षमता और अधिक मजबूत हो जाएगी। अरिहंत श्रेणी की पनडुब्बियों के देश में निर्माण-विकास के साथ ही भारत दुनिया के उन विशिष्ट देशों के क्लब में शामिल हो गया है। जिनके पास पहले से ये क्षमता मौजूद है। जिसमें अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देश मुख्य हैं।

### उदयगिरि बना स्वदेश में निर्मित 100वां युद्धपोत

एडमिरल त्रिपाठी ने दिसंबर 2024 में हुए नौसेनादिवस के बाद से लेकर अब तक बल के बेड़े में कुल एक दर्जन जहाज शामिल करने की बात कही। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस साल जनवरी महीने में आईएनएस वागशीर पनडुब्बी को कमीशन किया था। इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों कमीशन हुआ उदयगिरि युद्धपोत नौसेना के डिजाइन ब्यूरो द्वारा स्वदेश में निर्मित-विकसित सौंवा युद्धपोत है। हाल ही में आईएनएस माहे कमीशन किया गया था।

### *जल्द मिलेंगी महिला पनडुब्बी कर्मी*

*त्रिपाठी ने कहा कि नौसेना में महिला पनडुब्बी कर्मियों को शामिल करने की कवायद चल रही है। ये एक प्रकार से महिलाओं की बल में भूमिका बढ़ाने की प्रक्रिया को प्रदर्शित करता है।*

### *51 नए जहाज बनाए जा रहे*

*उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश के विभिन्न शिपयार्ड, डीपीएसयू में नौसेना के कुल 51 प्लेटफार्म बनाए जा रहे हैं जिनकी कुल कीमत 1 लाख 27 हजार 554 करोड़ है।*

---

**श्रीलंका को एक्सपायरी डेट की राहत सामग्री भेजने पर पाक को झेलनी पड़ी जमकर आलोचना**

# भारत ने महज साढ़े चार घंटे में पाक के लिए खोल दी हवाई सीमा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने श्रीलंका के दितवाह चक्रवात प्रभावितों तक मानवीय सहायता पहुंचाने के पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उसके लिए चंद घंटों के अंदर ही अपनी हवाई सीमा खोल दी है। जबकि पाकिस्तान है कि वो इस मामले में भी अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। मंगलवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान जारी कर पाक को दो टूक अंदाज में यह बता दिया कि उसके द्वारा की जा रही बयानबाजी एक बार फिर से भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने की कोशिश का हिस्सा मात्र है। जो पूरी तरह से मूर्खतापूर्ण और हास्यास्पद जान पड़ता है।


प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

**मामले में भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने वाले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के बयानों को हास्यास्पद बताते हुए भारत ने किया खारिज**

### *सोमवार को मिला पाक का अनुरोध*

*रणधीर ने बताया कि मामले में इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग को बीते सोमवार (1 दिसंबर) दोपहर 1 बजे श्रीलंका तक मानवीय सहायता भेजने के लिए हवाई सीमा का इस्तेमाल करने की अनुमति देने के लिए औपचारिक अनुरोध किया गया था। विषय भीषण बाढ़ से जूझ रहे श्रीलंका को तत्काल मानवीय सहायता पहुंचाने का था। इसलिए बिना कोई वक्त गवाए भारत ने पाकिस्तान के अनुरोध पर प्रतिक्रिया दी और उसी दिन जवाब देते हुए अपनी हवाई सीमा मानवीय सहायता ले जाने वाले पाकिस्तानी विमानों के लिए खोल दी।*

### सोशल मीडिया पर पिटी पाक की भद्द

इन सबके बीच पाकिस्तान द्वारा श्रीलंका को भेजी गई एक्सपायरी डेट की राहत सामग्री को लेकर सोशल मीडिया पर उसे जमकर आलोचना का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान उच्चायोग ने इसे लेकर फोटो के साथ कुछ पोस्ट की थीं। जिनमें दिखाई गई राहत सामग्री के वास्तविक इस्तेमाल की डेट निकल चुकी थी। कई पैकेटों पर एक्सपायरी: 10/2024 लिखा हुआ था। जिसे लेकर कुछ यूजर्स ने काफी नाराजगी के साथ पाकिस्तान की आलोचना की। मामले पर अपनी फजीहत होता देख पाकिस्तानी सरकार ने अपने हैंडल से उक्त विवादित पोस्ट की फोटो हटा दी।

### *चक्रवात में 200 से अधिक की मौत*

*दितवाह चक्रवात से भारत के इस निकट पड़ोसी द्वीपीय देश में बड़ी भारी तबाही हुई है। करीब 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। जबकि कई अन्य घायल हैं। बड़ी तादाद में लोग विस्थापित भी हुए हैं। श्रीलंका की सरकार ने मौजूदा समय में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की है। उधर, जमीनी स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए कोलंबो की सरकार ने अपने सभी क्षेत्रीय भागीदार देशों से मदद की अपील की है।*

**सांसद वॉशिंगटन स्थित इंडिया हाउस पहुंचे**

## भारतीय राजदूत क्वात्रा से हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने ऊर्जा, रक्षा और व्यापार जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रभावशाली अमेरिकी सांसदों के एक समूह के साथ 'उपयोगी बातचीत' की। क्वात्रा ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम, रिचर्ड ब्लूमेंथल, शेल्डन व्हाइटहाउस, पीटर वेल्च, डैन सुलिवन और मार्कवेन मलिन की मेजबानी करने का मौका मिला।

ये सभी सांसद वाशिंगटन स्थित 'इंडिया हाउस' में पहुंचे थे, जो भारत के राजदूत का आधिकारिक आवास है। क्वात्रा ने भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के लिए उनके समर्थन पर आभार व्यक्त किया। क्वात्रा ने लिखा, 'ऊर्जा और रक्षा सहयोग से लेकर व्यापार तथा महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों तक भारत-अमेरिका साझेदारी पर उपयोगी बातचीत हुई। भारत-अमेरिका संबंध को और मजबूत बनाने के उनके समर्थन के लिए आभारी हूं।' इससे पहले, सोमवार को भारतीय राजदूत ने 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' के चेयरमैन जनरल डैन कायने से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, हमारी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और आपसी रुचि के क्षेत्रीय मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।


सांसदों की सामूहिक तस्वीर

# वैभव ने 14 की उम्र में ठोका तीसरा टी20 शतक, बने दुनिया के पहले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में महाराष्ट्र के खिलाफ मुकाबले में शतक ठोका। इस खिलाड़ी ने 58 गेंद में करियर का तीसरा टी20 शतक पूरा किया। सूर्यवंशी 61 गेंद में सात छक्कों व इतने ही चौकों से 108 रन बनाकर नाबाद रहे। सूर्यवंशी इस शतक के साथ दुनिया के पहले टीनएैजर (किशोर) बन गए, जिन्होंने 14 की उम्र में तीन टी20 शतक लगा दिए। उन्होंने अभी केवल 17 ही टी20 मैच खेले हैं।

वैभव ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक लगाया। इस फॉर्मेट मे बिहार के लिए यह उनका पांचवां ही मैच था। उनकी पारी से बिहार ने कोलकाता में खेले गए मुकाबले में पृथ्वी शॉ की कप्तानी वाली महाराष्ट्र टीम के सामने तीन विकेट पर 176 का स्कोर बनाया। वैभव ने इससे पहले आईपीएल 2025 में शतक लगाकर कमाल किया था। फिर एशिया कप राइजिंग स्टार्स में यूएई के खिलाफ भी शतक बनाया था।

सूर्यवंशी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के खिलाफ 58 गेंद में मारी सेंचुरी



### वैभव का सबसे धीमा टी20 शतक

वैभव की यह सबसे धीमी सेंचुरी रही। उन्होंने एशिया कप राइजिंग स्टार्स में यूएई के खिलाफ 32 गेंद में ही सैकड़ा पूरा कर लिया। यह संयुक्त रूप से भारतीय बल्लेबाजों में तीसरा सबसे तेज शतक रहा।वैभव ने इससे पहले आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 35 गेंद में शतक पूरा किया था।

### पहली बार त्रिपुरा से हारा दिल्ली

**अहमदाबाद।** दिल्ली का मौजूदा घरेलू सत्र में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप डी मैच में आईपीएल खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद उसे त्रिपुरा की कमजोर मानी जाने वाली टीम के खिलाफ पहली बार 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। त्रिपुरा के 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली के बल्लेबाजों ने धीमी पिच पर निराश किया और मणिशंकर मूरासिंह (19 रन पर दो विकेट) तथा विक्की साहा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 145 रन ही बना सके। मूरासिंह ने इससे पहले 18 गेंद में नाबाद 25 रन की पारी भी खेली, जिससे त्रिपुरा ने पांच विकेट पर 157 रन बनाए। दिल्ली की टीम में शामिल नितीश राणा (40 गेंद में 45 रन), आयुष बडोनी (13 गेंद में 14 रन) और प्रियांश (10 गेंद में आठ रन) जैसे आईपीएल खिलाड़ी भी टीम को जीत नहीं दिला पाए।



### पंड्या ने ढाई महीने बाद आते ही लूटी महफिल, बनाए 77 रन

**हैदराबाद।** हार्दिक पंड्या ने दो महीने बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए नाबाद 77 रन बनाए, जिसकी मदद से बड़ौदा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप सी के मैच में पंजाब को सात विकेट से हराया। पंड्या ने 42 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से यह पारी खेली। पंजाब ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 222 रन बनाए थे, जिसमें अभिषेक शर्मा के 19 गेंद में 50 रन शामिल है। पंड्या की पारी के दम पर बड़ौदा ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 224 रन बनाए। उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी करके 52 रन दिए और एक विकेट भी लिया।

## खबर संक्षेप



### 7 दिसंबर से एशियाई पैरा खेल, दल को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने दुबई में 7 से 14 दिसंबर तक होने वाले एशियाई युवा पैरा खेलों के लिए 161 सदस्यीय भारतीय दल को मंजूरी दे दी लेकिन अतीत में विदेश में कुछ अधिकारियों और खिलाड़ियों के गायब होने की घटनाओं को देखते हुए सभी की पृष्ठभूमि की जांच भी अनिवार्य कर दी है। सूची में 99 खिलाड़ियों (61 पुरुष और 38 महिलाओं) , 62 कोचों, सहयोगी स्टाफ और दल के अधिकारियों के नाम है । मंत्रालय ने दल के लौटने के 30 दिन के भीतर प्रदर्शन पर भी विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिसमें एक्शन फोटो और अन्य विजुअल शामिल हैं। भारतीय पैरालम्पिक समिति (पीसीआई) को भेजे पत्र में कहा गया,'अतीत में विदेश में कुछ अधिकारियों और खिलाड़ियों के गायब होने की घटनाओं के कारण मंत्रालय का मानना है कि दल के सदस्यों और अधिकारियों की पृष्ठभूमि की भारतीय खेल प्राधिकरण या राष्ट्रीय खेल महासंघों की ओर से पूरी जांच कराई जाए।'

### दिल्ली हाईकोर्ट ने की बजरंग विनेश की याचिका खारिज




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के दिसंबर 2023 में हुए चुनाव को चुनौती देने वाली बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और सत्यव्रत कादियान की याचिका खारिज कर दी क्योंकि अलग अलग तारीखों पर भी वे अदालत के समक्ष पेश नहीं हुए। इन तीनों ओलंपियनों की उम्मीदवार अनिता श्योराण को हराकर संजय सिंह उस समय अध्यक्ष बने थे। न्यायाधीश मिनी पुष्करना ने 27 नवंबर को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सुनवाई के दौरान एक भी याचिकाकर्ता मौजूद नहीं था और पिछली दो सुनवाई में भी वे नहीं आए। अदालत ने अपने फैसले में कहा,'लगता है कि इस मामले को आगे ले जाने में याचिकाकर्ताओं की कोई रुचि नहीं है।' पहलवानों ने आरोप लगाया था कि डब्ल्यूएफआई चुनाव अच्छे और पारदर्शी माहौल में नहीं हुए थे।

### फ्रांस क्वार्टर फाइनल में, बांग्लादेश को हराया



**चेन्नई।** पिछले सत्र के रजत पदक विजेता फ्रांस ने बांग्लादेश को 3-2 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ ही फ्रांस की टीम पूल 'एफ' में अधिकतम नौ अंक लेकर शीर्ष पर रही। फ्रांस ने इससे पहले कोरिया को 11-1 और ऑस्ट्रेलिया को 8-3 से हराया था। टूर्नामेंट के अपने शुरुआती दो मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले फ्रांस ने बांग्लादेश के खिलाफ भी मैच के अधिकांश समय अपना नियंत्रण बनाए रखा।

रायपुर वनडे : आज दोपहर 1.30 बजे से दो दिग्गज टीमों के बीच कांटे का मुकाबला

# द. अफ्रीका पर श्रृंखला जीत के लिए रो–को पर टिकी भारत की उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ड्रेसिंग रूम के माहौल को लेकर अफवाहों के बीच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को दूसरा वनडे और श्रृंखला जीतने के लिए भारत की उम्मीदें विराट कोहली के शानदार फॉर्म और रोहित शर्मा की दमदार मौजूदगी पर लगी होंगी। कोहली के 52वें वनडे शतक और रोहित की 57 रन की आक्रामक पारी के दम पर भारत ने रांची में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया। वनडे विश्व कप 2027 में अभी दो साल है और ऐसे में कोहली और रोहित के लिए हर मैच अपनी फिटनेस और फॉर्म को साबित करने का जरिया है। मुख्य कोच गौतम गंभीर से लगातार बढ़ते मतभेदों का मसला भी अहम है। इसे लेकर लग रही अटकलों के बीच लगता है कि बीसीसीआई को कहीं न कहीं दखल देना होगा।



### रोहित-कोहली ने किया विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता

पिछले दो वनडे में भारत की जीत के सूत्रधार रहे रोहित और कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता कर दिया है। रोहित के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अक्टूबर में आस्ट्रेलिया को सिडनी वनडे में नौ विकेट से हराया था। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर और गंभीर ने विश्व कप में दोनों की भागीदारी को लेकर कुछ नहीं कहा है, जो शायद तनाव की वजह हो सकता है । पहला मैच जीतने के बावजूद भारत की चिंता कम नहीं हुई है। लिस्ट ए क्रिकेट में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले रुतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर भेजा गया लेकिन वह इसके लिये तैयार नहीं दिखे। कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल छठे नंबर पर उतरे। वॉशिंगटन सुंदर को बल्लेबाजी क्रम में प्रयोगों की आदत हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट में तीसरे नंबर पर उतरने के बाद उन्हें पहले वनडे में पांचवें नंबर पर भेजा गया लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल सके। गेंदबाजी में उन्होंने तीन ही ओवर डाले और 18 रन दिए।

### रायपुर वनडे में बावुमा और महाराज की वापसी

मार्को यानसेन ने 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 39 गेंद में 70 रन बनाये ।मैथ्यू ब्रीज्के ने भारत के खिलाफ पहला वनडे खेलते हुए 72 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने पहला वनडे कप्तान तेम्बा बावुमा और स्पिनर केशव महाराज के बिना खेला, जिन्हें आराम दिया गया था। अब दोनों की वापसी से टीम को मजबूती मिलेगी। शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम पर एकमात्र वनडे जनवरी 2023 में खेला गया था जब पिच से मिलने वाली सीम की मदद से मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ने न्यूजीलैंड टीम को 108 रन पर आउट कर दिया था। भारत ने 30 ओवर बाकी रहते आठ विकेट से जीत दर्ज की थी। यहां दिसंबर 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच में भी भारत ने 20 रन से जीत दर्ज की थी।

#### संभावित टीमें

**भारत** : केएल राहुल (कप्तान), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका** : तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मारक्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, मार्को यानसन, टोनी डी जॉर्जी , रुबिन हरमन, ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्जके, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

आईपीएल 2026

## नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल, नाम लिया वापस



एजेंसी ▶▶| सिडनी

आईपीएल में एक दशक के कैरियर में कुछ खास नहीं कर सके ग्लेन मैक्सवेल ने अबुधाबी में 16 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी से नाम वापिस ले लिया। 'बिग शो' के नाम से मशहूर 37 वर्ष के मैक्सवेल ने 2012 से हर आईपीएल (2019 को छोड़कर) खेला है। वह 141 मैचों में 2819 रन ही बना सके और उनका औसत 24 से भी कम रहा। उन्होंने अपनी आफ ब्रेक गेंदबाजी से 8.30 की इकॉनामी रेट से 41 विकेट लिए।

■ आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के तौर पर निखारा

### भारत की ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी : मैक्सवेल

मैक्सवेल ने इंस्टाग्राम पर लिखा,'आईपीएल में कई यादगार सत्रों के बाद मैंने इस साल नीलामी से नाम वापिस लेने का फैसला किया है। यह बड़ा फैसला है और लीग से जो कुछ भी मिला है, उसके प्रति कृतज्ञता जताते हुए लिया है।' उन्होंने लिखा,'आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के तौर पर निखारा है। मैंने कई विश्व स्तरीय खिलाड़ियों और टीमों के साथ खेला और क्रिकेट के लिए असाधारण जुनून रखने वाले दर्शकों के सामने खेला है। ये यादें, चुनौतियां और भारत की ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी।' मैक्सवेल ने कोई कारण नहीं बताया लेकिन अधिकांश बड़ी टीमें उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए इंतजार से थक चुकी हैं। अक्सर महंगे दामों पर बिकने के बावजूद वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

क्रिकेट

## वनडे और टेस्ट क्रिकेट मेरे खेल के मुताबिक : तिलक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा को लंबे प्रारुपों में खेलना रास आता है



और वह विराट कोहली से फिटनेस और विकेटों के बीच दौड़ के बारे में सलाह ले रहे हैं ताकि आने वाले मौकों का पूरा फायदा उठा सकें।

तेइस वर्षीय इस खिलाड़ी ने अब तक सिर्फ चार वनडे खेले हैं जबकि उन्हें टेस्ट टीम में मौका मिलने का इंतजार है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वनडे श्रृंखला में टीम में कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों की मौजूदगी से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। तिलक ने कहा, ' वनडे और टेस्ट क्रिकेट मेरे खेल के मुताबिक है और मैं इसका अधिक लुत्फ उठाता हूं। मैं और वनडे खेलने के लिए उत्साहित हूं। जब रोहित भाई और विराट भाई एक ही टीम में होते हैं, तो आत्मविश्वास का स्तर बिल्कुल अलग होता है।' उन्होंने रोहित और कोहली की तारीफ करते हुए कहा, 'उनके पास अपार अनुभव और ज्ञान है। मैं बेहतर होने के लिए उनसे ज्यादा से ज्यादा सलाह लेने की कोशिश करता हू।' तिलक ने कहा, 'मैं विराट भाई से काफी बात करता हूं, खासकर फिटनेस और विकेटों के बीच दौड़ के बारे में उनकी सलाह लेता हूं। मुझे भी दौड़ना पसंद है और मुझे लगता है कि इस मामले में मैं काफी तेज हूं।'

### यानसन बेहतरीन ऑलराउंडर : कैलिस

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर जाक कैलिस ने कहा कि मार्को यानसन ने हाल के महीनों में अपनी बल्लेबाजी में जो सुधार किया है, वह उन्हें आधुनिक क्रिकेट के शीर्ष हरफनमौला खिलाड़ियों में जगह बनाने में मददगार होगा। यानसन ने भारत दौरे पर आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर अपनी साख को मजबूत करते हुए गुवाहाटी में टेस्ट और फिर रविवार को रांची में पहले वनडे में तेजी से अर्धशतक बनाए। कैलिस ने कहा, 'उसका साल शानदार रहा है, है ना? उसमें हमेशा से क्षमता थी। बस उसे अपने खेल को समझने की जरूरत थी। जाहिर है अब वह इसे समझ गया है और अच्छा संतुलन बना रहा है'। कैलिस ने कहा, ' यानसन की गेंदबाजी हमेशा शानदार रही है। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने बल्ले से अपनी प्रतिभा का पूरा इस्तेमाल नहीं किया था लेकिन अब उन्होंने निश्चित रूप से इसमें सुधार किया है। वह अब एक बेहतरीन हरफनमौला हैं। मुझे लगता है कि वह एसए20 में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे।''




### आयरलैंड को 8 विकेट से हारकर बांग्लादेश ने जीती 2-1 से सीरीज

**चटगांव।** बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। मेजबान टीम ने मतिउर रहमान स्टेडियम में खेले गए सीरीज के अंतिम मुकाबले में 8 विकेट से जीत दर्ज की। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन तमीम को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिन्होंने 7 बाउंड्री के साथ 55 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, मेहदी हसन को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। चटगांव में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए आयरलैंड की टीम 19.5 ओवरों में महज 117 रन पर सिमट गई। इस टीम को कप्तान पॉल स्टर्लिंग और टिम टेक्टर की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 4 ओवरों में 38 रन टीम के खाते में जोड़े। टिम टेक्टर 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनके आउट होने के बाद विकेटों का पतझड़ लग गया।

न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज पहला टेस्ट

## विलियमसन की वापसी, लगाया अर्धशतक ब्रेसवेल-स्मिथ की शानदार साझेदारी

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

केन विलियमसन ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए अर्धशतक जड़ा, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन 9 विकेट पर 231 रन बनाए। विलियमसन ने 102 गेंद में छह चौकों की मदद से 52 रन की पारी खेली।

उन्होंने सलामी बल्लेबाज और कप्तान टॉम लैथम (24) के साथ दूसरे विकेट के लिए उस समय 93 रन की साझेदारी की जब टीम ने मैच की तीसरी गेंद पर ही डेवोन कॉनवे (00) का विकेट गंवा दिया था। विलियमसन




हालांकि 33 गेंद के निजी स्कोर पर भाग्यशाली भी रहे जब वह ओजाय शील्ड्स की गेंद पर बोल्ड हो गए थे लेकिन यह नोबॉल हो गई।


एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर उस्मान ख्वाजा बाहर

## इंग्लैंड ने ब्रिसबेन टेस्ट के लिए वुड की जगह जैक्स को दिया मौका

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह स्पिन गेंदबाजी करने वाले विल जैक्स के रूप में एकमात्र बदलाव किया गया है। हरफनमौला विल जैक्स को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से ब्रिसबेन में शुरू हो रहे दिन-रात्रि मैच के लिए एकादश में शामिल किया गया है। जैक्स को पिछले दो साल से टीम के नियमित स्पिनर रहे शोएब बशीर पर तरजीह दी गई है।

जैक्स ने तीन साल पहले पाकिस्तान में दो टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने उसके बाद से ज्यादातर सीमित ओवरों के मैच खेले हैं।






दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम: जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी बुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

### टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पहली पसंद बशीर

वुड के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड ने जोश टंग और मैथ्यू पॉट्स जैसे तेज गेंदबाजों पर एक स्पिन गेंदबाजी करने वाले को प्राथमिकता दी है। बशीर पिछले दो वर्षों में टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पहली पसंद के स्पिनर रहे हैं। उन्होंने 19 मैचों में 68 विकेट लिए हैं। 22 वर्षीय बशीर पहले टेस्ट में टीम के 12वें खिलाड़ी थे। इंग्लैंड इस टेस्ट मैच को दो दिन के अंदर हार गया था। इस बीच एशेज से जुड़ी एक अन्य खबर में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पीठ की चोट के कारण ब्रिसबेन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इस चोट ने पहले मैच में भी उन्हें परेशान किया था।




## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री को गढ़कुंडार महोत्सव में शामिल होने का दिया आमंत्रण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विधायक निवाड़ी अनिल जैन के नेतृत्व में निवाड़ी जिले के समाज सेवियों और जनप्रतिनिधियों ने भेंट कर 27 से 29 दिसंबर के मध्य हो रहे ऐतिहासिक गढ़कुंडार महोत्सव में आने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से खंगार क्षत्रिय समाज सेवा विकास संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार, नन्ना जी और अन्य पदाधिकारियों ने गढ़कुंडार महोत्सव में आने का आग्रह किया। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि संस्कृति और पर्यटन संचालनालय की ओर से महोत्सव में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री का पुष्पहारों से स्वागत किया गया।

### शाहपुरा बी-सेक्टर में 25 लाख से बनेंगी सड़कें

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने मंगलवार को शाहपुरा बी-सेक्टर में 25 लाख रुपए से बनने वाली सीसी सड़कों के सीमेंट क्रांकीटीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर महापौर राय ने कहा कि हम लगातार शहर के विकास एवं जनसुविधा संबंधी कार्य करा रहे है। भूमिपूजन में जोन अध्यक्ष स्नेहलता रघुवंशी सहित सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

### नेशनल लोक अदालत 13 को, होंगे समझौते

**भोपाल।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 13 दिसंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, पांच किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही छूट दी जाएगी।

### सीईओ मप्र ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# मध्य प्रदेश में एसआईआर का काम लगभग पूरा होने वाला है, 10 जिलों में 100 फीसदी कार्य पूर्ण

### प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्य के बारे में कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सीईओ मप्र झा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) मप्र संजीव कुमार झा ने मंगलवार को निर्वाचन सदन भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से एसआईआर को लेकर बढ़ाई गई समय सीमा और प्रगति के बारे में जानकारी दी। साथ ही प्रदेश की उपलब्धि पर राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने कहा कि राजनीतिक दलों की ओर से बताई हुई समस्याओं के समाधान व सुझावों के क्रियान्वयन से प्रदेश में एसआईआर का कार्य लगभग पूरा होने को है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 5 करोड़ 46 लाख से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। 10 जिलों ने 100 फीसदी काम पूरा कर लिया है। साथ ही 10 अन्य जिलों ने 99% से अधिक कार्य पूर्ण कर लिया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कि 230 विधानसभाओं में से 58 में शत प्रतिशत, 146 में 90% से अधिक, 12 में 80 से 90% तथा 14 में 80% से कम कार्य हुआ है। साथ ही प्रदेश के 65 हजार 14 मतदान केंद्रों में से 40 हजार 8 सौ 30 पर100%, 16 हजार 178 पर 90% से अधिक, 3655 पर 80 से90% तक काम पूरा हो चुका है। बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सुझाव प्राप्त किए। साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

बैठक में आम आदमी पार्टी से श्रीमती रीना सक्सेना, सज्जन सिंह परमार, सीपी सिंह, बहुजन समाज पार्टी से पूर्णेन्द्र अहिरवार, भारतीय जनता पार्टी से भगवान दास सबनानी, रजनीश अग्रवाल, एसएस उप्पल और कांग्रेस पार्टी से जेपी धनोपिया उपस्थित रहे।

### जल्द पूरा करें शत-प्रतिशत मैपिंग और डिजिटाइजेशन का कार्य

▸ मुख्य निर्वाचन पदधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर की एसआईआर की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने मंगलवार को प्रदेश के सभी 55 जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। इस दौरान उन्होंने एसआईआर कार्य की समीक्षा की और उत्कृष्ट कार्य के लिए सभी को बधाई दी। इसके साथ ही जल्द से जल्द शत प्रतिशत मैपिंग और डिजिटाइजेशन कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो, यह सुनिश्चित करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने कहा कि एसआईआर के बारे में मतदाताओं को जागरूक करें। बीएलए और वालेंटियर्श का सहयोग लें। गणना पत्रकों को जल्द से जल्द संग्रहित करें। नो मैपिंग और असंकलित गणना पत्रक को कम करने का पूरा प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छूटना चाहिए। बैठक के दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र राम प्रताप सिंह जादौन, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती सुरभि तिवारी, राजेश यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### हरित ऊर्जा कॉन्क्लेव 2025 : नए प्रोत्साहनों से उद्योगों को मिलेगा बड़ा मौका

# निवेशकों को हर संभव सहयोग देने के लिए मप्र तैयारः रणजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश निवेशकों को हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है। शासन द्वारा लाई गई नई नीतियां इस सेक्टर में व्यापक प्रोत्साहन प्रदान करेगी और हरित ऊर्जा के विस्तार में मील का पत्थर सिद्ध होंगी। यह बात राजधानी भोपाल में आयोजित हरित ऊर्जा कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए मप्र ऊर्जा विभाग के वित्तीय सलाहकार रणजीत सिंह चौहान ने कही। चौहान ने कहा कि राज्य गैर-पारंपरिक एवं हरित ऊर्जा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश को आकर्षित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस महत्वपूर्ण कॉन्क्लेव में मप्र शासन के वरिष्ठ अधिकारी, इंडस्ट्री विभाग, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख स्टेकहोल्डर्स ने सक्रिय भागीदारी की। विभिन्न विशेषज्ञ वक्ताओं ने तेजी से बदलते ऊर्जा परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में हरित एवं नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यंत जरूरी है। कॉन्क्लेव का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि मध्य प्रदेश हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में स्थान बनाने हेतु उद्योग, विशेषज्ञ एवं शासन के बीच समन्वय को और मजबूत करेगा।




### सौर, पवन, बायो-एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन प्रोत्साहन पर जोर

कॉन्क्लेव वक्ताओं ने राज्य सरकार द्वारा जारी नीतियों विशेषकर गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर, पवन, बायो-एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन आदि से संबंधित प्रोत्साहन का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी बताया कि उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए नीति-आधारित सपोर्ट, तेज प्रक्रिया और अनुकूल पर्यावरण तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम के मॉडरेटर अतुल ठाकुर एवं अन्य वक्ताओं ने भी हरित ऊर्जा को भविष्य का आधार बताते हुए राज्य के प्रयासों और उद्योग जगत के अवसरों पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

### आज से वितरण हो सकता है शुरू

# नगर निगम में कागज खत्म, जन्म-मृत्यु शाखा में प्रमाण-पत्र नहीं हुए जारी

**भोपाल।** करोड़ों रुपए के बजट वाले नगर निगम के पास कागज ही खत्म हो गए हैं। इसके कारण मंगलवार को जन्म-मृत्यु शाखा में प्रमाण-पत्रों का वितरण नहीं हो सका। प्रमाण-पत्रों के लिए उपयोग होने वाले विशेष लाल और सफेद रंग के कागज समाप्त हो जाने के कारण विभाग में पूरे दिन कोई भी जन्म या मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी नहीं हुआ। शाखा के रजिस्ट्रार सत्यप्रकाश बढ़गइया ने बताया कि हाल ही में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के चलते जन्म प्रमाण पत्रों की मांग में भारी बढ़ोतरी हुई है। पिछले कुछ दिनों में बड़ी संख्या में आए आवेदनों के कारण स्टाक समाप्त हो गया। देर शाम स्टोर से कागज जारी करने की अनुमति मिल गई है। बुधवार से प्रमाण पत्रों की जारी प्रक्रिया दोबारा शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कमलनाथ के बंगले पर कांग्रेस विधायकों का डिनर



**भोपाल।** विधानसभा सत्र के बीच मंगलवार रात में विधायकों को कमलनाथ ने डिनर पर आमंत्रित किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता, प्रतिपक्ष उमंग सिंगार सहित कांग्रेस विधायक मौजूद रहे। कमलनाथ ने विधानसभा सत्र और तैयारी को लेकर विधायकों से चर्चा की। पिछले दो दिनों से कमलनाथ भी खुद विधानसभा में सक्रिय रहे हैं।

### रूपेश दुबे पहुंचे क्राइम ब्रांच परिहार को मिला मिसरोद

# राजधानी भोपाल में चार प्रभारियों के हुए तबादले

**भोपाल।** राजधानी में चार थाना प्रभारी के तबादाले किए गए हैं। इनमें से खास इंस्पेक्टर रूपेश दुबे जो फिलहाल रिजर्व में पदस्थ थे। उन्हें मुख्य धारा में जगह मिल गई है। अब रूपेश दुबे थाना प्रभारी अपराध शाखा की जिम्मेदारी संभालेंगे। रूपेश दुबे सेल्फ सुसाइड के मामले में सुर्खियों में आए थे। पत्नी के साथ विवाद के मामले में खुद को गोली मारी थी। जिसके बाद उन्हें रिजर्व में पदस्थ कर दिया गया था। पिछले दिनों मिसरोद थाना प्रभारी को हटा दिया था। क्योंकि हाईवे में जाम लग गया था और पुलिस ने पीड़ित परिवार पर लाठी चार्ज किया था। इस मामले मुख्यमंत्री तत्काल निर्देश दिए। पुलिस कमिश्नर ने तत्काल हटा दिया था। यहां पर रतन सिंह परिहार की पदस्थापना की गई है। दो और रिजर्व में पदस्थ कार्यवाहक निरीक्षक सुरेश मीणा और कृष्ण देव कुशवाहा को भी नई जिम्मेदारी मिली है। सुरेश मीणा को थाना अवधपुरी का थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा कृष्ण देव सिंह कुशवाहा को रिजर्व से थाना प्रभारी ट्रैफिक की जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में पुलिस उपयुक्त मुख्यालय श्रद्धा तिवारी ने आदेश जारी कर दिया है।

### माघ मेला-2026 के दौरान इटारसी-प्रयागराज छिवकी ट्रेन का चुनार तक विस्तार

**भोपाल।** माघ मेला-2026 के अवसर पर यात्रियों की अत्याधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा इटारसी-प्रयागराज छिवकी के बीच संचालित ट्रेन को जनवरी 2026 से 17 फरवरी के बीच दोनों दिशाओं में 47-47 ट्रिप चुनार जंक्शन तक अस्थाई रूप से विस्तारित किए जाने का निर्णय लिया गया है। 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस इटारसी से 17.15 बजे प्रस्थान कर मध्यवर्ती स्टेशनों पर ठहराव कर अगले दिन सुबह 06.50 बजे मानिकपुर, 09.55 बजे प्रयागराज छिवकी, मेजा रोड 11.10 बजे, मांडा रोड 11.30 बजे, विंध्यांचल 11.58 बजे, मिर्जापुर 12.13 बजे आगमन कर 13.30 बजे चुनार पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में 11274 चुनार-इटारसी एक्सप्रेस 16.30 बजे चुनार से प्रस्थान कर मिर्जापुर 16.55 बजे, अगले दिन सुबह 11.30 बजे इटारसी स्टेशन पहुंचेगी।

## स्थानीय खेल समाचार

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025

# आरएनटीयू की शूटिंग टीम ने चार पदक जीतकर राजस्थान में परचम लहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मेडल के साथ विजेता प्रतिभागी।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की शूटिंग टीम ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीतकर विश्वविद्यालय तथा मध्य प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन किया। राजस्थान में 24 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार उत्कृष्ट निशानेबाजी का परिचय दिया।

राजस्थान में आयोजित इस टूर्नामेंट में वुमंस स्किट मिक्स्ड टीम में आरएनटीयू की मानसी रघुवंशी, वंशिका तिवारी और मोहिका सिसोदिया ने गोल्ड मेडल जीता। स्किट मिक्स्ड टीम में ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया और वंशिका तिवारी की जोड़ी ने सिल्वर मेडल वहीं मानसी रघुवंशी और दुश्यंत विजय भारद्वाज ने ब्रांज मेडल पर निशाना लगाया। मेन्स स्किट मिक्स्ड टीम में ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया, दुश्यंत विजय भारद्वाज और अमन चौहान ने भी ब्रॉन्ज मेडल जीता।

प्रतियोगिता के दौरान टीम के खिलाड़ियों के मनोबल और रणनीति का नेतृत्व स्पोर्ट्स ऑफिसर श्री सतीश अहिरवार द्वारा किया गया, जबकि शूटिंग टीम के कोच इंदरजीत सिंह सिकदर के मार्गदर्शन ने इस उपलब्धि में निर्णायक भूमिका निभाई।

शूटिंग टीम की इस ऐतिहासिक सफलता पर कुलाधिपति संतोष चौबे, प्रो-चांसलर डॉ. अदिती चतुर्वेदी वत्स, कुलपति डॉ. रवि प्रकाश दुबे, प्रति-कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी एवं जिला खेल अधिकारी रायसेन जलज चतुर्वेदी ने टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### प्रारब्ध कप्तान और उप कप्तान तनिष्क बने

# परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी के लिए अंडर 22 बॉयज बीडीसीए की टीम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी (चार दिवसीय मैचों) के लिए के लिए भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव शांति कुमार जैन ने पहले मैच के लिए अंडर -22 बॉयज टीम की घोषणा की। टीम के कप्तान-प्रारब्ध मिश्रा और उप कप्तान- तनिष्क यादव को बनाया गया है।

टीम के कोच अनुपम गुप्ता और मैनेजर कुलदीप सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीडीसीए अंडर-22 बॉयज टीम में प्रारब्ध मिश्रा (कप्तान) तनिष्क यादव (उपकप्तान) विकास शर्मा (विकेटकीपर) मीत त्रिपाठी, प्रियांशु कुमार प्राण, ओजस्व यादव, आयुष अवस्थी (विकेटकीपर), शिवांश चतुर्वेदी, अनिमेष सिंह, तन्मय पाण्डेय, मोहित भावनानी, नीरज सिंह ग्रोवर, पूशांक शर्मा, आदित्य सिंह, अदिब-उर-रहमान, किंशुक श्रीवास, प्रथम सिंह सेंगर, प्रथु चतुर्वेदी, मोहम्मद अफ्फान, अक्षत बाजपेयी, मानवेन्द्र सिंह शामिल हैं। ट्रॉफी में भोपाल का पहला मैच 3 दिसंबर को सागर से फ़ैथ मैदान पर खेला जाएगा। भोपाल के दो मैच जबलपुर एवं चंबल से 9 दिसंबर एवं 21 दिसंबर को भोपाल में ही खेले जाएंगे। भोपाल को शहडोल से अपना तीसरा मैच खेलने के लिए उज्जैन जाना होगा जो की मैच 15 दिसंबर को खेला जाएगा।



प्रारब्ध मिश्रा

### तीन महिला क्रिकेटरों को मिलेगा वित्तीय सुरक्षा और प्रशासनिक पदभार ग्रहण करने का अवसर

# महिला क्रिकेट विश्व कप चैंपियन टीम की प्रतीका रावल स्नेह राणा और रेणुका को रेलवे ने किया पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय रेलवे ने तीन प्रतिष्ठित महिला क्रिकेटरों - प्रतीका रावल, स्नेह राणा और रेणुका सिंह ठाकुर को भारत के 2025 आईसीसी महिला विश्व कप विजयी अभियान में उनके असाधारण प्रदर्शन को मान्यता देते हुए, आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन के माध्यम से विशेष कार्य अधिकारी (खेल) के ग्रुप 'बी' अधिकारी-ग्रेड पद पर पदोन्नत किया है। ये तीनों खिलाड़ी सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल-8 के अंतर्गत ग्रुप 'बी' राजपत्रित अधिकारी के वेतन और लाभों की हकदार होंगी। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) की यह पहल न केवल तीनों महिला क्रिकेटरों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें प्रशासनिक जिम्मेदारिया भी सौंपेगी। इससे पहले नवंबर में, तीनों एथलीटों को केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन में सम्मानित किया गया था।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करती महिला क्रिकेटर प्रतीका रावल, स्नेह राणा और रेणुका सिंह ठाकुर।

### प्रतीका, रेणुका थीं लिपिक तो स्नेह थीं सीटीसी

*उत्तर रेलवे में वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत प्रतीका रावल को ओएसडी (खेल) के ग्रुप 'बी' राजपत्रित पद पर पदोन्नत किया है। दिल्ली की सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल ने भारत के विश्व कप-विजय अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वहीं उत्तर रेलवे में कनिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत रेणुका सिंह ठाकुर को अब ओएसडी (खेल) के ग्रुप 'बी' राजपत्रित पद पर पदोन्नत किया गया है। दाएं हाथ की मध्यम-तेज गेंदबाज, वह महत्वपूर्ण मैचों में महत्वपूर्ण स्पेल के साथ लगातार मैच-विजेता रही हैं। उत्तर रेलवे में कमर्शियल कम टिकट क्लर्क (सीसीटीसी) के पद पर कार्यरत स्नेह राणा को अब ओएसडी (खेल) के ग्रुप 'बी' राजपत्रित पद पर पदोन्नत किया गया है। उत्तराखंड की इस ऑलराउंडर खिलाड़ी ने बल्ले और गेंद दोनों से महत्वपूर्ण प्रदर्शन किया है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930